## विशेष गहन पुनरीक्षण 2025

# क्या आप बिहार के मतदाता हैं?

## क्या आप अस्थाई रूप से राज्य से बाहर हैं?

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

**अगर आपके पास अभी मोबाइल फोन है, तो आप गणना प्रपत्र तुरंत भर सकते हैं।**




**कृपया QR Code Scan करें।**

https://voters.eci.gov.in/

### ऑनलाइन गणना प्रपत्र आसानी से भरें।

1. "Fill Enumeration Form Online" बटन पर क्लिक करें।
2. मोबाइल नंबर या ईपिक के माध्यम से OTP का प्रयोग कर लॉगिन करें।
3. स्क्रीन पर दिखाई देने वाले फॉर्म में अपनी विवरणी जैसे नाम, जन्मतिथि एवं अन्य जानकारी भरें।
4. एक सादे सफेद कागज़ पर अपने हस्ताक्षर या बाएं हाथ के अंगूठे का निशान बनाएं एवं मोबाइल से उसकी स्पष्ट फोटो खींचकर अपलोड करें।
5. घोषणा (Declaration) पढ़ें और बॉक्स में टिक करें।
6. Preview में सभी जानकारी जांच लें, फिर "Submit Enumeration Form......." बटन पर क्लिक करें।
7. गणना प्रपत्र सफलतापूर्वक जमा होने की सूचना SMS के माध्यम से मिल जाएगी।
8. उसके बाद, अपनी फोटो और दस्तावेज़ जमा करने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करें।
9. आवश्यक दस्तावेजों की मोबाइल से फोटो लें और अपलोड करें।
10. आपकी फोटो और दस्तावेज़ भी सफलतापूर्वक जमा हो जाएंगे।

### ऑफलाइन माध्यम

अस्थायी रूप से स्थानांतरित (माइग्रेटेड) मौजूदा मतदाता वेबसाइट https://voters.eci.gov.in से पूर्व-भरा हुआ गणना प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

ऐसे मतदाता गणना प्रपत्र को प्रिंट कर हस्ताक्षरित कर सकते हैं और 25 जुलाई 2025 से पहले अपने बीएलओ तक, अपने पारिवारिक सदस्यों के माध्यम से या किसी भी ऑनलाइन माध्यम (जैसे व्हाट्सऐप आदि) द्वारा भेज सकते हैं, ताकि उनका नाम प्रारूप वोटर लिस्ट में सम्मिलित किया जा सके।

CBC 52101/13/0003/2526

- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करा देते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ERO) को आवेदन को प्रोसेस करने में आसानी रहेगी।
- यदि आप आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाते हैं तो निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी(ERO) द्वारा स्थानीय जाँच या अन्य दस्तावेज के साक्ष्य के आधार पर निर्णय लिया जा सकेगा।
- 2003 की मतदाता सूची दिए गए लिंक https://voters.eci.gov.in/bh_2003_eroll पर उपलब्ध है।

अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करें


**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार**

https://ceoelection.bihar.gov.in | Follow us on BiharCEO CEOBihar Bihar_CEO | https://voters.eci.gov.in

पंजाब विधानसभा सत्र

# 'पंजाब स्टेट डेवलपमेंट टैक्स (संशोधन) बिल, 2025' व 'पंजाब विनियोग अधिनियम (रपील) बिल, 2025' सर्वसम्मति से पारित

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** पंजाब विधानसभा ने आज राज्य के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा द्वारा प्रस्तुत 'पंजाब स्टेट डेवलपमेंट टैक्स (संशोधन) बिल, 2025' और 'पंजाब विनियोग अधिनियम (रपील) बिल, 2025' को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। पंजाब राज्य विकास टैक्स (संशोधन) बिल, 2025 का उद्देश्य पंजाब स्टेट डेवलपमेंट टैक्स एक्ट, 2018 को सुचारू बनाना और इसकी दक्षता को बढ़ाना है, जिसके तहत प्रत्येक आयकरदाता द्वारा 200 रुपये प्रति माह कर अदा किया जाता है, जिससे वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 190.36 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व प्राप्त हुआ।

वित्त मंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि विभिन्न संस्थाओं और संगठनों के प्रतिनिधियों ने पिछली कांग्रेस सरकार द्वारा पारित मौजूदा एक्ट में कुछ व्यवहारिक कठिनाइयों के बारे में उनसे संपर्क किया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ विचार-विमर्श के बाद संशोधित बिल में टैक्स ढांचे के विभिन्न पहलुओं को सरल बनाने और स्पष्ट करने के लिए कई मुख्य प्रावधान तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि करदाताओं के लिए एक एकमुश्त टैक्स भुगतान विकल्प जैसी महत्वपूर्ण सुविधा दी गई है, जिससे किसी भी व्यक्ति को मासिक 200 रुपये (वार्षिक 2400 रुपये) के बजाय एक बार में 2200 रुपये जमा करने की सुविधा होगी, जिससे इस कर के भुगतान की प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

इसके अतिरिक्त, एक बार के निपटारे की विधि को सुविधाजनक बनाने के लिए पीएसडीटी एक्ट में एक नई धारा 11ए जोड़ी गई है। विशेष परिस्थितियों से उत्पन्न जटिलताओं को हल करने के लिए, बिल में पीएसडीटी एक्ट के अंतर्गत नई धाराओं 11बी, 11सी और 11डी को शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया है। ये धाराएं किसी पंजीकृत व्यक्ति की मृत्यु, कंपनियों के परिसमापन या कॉर्पोरेट दिवालियापन के मामलों से जुड़े मामलों में टैक्स भुगतान देनदारियों को दर्शाएंगी।

इसके अलावा, अनावश्यक उलझनों को दूर करने के लिए बिल में दोहरी देनदारी की स्थितियों में केवल एक ही पंजीकरण का प्रावधान किया गया है। बिल व्यक्तिगत और एकमात्र स्वामित्व दोनों रूपों में अलग-अलग पंजीकरणों की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से समाप्त करता है। अंततः, एक महत्वपूर्ण संशोधन पंजाब स्टेट डेवलपमेंट टैक्स एक्ट, 2018 के अधीन देय अधिकतम जुर्माने को सीमित करने का है, जिसके तहत जुर्माने की राशि संबंधित टैक्स बकाया से अधिक नहीं होगी।

पंजाब विनियोग अधिनियम (रपील) बिल, 2025 पिछले कई वर्षों के दौरान राज्य की विधायी संरचना के तहत कई पुराने और समाप्ति अवधि पूरी कर चुके एप्रोप्रिएशन एक्ट्स (मनी बिल्स) को रद्द करने के लिए लाया गया है। यह देखा गया है कि पिछले कई वर्षों के दौरान लागू किए गए बहुत सारे विनियोग अधिनियम अपना वास्तविक महत्व खो चुके हैं, किंतु अभी भी विधायी पुस्तकों में दर्ज हैं। विनियोग अधिनियम, जिनकी शर्तें समाप्त हो चुकी हैं, को रद्द करने से किसी भी प्रकार से उन कार्यवाहियों पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ेगा जो इन अधिनियमों के अनुसार वैध रूप से की गई हैं या की जानी हैं, जब तक कि इस एक्ट द्वारा उक्त धाराओं को रद्द नहीं किया गया हो। यह, हालांकि, और मुख्य रूप से, विधायी पुस्तकों को साफ़ करने और पुराने कानून से जुड़े बोझ को कम करने के उद्देश्य की पूर्ति करेगा।

# पंजाब में वर्तमान समय में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं, सरकार ने हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध: गोयल

ध्यान आकर्षण प्रस्ताव के जवाब में जल स्रोत मंत्री ने विधानसभा में दी जानकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** पंजाब के जल स्रोत मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने सोमवार को विधानसभा में जानकारी दी कि पंजाब में जल भंडारों का स्तर स्थिर है और राज्य में वर्तमान समय में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर संभावित स्थिति से निपटने के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

विधायक राणा इंदर प्रताप सिंह द्वारा जल भंडारों (रिज़रवायरों) में पानी के स्तर के बढ़ने के कारण निचले क्षेत्रों में बाढ़ के खतरे को रोकने संबंधी प्रस्तुत किए गए ध्यान आकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए जल स्रोत मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि 10 जुलाई, 2025 तक प्रमुख जल भंडारों में पानी का स्तर सुरक्षित सीमाओं के भीतर रहा।

उन्होंने बताया कि भाखड़ा डैम में वर्तमान स्तर 1590.48 फीट है, जो 2023 की बाढ़ के दौरान 10 जुलाई, 2023 को 1614.89 फीट था। इसी तरह पोंग डैम में वर्तमान स्तर 1325.48 फीट है, जो 2023 की बाढ़ के दौरान 10 जुलाई, 2023 को 1350.63 फीट था। उन्होंने बताया कि रंजीत सागर डैम में वर्तमान स्तर 505.41 मीटर है, जो 2023 की बाढ़ के दौरान 10 जुलाई, 2023 को 520.2 मीटर था। जल स्रोत मंत्री ने बताया कि तीनों जल भंडार सुरक्षित ढंग से काम कर रहे हैं और खतरे के स्तर से काफी नीचे हैं।

उन्होंने बताया कि बाढ़ की तैयारी के लिए जल स्रोत विभाग ने किसी भी संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक उपाय सक्रिय रूप से लागू किए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार ने बाढ़ की रोकथाम के लिए 204.5 करोड़ रुपये के फंड अलॉट किए हैं। एस.डी.एम.एफ, मनरेगा और विभागीय फंडों के उपयोग से 599 प्रोजेक्ट शुरू किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि विभागीय मशीनरी के उपयोग से 4766 किलोमीटर से अधिक नालों, नदियों और चोओं की गाद साफ की गई है। उन्होंने बताया कि स्टेट डिज़ास्टर मिटिगेशन फंड (एस.डी.एम.एफ) के तहत बांधों की मज़बूती के लिए प्रोजेक्ट लिए गए हैं। ज़िलों में 8.76 लाख ई.सी. बैग (बोरियां) खरीदी गई हैं और 2.42 लाख बोरियां भरकर रखी गई हैं। इसके अलावा मिट्टी की स्थिरता को बढ़ाने के लिए 53,400 बांस के पौधे लगाने के साथ-साथ 1044 चेक डैम, 3957 सोक पिट और 294 किलोमीटर लंबे वेटिवर घास के पौधे पूरे किए गए हैं।

जल स्रोत मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि राज्य में कंट्रोल रूम सक्रिय हैं, इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमें तैयार हैं और संवेदनशील क्षेत्रों में दरियाओं और नालों की वास्तविक समय में निगरानी की जा रही है। उन्होंने दोहराया कि जल भंडारों का स्तर स्थिर है और महत्वपूर्ण सीमाओं से बहुत नीचे है। उन्होंने बताया कि सरकार ने बाढ़ के किसी भी खतरे का तेज़ी से और प्रभावशाली ढंग से जवाब देने के लिए ज़मीनी स्तर पर मज़बूत प्रणालियाँ स्थापित की हैं।

# शहर में कई प्रोजेक्ट्स पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की स्टे, लोग जांच पड़ताल के बाद खरीदें प्रॉपर्टी

गलत जगह प्रॉपर्टी लेने के बाद लोगों को सुविधाओं के लिए होना पड़ता है परेशान

प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड ने प्लेटिनम होम्स सोसायटी में रजिस्ट्रीयों व बिजली कनेक्शन पर लगाई रोक

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 14 जुलाई।** शहर में अवैध निर्माण धड़ल्ले से बनाए जा रहे है। जिसका नुकसान आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है क्योंकि बिल्डर व कलोनाइजर प्लॉट व फ्लैट बनाकर बेच देते हैं लेकिन जब खरीददारों को सुविधाएं नही मिलती तो उन्हें नुकसान झेलना पड़ता है आखिर में वह इस कदर फस जाते हैं के उनके पास अदालत में जाने के इलावा कोई चारा नही बचता है। लोगों की हो रही नजायज लूट से बचने के लिए लोगों को खुद अवेयर होना पड़ेगा। ऐसा ही एक नया मामला ओर सामने आया है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा ओल्ड कालका रोड पर स्थित प्लेटिनम होम्स नामक सोसायटी के प्रोजेक्ट की रजिस्ट्रीयों पर रोक लगा दी है, नए बिजली कनकेशन देने और निर्माण कार्य पर तुरंत प्रभाव से रोक लगा दी है। प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा लिखा गया है के इस प्रोजेक्ट में तुरंत किसी भी प्रकार के निर्माण कार्यो को रोका जाए और किसी भी नए व्यक्ति को यहां बसाने व रहने की इजाजत ना दी जाए। इसके इलावा प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा रेवनयु विभाग को लिखा गया है के इस प्रोजेक्ट के प्लॉट, घर, मकान, फ्लैट, दुकान, शो रूम की डीड दर्ज ना की जाए। इसके इलावा पॉवरकॉम विभाग को भी नए कनेक्शन ना देने के लिए हिदायत की गई है। ऐसा करने वालों के खिलाफ प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा एक्ट के अधीन कार्रवाई की जाएगी।

जीरकपुर शहर में दर्जनों ऐसे प्रोजेक्ट हैं जिन पर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड द्वारा नियमों का पालन करने के विरोध में उन पर स्टे लगा दिया गया है। लोगों को इसके प्रति सुचेत होना होगा और नगर परिषद व तहसील दफ्तर में पूरी जांच करने के बाद ही प्रॉपर्टी खरीदनी चाहिए। ऐसे ही पीरमुछल्ला क्षेत्र में भी पिंक सिटी नामक प्रोजेक्ट में 35 फ्लेटस को सील किया गया है हैरानी की बात है के सील किए फ्लैटस में एक परिवार भी रह रहा है। जिसे चिंता सता रही है के अब होगा क्या। इसलिए लोगों को प्रॉपर्टी खरीदते समय बहुत सारी बातो का ध्यान रखना चाहिए और प्रॉपर्टी की पूरी जानकारी लेने के बाद ही खरीदनी चाहिए। लोगों के परेशानी यह है के बिल्डर पहले तो बड़े बड़े वादे कर देते हैं लेकिन बाद में उन्हें पूरा नही किया जाता और सरकारी फीसें भी पूरी नही भरी जाती जिस कारण प्रोजेक्ट ना तो नगर परिषद के हैंडओवर होता है और ना ही कंपलिशन सर्टिफिकेट मिलता है। जिस कारण लोगों को सुविधाएं नही मिलती और लोगों को मेहनत की कमाई लगाने के बाद भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसा ही एक मामला ढकोली क्षेत्र में पड़ती ओपेरा गार्डन के लोगों के साथ भी हो रहा है। करोड़ो रूपये लगाकर उन्हें अब जब सुविधाएं नही मिल रही तो उन्हें सोसायटी के गेट पर कई दिन हड़ताल करनी पड़ी और अब मामला एडीसी मोहाली के पास चल रहा है। लोगों के पैसे कहीं गलत जगह ना फसें इसके लिए प्रॉपर्टी की जांच पड़ताल करने के बाद ही प्रॉपर्टी खरीदनी चाहिए।

# विधायक रंधावा ने जीरकपुर क्षेत्र में बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली बाढ़ जैसी स्थिति पर विधानसभा में चिंता व्यक्त की

## शहरवासियों को भयमुक्त वातावरण प्रदान करना मेरा प्राथमिक कर्तव्य: रंधावा

अर्थ प्रकाश/चौहान



**जीरकपुर, 14 जुलाई।** डेराबस्सी विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने आज विधानसभा में बोलते हुए ज़ीरकपुर क्षेत्र में बरसात के मौसम में उत्पन्न होने वाली बाढ़ जैसी स्थिति पर चिंता व्यक्त की। विधायक रंधावा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र के प्रति स्नेह व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात के मौसम में जब भी लगातार बारिश होती है, ज़ीरकपुर में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सुखना झील, पंचकूला और पहाड़ों से आने वाले बेहिसाब पानी के कारण नदियों और नालों का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे शहरवासियों में भय का माहौल बन जाता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल से आने वाला पंजाब का पहला शहर ज़ीरकपुर बरसात के पानी की चपेट में सबसे पहले आता है। दो साल पहले आई बाढ़ के कारण मुख्य सड़कों और कॉलोनियों के घरों में 3-4 फीट तक पानी भर जाने से लोगों को करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था। रंधावा ने कहा कि बेशक, भारी बारिश एक प्राकृतिक आपदा है, लेकिन इस आपदा में फंसे शहरवासियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना उनका प्राथमिक कर्तव्य है।संबंधित विभाग के मंत्री को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हालाँकि पिछली बाढ़ के दौरान सरकार ने क्षेत्र में पत्थर के तटबंध भी बनवाए थे, लेकिन इस बार फिर चंडीगढ़, सुखना, पंचकूला, हिमाचल प्रदेश से आने वाले भारी बारिश के पानी के कारण जीरकपुर क्षेत्र जलमग्न होने की कगार पर है। इसलिए इस ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, जिस पर संबंधित विभाग ने इस समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है।

# नशों के विरुद्ध युद्ध का 135वां दिन: 109 तस्कर गिरफ्तार 2.7 किलो हेरोइन और 7.18 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद

## पंजाब पुलिस ने 58 नशाग्रस्त व्यक्तियों को इलाज के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे राज्य को नशामुक्त बनाने के अभियान ÷युद्ध नशों विरुद्ध÷ के 135वें दिन पंजाब पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। इस विशेष अभियान के तहत राज्यभर में 109 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 2.7 किलो हेरोइन, 1.5 किलो अफीम, 42 किलो भुक्की और 7.18 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है।

इसके साथ ही अब तक पिछले 135 दिनों में कुल गिरफ्तार नशा तस्करों की संख्या 21,938 हो चुकी है। यह राज्यव्यापी कार्रवाई पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डी जी पी) गौरव यादव के निर्देशों पर सभी 28 पुलिस जिलों में एक साथ चलाई गई।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए ठोस कार्रवाई करें। इसके अतिरिक्त पंजाब सरकार ने इस अभियान की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है।

स्पेशल डीजीपी (कानून एवं व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि 88 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1300 से अधिक पुलिसकर्मियों की 180 से अधिक टीमों ने प्रदेशभर में 399 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 72 एफआईआर दर्ज की गई और पुलिस टीमों ने 429 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की।

स्पेशल डीजीपी ने यह भी बताया कि राज्य सरकार द्वारा नशे के उन्मूलन के लिए लागू की गई तीन-स्तरीय रणनीति – प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), पुनर्वास (डी एडिक्शन) और रोकथाम (प्रिवेंशन) – के तहत आज पंजाब पुलिस ने 58 नशे की लत से पीड़ित व्यक्तियों को नशा मुक्ति और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

# सेकेंडरी प्वाइंट्स पर कूड़ा रोकने वाले सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे: अरुण गिल

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 14 जुलाई।** नगर कौंसिल जगराओं में कूड़े की समस्या का कोई समाधान नहीं हो रहा है। इसके मुख्य कारण के बारे में सफाई सेवक यूनियन पंजाब के जिला अध्यक्ष अरुण गिल ने बताया कि सफाई कर्मचारियों को घरों से कूड़ा लाकर सेकेंडरी प्वाइंट्स पर इकट्ठा करना पड़ता है। सेकेंडरी प्वाइंट्स पर कूड़ा लाने के बाद कूड़े के पृथक्करण और रखरखाव की व्यवस्था की जानी चाहिए। 9 जुलाई 2025 को नगर कौंसिल जगराओं ने शहर में सफाई कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए पुराने बंद पड़े सेकेंडरी प्वाइंट्स को दोबारा चालू करने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन नगर कौंसिल जगराओं के कुछ पार्षद और शहर निवासी इन सेकेंडरी प्वाइंट्स पर कूड़ा डालने से रोक रहे हैं। जिससे सफाई कर्मचारियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सभी सफाई कर्मचारियों ने आज नगर कौंसिल जगराओं के कार्यकारी अधिकारी को इस बारे में अवगत कराया। उन्हें बताया गया कि पारित प्रस्ताव के अनुसार सेकेंडरी प्वाइंट्स को चालू किया जाए। यदि प्वाइंट चालू नहीं हुए तो कूड़े के कारण कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसके लिए नगर कौंसिल जगराओं के अधिकारी व सेकेंडरी प्वाइंटों से कूड़ा उठाने से रोकने वाले पार्षद और उस वार्ड का कूड़ा रोकने वाले लोग सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। सफाई यूनियन के अध्यक्ष व सभी सफाई कर्मचारियों ने पार्षदों से अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने वार्ड में कूड़े के भंडारण व पृथक्करण के लिए जगह का प्रबंध करें ताकि सफाई कार्य सुचारु रूप से चलाया जा सके। सचिव राजिंदर कुमार ने कहा कि जब तक सेकेंडरी प्वाइंटों पर कूड़े के भंडारण का समाधान नहीं होता, तब तक सफाई कर्मचारी घरों से कूड़ा नहीं उठाएंगे।

# 61वें राशन वितरण समारोह में 65 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 14 जुलाई।** युवा समाज सेवी संस्था कर भला हो भला सोसाइटी द्वारा आयोजित 61वें राशन वितरण समारोह में 65 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। अरोड़ा प्रॉपर्टी एडवाइजर लिंक रोड जगराओं में आयोजित समारोह के अवसर पर सोसाइटी के वाइस चेयरमैन राजिंदर जैन काका, अध्यक्ष मदन लाल ने कहा कि कर हो भला सोसाइटी का गठन मानवता की सेवा के लिए किया गया था और सोसाइटी के सभी सदस्य इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सोसाइटी द्वारा 61 महीने पहले शुरू किया गया जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन वितरित करने का कार्य निरंतर जारी है और आज 61वें मासिक राशन वितरण समारोह में 65 जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी दानदाताओं के सहयोग से अनेक समाज सेवी प्रकल्प चला रही है और शिक्षण संस्थाओं व अन्य संस्थाओं को भी उनकी जरूरत के अनुसार आवश्यक सामान उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर सोसाइटी के कैशियर नीरज कटारिया, कमल गुप्ता, विशाल शर्मा, साहिल गुप्ता, राहुल, नानेश गांधी, हैप्पी मान, सुनील बजाज, कंवल कक्कड़, शान भी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### धार्मिक ग्रंथों की...

मंत्रिमंडल ने 'पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट्स, एंड स्टॉकिस्ट्स एंड रिटेलर रूल्स-2025' को भी मंजूरी दे दी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि क्रशर यूनिट, सामग्री विक्रेता और खुदरा विक्रेता निर्धारित ढांचे के भीतर काम करें। ये नियम पंजाब रेगुलेशन ऑफ क्रशर यूनिट्स, एंड स्टॉकिस्ट्स एंड रिटेलर रूल्स-2025 के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो क्रशर यूनिटों द्वारा अवैध रूप से खनन की गई रेत और बजरी की खरीद को रोकने के लिए लागू किया गया था। नए नियम अधिनियम के प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह ढंग से लागू करने की सुविधा के लिए विस्तृत प्रक्रियाओं, निर्धारित फॉर्म, समय-सीमाओं, अधिकारियों और अनुपालन विधियों को परिभाषित करते हैं। इनका उद्देश्य कार्यप्रणाली में अस्पष्टता को खत्म करना, रॉयल्टी चोरी और अवैध खनिज व्यापार को रोकना, और पर्यावरण की दृष्टि से टिकाऊ और कानूनी रूप से अनुकूल व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा, इन नियमों से पूरे राज्य में पारदर्शिता बढ़ाने और अवैध खनन गतिविधियों को रोकने की उम्मीद है।

# पेट्रोल पंप पर मारपीट, तीन कर्मचारियों से 1.59 लाख रुपये लूटे, मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 14 जुलाई।** एयरोसिटी के पास स्थित वैदवान फिलिंग स्टेशन पर शनिवार शाम करीब 4ः30 बजे पेट्रोल डलवाने की मामूली बात को लेकर हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने पहले सेल्समैन से बहस की, फिर फोन कर 10-12 अन्य युवकों को मौके पर बुला लिया। इन सभी युवकों ने पंप पर तैनात तीन कर्मचारियों के साथ मारपीट की और उनके पास रखे कुल 1.59 लाख रुपये लूट लिए। पुलिस ने इस मामले में नामजद मोटरसाइकिल नंबरों के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।घायल हुए कर्मचारी अरविंद गोस्वामी (पुत्र लल्लू प्रसाद, निवासी उत्तर प्रदेश, वर्तमान में वैदवान पेट्रोल पंप, एयरोसिटी जीरकपुर में कार्यरत) ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह पिछले डेढ़ साल से यहां सेल्समैन की नौकरी कर रहा है। शनिवार शाम वह तेल भर रहा था, तभी उसके साथी दिनेश और एक मोटरसाइकिल सवार युवक के बीच बहस शुरू हो गई। युवक का आरोप था कि दिनेश ने उसकी मोटरसाइकिल से पहले एक रेहड़ी में तेल डाल दिया जबकि उसने पहले पेट्रोल डालने को कहा था।बहस के दौरान ही पेट्रोल पंप के मैनेजर जगरूप सिंह मौके पर पहुंचे और समझाने की कोशिश की, लेकिन मामला बिगड़ गया। उक्त युवक ने फोन कर 10-12 अन्य युवकों को बुला लिया। आरोप है कि ये सभी युवक आते ही दिनेश, अरविंद और अन्य कर्मचारियों से मारपीट करने लगे। जब अरविंद बीच-बचाव करने गया, तो एक युवक ने उसके चेहरे पर मुक्का मारा, जिससे उसकी बाईं आंख के ऊपर गंभीर चोट लगी। इसके बाद मारपीट करते हुए आरोपियों ने अरविंद की जेब से करीब 80 हजार रुपये, दिनेश से 45 हजार रुपये और एक अन्य कर्मचारी रघुनाथ से 34 हजार रुपये निकाल लिए।घटना के बाद सभी आरोपी मोटरसाइकिलों पर सवार होकर फरार हो गए। मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच में तीन मोटरसाइकिलों के नंबर सामने आए हैं।पुलिस को सूचना मिलते ही घायल अरविंद को मैनेजर जगरूप सिंह ने इलाज के लिए सिविल अस्पताल फेस-6 मोहाली में भर्ती कराया। फिलहाल जीरकपुर थाना पुलिस ने अरविंद के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर धारा 115(2), 126(2), 351(2), 118, 191 और 190 क्नहस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू कर दी है और मोटरसाइकिल नंबरों के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है।

# एंट्री करने को लेकर पांच युवकों ने सिक्योरिटी गार्ड पर किया हमला, घायल गार्ड अस्पताल में भर्ती

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जुलाई।** लोहगढ़ क्षेत्र में पड़ती सिग्मा सिटी 2 में बीती रात पांच युवकों ने सोसायटी के मुख्य गेट पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट की। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसके आधार पर सोसायटी निवासियों ने रात करीब साढ़े 9 बजे पुलिस हेल्पलाइन पर कॉल शिकायत दर्ज करवा दी थी। मारपीट के दौरान सिक्योरिटी गार्ड बुरी तरह घायल हो गया था। क्योंकि हमलवारों ने झगड़े के दौरान उसके सर में कोई नोकिली चीज मार दी थी। जिस कारण इलाज के दौरान घायल सिक्योरिटी गार्ड के सर में चार टांके आए हैं और फिलहाल है इलाज के अस्पताल में ही भर्ती है।

मामले के सबंध में जानकारी देते हुए सिक्योरिटी गार्ड प्रेम सिंह निवासी गांव नाभा ने बताया कि वह पिछले डेढ़ वर्षो से यहां बतौर सिक्योरिटी गार्ड काम कर रहा है। बीती दो करीब सवा 9 बजे दो युवक मोटरसाइकिल पर आए और मैंने एंट्री करने के लिए उन्हें रोकने कोशिश की तो वह बिना रुके सोसायटी में घुस गए। करीब10 मिनट बाद जब वापिस आए तो उसने पूछताछ करने के लिए गेट बंद कर लिया। इस दौरान दोनों युवक गुस्से से लाल हो गए और कॉल करके अपने तीन साथियों को बाहर से बुला लिया। जिन्होंने आते ही उनपर किसी नोकिली चीज से हमला कर दिया और पांचो के पांचो युवक उसके साथ मारपीट करने लग पड़े। इस दौरान उसके सर में से खून निकलने लग पड़ा और लोग इकठा होते देख सभी युवक मौके से फरार हो गए। इस दौरान सोसायटी के प्रधान जसपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और गार्ड को इलाज के ढकोली अस्पताल में भर्ती करवाया जहां सिक्योरिटी गार्ड के सर में चार टांके आए। सोसायटी प्रधान जसपाल सिंह ने बताया की सिक्योरिटी गार्ड अपनी डियूटी कर रहा था और उसके साथ जिन लोगों ने मारपीट की है वह गलत है इसके लिए हम सिक्योरिटी गार्ड के साथ है और पूछताछ के दौरान पता चला है के सभी हमलावर पास ही कहीं रहते हैं। जिनकी शिकायत पुलिस को कर दी गई है। मामले के सबंध में बात करते हुए जांच अधिकारी बलराज सिंह ने बताया की वह किसी केस में अदलात में गए हुए थे तो अभी वह फ्री होकर अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड का बयान दर्ज करने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी।




दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान


पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025 | श्रावण कृष्ण पक्ष: पंचमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 194 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना



**जम्मू, (अप्रस)।** जम्मू -कश्मीर में वार्षिक श्री अमरनाथ यात्रा के 6143 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था सोमवार को बम बम भोले के जयकारों के बीच भगवती नगर स्थित यात्री निवास से पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्री 235 वाहनों के बेड़े में जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह 6143 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। हल्के और भारी वाहनों सहित 235 वाहनों के बेड़े में 3928 तीर्थयात्री पहलगाम और 2215 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए इस वर्ष तीन जुलाई से शुरू हुयी 38 दिवसीय यह वार्षिक यात्रा 9 अगस्त तक चलेगी। अब तक लगभग दो लाख श्रद्धालु पवित्र गुफा के दर्शन कर चुके हैं।

### दिल्ली के तीन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली (अप्रस)।** दिल्ली के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने के धमकी मिली, हालांकि पुलिस जाँच में किसी भी तरह की संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूलों और चाणक्यपुरी स्थित एक स्कूल से बम की धमकी के बारे में सूचना मिली। उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और गहनता से जांच की। उन्होंने कहा कि फ़िलहाल कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि पुलिस आगे की जांच कर रही है और जिस ईमेल से धमकी मिली है उसके स्रोत का पता लगाने की कोशिश कर रही है।




पंजाब विस का स्पेशल सेशनः मुख्यमंत्री ने 'पंजाब धार्मिक ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक, 2025' किया पेश

# धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी पर होगी उम्रकैद

बेअदबी मामले में पहले होती थी तीन साल की सजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

## धार्मिक ग्रंथों में सिखों के श्री गुरु ग्रंथ साहिब के साथ हिंदुओं की श्रीमद्भागवत गीता, मुस्लिमों की कुरान शरीफ और ईसाई धर्म की बाइबल को किया शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को 'पंजाब विधानसभा में धार्मिक ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक, 2025' पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक भावनात्मक और संवेदनशील मुद्दा है जो हर पंजाबी से संबंधित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस मुद्दे के न केवल वर्तमान में बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी गंभीर परिणाम हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस अक्षम्य अपराध के लिए सख्त सजा सुनिश्चित करना समय की मांग है ताकि अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

वियेयक के मुताबिक अगर कोई किसी भी धार्मिक ग्रंथ की बेअदबी (अपमान) करता है तो उसे 10 साल की कैद से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। इस कानून में धार्मिक ग्रंथों में सिखों के श्री गुरु ग्रंथ साहिब के साथ हिंदुओं की श्रीमद्भागवत गीता, मुस्लिमों की कुरान शरीफ और ईसाई धर्म की बाइबल को भी शामिल किया गया है।



अपराध रोकथाम विधेयक, 2025' को पेश करते सीएम भगवंत मान। फाटो- अर्थ प्रकाश

### विपक्ष को लिया आड़ेहाथों

मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर कोई कानून या समाधान नहीं लाने के लिए विपक्ष की कड़ी आलोचना की। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बरगाड़ी और बहबल कलां जैसी घटनाओं ने हर पंजाबी के मन को गहरी ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आगे कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे विधेयक पर चर्चा के लिए भी कांग्रेस नेताओं ने और समय मांगा है, जो इस मामले के प्रति उनकी गंभीरता की कमी को दर्शाता है। इस दौरान भगवंत सिंह मान ने उम्मीद जताई कि जब मंगलवार को विधेयक पर चर्चा फिर से शुरू होगी, तब कांग्रेस नेता सरकार के साथ सहयोग के लिए तैयार होकर आएंगे ताकि इसे सर्वसम्मति से पारित किया जा सके।

### कानूनी विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करके सख्त कानून तैयार किया


मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रमुख कानूनी विशेषज्ञों से सलाह-मशविरा करके सख्त कानून तैयार किया है, जिसमें ऐसे घृणित अपराधों के लिए कठोर से कठोर सजा का प्रावधान किया गया है ताकि अपराधी अपने अक्षम्य अपराधों के गंभीर परिणामों से किसी भी बहाने बच न सकें। न्याय के प्रति अपनी सरकार के समर्पण को दोहराते हुए उन्होंने जोर देकर कहा कि इन अपमानजनक कृत्यों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामिल हर व्यक्ति को अनुकरणीय सजा का सामना करना पड़ेगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसे खतरनाक अपराधियों को उनके कृत्यों के लिए जवाबदेह ठहराना राज्य सरकार का नैतिक कर्तव्य है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि पंजाब महान गुरुओं, संतों-महापुरुषों और पीर-पैगंबरों की पवित्र भूमि है, जिन्होंने सभी को आपसी प्रेम और सहिष्णुता का मार्ग दिखाया। उन्होंने अफसोस जताया कि कुछ पंजाब विरोधी ताकतें 2016 से पवित्र ग्रंथों की बेअदबी जैसे पाप को अंजाम देकर प्रदेश के सामाजिक ताने-बाने को नष्ट करने की कोशिश कर रही हैं। भगवंत सिंह मान ने ऐसी घटनाओं के दोषियों के लिए नजीर बनने वाली सजा सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया।

पंजाब कैबिनेट का अहम फैसला

# 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025' मंजूर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सीएम भगवंत मान की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें अहम निर्णय पर मुहर लगी। बेअदबी के जघन्य अपराध के दोषियों के लिए कठोर सजा सुनिश्चित करने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में मंत्रिमंडल ने 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025' को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि मंत्रिमंडल ने 'पंजाब पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराध रोकथाम विधेयक-2025' को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब, भगवद गीता, पवित्र बाइबल, कुरान शरीफ और अन्य पवित्र ग्रंथों की बेअदबी करने वाले दोषियों के लिए आजीवन कारावास सहित कठोर सजा का प्रावधान किया गया है। इस कानून के लागू होने से राज्य में सामुदायिक सद्भावना, शांति, एकता और भाईचारे की डोर को मजबूत करने की कोशिशों को और बल मिलेगा। इस कदम से जघन्य अपराध के दोषियों के लिए कठोर सजा सुनिश्चित करके समाज विरोधी और राष्ट विरोधी गतिविधियों को रोकने में और ताकत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बीते समय में पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी और अन्य पवित्र ग्रंथों की बेअदबी की घटनाओं ने लोगों के दिलों को गहरे तक आहत किया और समाज में बेचैनी की स्थिति भी उत्पन्न हुई। भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 298, 299 और 300 ऐसे मामलों को संभालने में इन घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए कठोर सजा का प्रस्ताव नहीं करती। ऐसे अपराधों की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए और सामुदायिक सद्भावना तथा धार्मिक पवित्रता बनाए रखने के महत्व को समझते हुए, मंत्रिमंडल ने सजा के प्रावधान को और सख्त करने के लिए राज्य आधारित कानून लाने की आवश्यकता महसूस की, जिसमें किसी भी पवित्र ग्रंथ की बेअदबी के दोषी पाए जाने वालों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा शामिल है।



यह उल्लेखनीय है कि अब तक ऐसा कोई विशेष कानून मौजूद नहीं था जो पवित्र ग्रंथों के खिलाफ अपराधों को सीधे तौर पर संबोधित करता हो, जिसके परिणामस्वरूप अपराधी अक्सर गंभीर कार्रवाई से बच निकलते थे। इस प्रस्तावित कानून के तहत बेअदबी का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा का सामना करना पड़ सकता है। इस अपराध की कोशिश करने वालों को भी तीन से पांच साल की कैद की सजा का सामना करना पड़ सकता है, जबकि अपराध के लिए उकसाने वालों को अपराध के अनुसार सजा मिलेगी।

शेष पेज-2 पर

# प्रोफेसर अशीम घोष होंगे हरियाणा के नए राज्यपाल

हिमाचल से आए बंडारू दत्तात्रेय चार साल रहे हरियाणा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** पश्चिम बंगाल भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो.अशीम कुमार घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे। एक नवंबर 1966 को अस्तित्व में आए हरियाणा में घोष प्रदेश के 19वें राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालेंगे। वह निवर्तमान राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का स्थान लेंगे।

बंडारू दत्तात्रेय ने हिमाचल से तबादला होने के बाद 7 जुलाई 2021 को हरियाणा का कार्यभार संभाला था। अशीम 1999 से लेकर 2002 तक पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। घोष से पहले बीरेंद्र नारायण चक्रवर्ती और हरी आनंद बरारी भी बंगाल के थे। उन्होंने 2 जून 2013 को हावड़ा लोकसभा सीट से भाजपा के टिकट पर उप चुनाव लड़ा था। अशीम घोष उपचुनाव हार गए थे। अशीम कोलकाता के मनिन्द्र चंद कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस के प्रोफेसर रहे हैं। अशीम ने पश्चिम बंगाल में संघ और बीजेपी की जड़े जमाने में अहम भूमिका निभाई। अभी पश्चिम बंगाल में पार्टी के मार्गदर्शक मंडल में रहकर पार्टी नीतियों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे थे।

बंडारू दत्तात्रेय के कार्यकाल के दौरान हरियाणा में कई राजनीतिक घटनाक्रम हुए हैं। पूर्व भाजपा-जजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान जजपा द्वारा समर्थन वापसी, मनोहर मंत्रिमंडल का इस्तीफा, नायब मंत्रिमंडल का गठन और प्रदेश में भाजपा की तीसरी बार बनी सरकार का शपथ ग्रहण भी बंडारू दत्तात्रेय ने ही करवाया है। चार वर्ष के कार्यकाल के दौरान बंडारू दत्तात्रेय ने परंपरा से हटकर एक बार राजभवन में प्रेस कांफ्रेंस भी और केंद्र सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रमों में अपनी दिलचस्पी दिखाई। दत्तात्रेय राज्यपाल होने के बावजूद शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र से संबंधित सार्वजनिक कार्यक्रमों में बढ़चढ़ भाग लेते रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला

# पंजाब में 1158 सहायक प्रोफेसर की भर्ती रद्द

हाईकोर्ट ने भर्ती को दी थी परमिशन

अर्थ प्रकाश/ नेटवर्क

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को बड़ा झटका दिया है। शीर्ष अदालत ने 1158 असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती को रद्द कर दिया है।



पिछले साल हाईकोर्ट की डबल बेंच ने भर्ती प्रक्रिया को हरी झंडी दी थी। असिस्टेंट प्रोफेसर यूनियन के कन्वीनर बलविंदर सिंह चहल ने कहा कि हम पिछले कई सालों से कॉलेजों में काम कर रहे हैं। सरकार के वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट में उचित तरीके से पक्ष नहीं रखा है। हम सरकार से मांग करेंगे कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल करे।

जानकारी के मुताबिक, अगस्त 2022 में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने 1158 असिस्टेंट प्रोफेसरों की भर्ती को रद्द कर दिया था। साथ ही कहा था कि भर्ती प्रक्रिया के दौरान नियमों का पालन नहीं किया गया। इस भर्ती प्रक्रिया को कुछ लोगों की तरफ से चुनौती दी गई थी, जिसमें उन्होंने भर्ती नियमों को लेकर सवाल उठाए थे। इस भर्ती प्रक्रिया के 484 लोग पहले जॉइन कर चुके हैं, लेकिन उनकी पोस्टिंग तक नहीं हुई। उन्हें वेतन भी नहीं मिल रहा था। सिंगल बेंच के फैसले के बाद सरकार डबल बेंच में गई थी। साथ ही सरकार ने कई दलीलें अदालत में रखी थीं, जिससे यह साबित करने की कोशिश की थी कि भर्ती प्रक्रिया बिल्कुल सही है। फैसला सरकार के पक्ष में आया था।

# आईएसएस से धरती पर लौट रहे शुभांशु, स्पेसक्राफ्ट में हुए सवार

लैंडिंग को लेकर सामने आई ताजा जानकारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से धरती पर वापसी हो रही है। वह धरती पर आने के लिए अपने क्रू के साथ फ्लाइट में सवार हो चुके हैं। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने भी एक्सियम-4 मिशन के बारे में ताजा जानकारी दी है। ऐसी संभावना है कि शुभांशु अपने क्रू के साथ 15 जुलाई यानी कि मंगलवार दोपहर 3 बजे तक धरती पर लैंड कर सकते हैं।

आईएसएस से धरती पर लौट रहे सभी क्रू मेंबर्स ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट के जरिये धीरे-धीरे धरती की तरफ अनडॉक होंगे। स्पेसक्राफ्ट से अलग होते ही कैप्सूल धरती की ओर धीरे धीरे बढ़ेगा।



**नासा ने भी दी अहम जानकारी:** नासा ने बताया कि स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान सुबह 7:15 बजे (अमेरिकी समय) पर अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के हार्मनी मॉड्यूल के अंतरिक्ष-मुखी पोर्ट से अनडॉक हो गया। नासा ने बताया कि ड्रैगन धीरे-धीरे स्टेशन से दूर एक कक्षीय पथ पर जा रहा है, जो चालक दल और उसके कार्गो को सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाएगा, यह 15 जुलाई को कैलिफोर्निया के तट पर स्पलैशडाउन करेगा।

**60 से अधिक वैज्ञानिक कर रहे थे रिसर्च:** एक्स पर अपने लाइव सत्र में एक्सिओम स्पेस ने बताया कि एक्सिओम-4 मिशन में 60 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययन और 20 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम हुए। एक्स पर एक पोस्ट में यह भी बताया गया कि अंतरिक्ष यान अब अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से दूर जाने के लिए कई प्रस्थान बर्न करेगा।






निर्देश

सीधे अदालतों में नहीं जा सकेंगे कर्मचारी

# हरियाणा के सभी विभागों में बनेगी 'कर्मचारी शिकायत निवारण समिति'

आठ सप्ताह में होगा शिकायतों का निपटारा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** हरियाणा सरकार ने कर्मचारियों से जुड़े विवादों या शिकायतों के निपटान के हर विभाग या संगठन में 'कर्मचारी शिकायत निवारण समिति' गठित करने के निर्देश दिए हैं। अब कर्मचारियों को अदालत में जाने से पहले विभागीय शिकायत निवारण समिति के माध्यम से समाधान करवाना अनिवार्य होगा। हर शिकायत का निपटारा अधिकतम आठ सप्ताह में करना आवश्यक होगा।




मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों व निगमों के प्रबंध निदेशकों तथा विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को जारी आदेशों में कहा गया है कि सभी विभाग व संगठन 15 दिनों के भीतर समिति के गठन की पुष्टि करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रशासनिक न्याय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भेजें। ये निर्देश प्रशासनिक न्याय विभाग द्वारा जारी हरियाणा स्टेट लिटिगेशन पॉलिसी, 2025 के प्रावधानों के अनुरूप जारी किए गए हैं। लिटिगेशन पॉलिसी के अनुसार, निर्णय प्रक्रिया में मनमानी और कर्मचारियों की शिकायतों की अनदेखी सरकारी मुकदमों की बड़ी वजह बनती है। सेवा संबंधी मामलों में, अधिकतर मामले नियमों, निर्देशों और नीति निर्णयों के अनुसार राहत न मिलने से जुड़े होते हैं। अन्य मामलों में एक से अधिक नीतियां हो सकती हैं। न्यायालयों में आने वाले ऐसे अधिकतर मामलों में, अदालतें एक निश्चित समय-सीमा के भीतर स्पीकिंग ऑर्डर पारित करने के निर्देश देती हैं। मामला अदालत तक पहुंचने से पहले, सामान्य प्रशासनिक चैनल के माध्यम से अपनी शिकायतों को दूर करवाने के लिए आमतौर पर प्रभावित पक्ष काफी प्रयास करता है और इसमें काफी समय भी लग जाता है। इसके मद्देनजर सभी विभागों को प्रभावी शिकायत निवारण समितियां गठित करनी होंगी, जिससे काफी संख्या में अनावश्यक मुकदमेबाजी को रोका जा सकेगा।


### दो स्तरों पर हो सकेगी शिकायत

इस शिकायत निवारण प्रणाली की संरचना द्विस्तरीय होगी। पहली श्रेणी में विभागाध्यक्ष की अध्यक्षता में मुख्यालय स्तर पर समिति गठित की जाएगी। इसमें दो क्लास-ए अधिकारी होंगे, जिनमें से एक एसएएस काडर का और दूसरा मुख्यालय पर तैनात विधि अधिकारी होगा। दूसरी श्रेणी जिला स्तर पर होगी,जिसकी अध्यक्षता संबंधित उपायुक्त या सेवानिवृत्त जिला/अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश करेंगे। इस समिति में उपायुक्त द्वारा मनोनीत जिला स्तर पर मुख्य लेखाधिकारी, वरिष्ठ लेखाधिकारी या लेखाधिकारी तथा डिस्ट्रिक्ट अटार्नी, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट अटार्नी या असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटार्नी भी शामिल होंगे। इस समिति को शिकायत या प्रतिवेदन प्राप्त होने के 7 दिनों के भीतर सुनवाई की प्रक्रिया शुरू करनी होगी।

# बिहार विधानसभा चुनाव: अभी 11 दिन शेष, ईसीआई-नेट पर 5.74 करोड़ से अधिक फॉर्म अपलोड

## 7,89,69,844 निर्वाचकों में से 6,60,67,208 निर्वाचक प्रारूप निर्वाचक नामावली में शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बिहार, 14 जुलाई।** बिहार विधान सभा चुनाव के मद्देनजर जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में भरे हुए गणना फॉर्म (ईएफ) जमा करने की अंतिम तिथि में अभी 11 दिन और शेष है ईसीआई-नेट क्षेत्र-स्तर के चुनाव पदाधिकारियों के लिए फॉर्म और दस्तावेजों को अपडेट करने की प्रक्रिया में भी और तेजी ला रहा है। जिसके परिणामस्वरूप सोमवार शाम 6 बजे तक 5.74 करोड़ से अधिक गणना फॉर्म अपलोड किए जा चुके हैं। ईसीआई-नेट के दस्तावेज़ समीक्षा मॉड्यूल ने एईआरओ, ईआरओ और डीईओ द्वारा निर्वाचकों की पात्रता के सत्यापन की गति को सुव्यवस्थित तरीके से बढ़ा दिया है।

**83.66 प्रतिशत के ईएफ एकत्र:** बीएलओ द्वारा घर-घर जाने के दो दौर पूरे करने के बाद, बिहार के 7,89,69,844 निर्वाचकों में से 6,60,67,208 यानी 83.66% के ईएफ एकत्र किए जा चुके हैं। अब तक, 1.59% निर्वाचकों की मृत्यु हो चुकी है, 2.2त्न स्थायी रूप से निवास स्थान परिवर्तित कर चुके हैं और 0.73 त्न स्थायी रूप से स्थानांतरित व्यक्तियों को एक से अधिक स्थानों पर नामांकित पाया गया। इसलिए, इसलिए, 88.18% निर्वाचक या तो पहले ही अपना ईएफ जमा कर चुके हैं या उनकी मृत्यु हो गई है या उनका नाम एक ही स्थान पर बना हुआ है या वे अपने पिछले निवास स्थान से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो चुके हैं। अब केवल 11.82% निर्वाचक ही अपने भरे हुए ईएफ जमा करने के लिए शेष बचे हैं और उनमें से कई निर्वाचकों ने आने वाले दिनों में दस्तावेजों के साथ अपने गणना फार्म जमा करने के लिए समय मांगा है।

**40 विभिन्न ईसीआई ऐप्स लॉन्च:** नवीनतम तकनीक और डिजिटलीकरण के उपयोग को बढ़ावा देते हुए, आयोग के पहले से 40 विभिन्न ईसीआई ऐप्स को समाहित करके नए लॉन्च किए गए ईसीआई-नेट प्लेटफॉर्म को बिहार एसआईआर प्रक्रिया के सभी पहलुओं के लिए परिनियोजित किया गया है और यह कुशलतापूर्वक कार्य कर रहा है। ईसीआई-नेट के माध्यम से, निर्वाचक अपने ईएफ ऑनलाइन भर सकते हैं और जहां भी लागू हो, वर्ष 2003 के ईआर में अपना नाम भी ढूंढ सकते हैं। निर्वाचक ईसीआई-नेट ऐप का उपयोग करके बीएलओ सहित अपने चुनाव पदधारियों से भी जुड़ सकते हैं।

### जल्द तीसरा दौरा, 1.5 लाख बीएलओ तैनात

भारत निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है कि कोई भी पात्र निर्वाचक छूट न जाए और शेष निर्वाचक अपने ईएफ भर सकें। लगभग 1 लाख बीएलओ जल्दी ही घर-घर जाने का अपना तीसरा दौर शुरू करेंगे। सभी राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बीएलए उनके प्रयासों को और मजबूती प्रदान कर रहे हैं, जिनमें से प्रत्येक बीएलए प्रतिदिन 50 ईएफ तक प्रमाणित करके जमा कर सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए बिहार के सभी 261 शहरी स्थानीय निकायों के सभी 5,683 वार्डों में विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं कि कोई भी पात्र शहरी निर्वाचक ईआर में शामिल होने से छूट न जाए।

### निर्वाचक मोबाइल से ईसीआई-नेट ऐप पर भर सकते हैं फॉर्म

जो निर्वाचक अस्थायी रूप से राज्य से बाहर प्रवास कर गए हैं, उनके लिए अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से और ऐसे निर्वाचकों से सीधे संपर्क करने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे समय रहते अपने ईएफ भर सकें और दिनांक 1 अगस्त, 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप निर्वाचक नामावली (ईआर) में उनके नाम शामिल हो। ऐसे निर्वाचक अपने मोबाइल फोन का उपयोग करके ईसीआई-नेट ऐप के माध्यम से या https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से आसानी से ईएफ ऑनलाइन (एसआईआर दिशानिर्देशों के पैरा 3 (घ) के अनुसार) भर सकते हैं। वे अपने परिवार के सदस्यों के माध्यम से या व्हाट्सएप अथवा इसी प्रकार के एप्लिकेशनों सहित किसी भी ऑनलाइन माध्यम से संबंधित बीएलओ को अपने फॉर्म भेज सकते हैं।

# नीतीश कुमार ने 'वन महोत्सव 2025' का किया शुभारंभ, पांच करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना, 14 जुलाई।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में पौधरोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय 'वन महोत्सव-2025' का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधरोपण कर अभियान में अपना योगदान दें। बिहार में वित्तीय वर्ष 2025-26 में पांच करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस अभियान की पूरी तैयारी कर ली गई है।

बताया गया कि वर्ष 1950 से हर वर्ष देश में वन महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वनों का संरक्षण, पौधरोपण करना और लोगों को वृक्षों के प्रति जागरूक करना है।

इस अभियान के दौरान अगले तीन माह तक पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाएगा। बिहार में इसके अन्तर्गत वन विभाग के साथ ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, उद्यान विभाग, विभिन्न संस्थाओं, विभागों, गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न सामाजिक क्लबों द्वारा पौधरोपण कराया जा रहा है।

बता दें कि वर्ष 2012 में 'हरियाली मिशन' की शुरुआत कर बड़े पैमाने पर राज्य भर में मिशन मोड में पौधरोपण किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य का हरित आवरण 15.05 प्रतिशत हो गया। हरित आवरण को वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार में वर्ष 2019 से 'जल-जीवन-हरियाली' अभियान की शुरुआत की गई।

# तेजस्वी यादव 'परिवारवाद के युवराज', बिहार को कर रहे कलंकित: उपमुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना, 14 जुलाई।** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जुबानी हमला किया है। उन्हें 'परिवारवाद का युवराज' तो कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को 'वंशवाद का प्रतीक' बताया है।

तेजस्वी यादव के हालिया बयान में 'सूत्र' को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहा था। इस पर विजय सिन्हा ने कहा कि इन लोगों ने भारतीय संस्कार, संस्कृति और सभ्यता से दूरी बना ली है। अब इनकी भाषा में भी गुंडई और अराजकता झलक रही है।

उन्होंने आगे कहा, 'ऐसी मानसिकता के लोग ही बिहार को पहले भी बदनाम करते रहे हैं। तेजस्वी यादव के पिता (लालू प्रसाद यादव) ने भी बिहार को कलंकित किया और अब पुत्र भी उसी राह पर हैं। लेकिन, बिहार की जनता अपने मान, सम्मान और स्वाभिमान के साथ इस अराजक मानसिकता को पराजित करेगी। हम अपनी विरासत को आगे बढ़ाएंगे और इस तरह की नकारात्मक भाषा और सोच से बिहार को मुक्त करेंगे।'

बिहार की राजधानी पटना में हो रही हत्याओं और आपराधिक घटनाओं को लेकर विपक्ष लगातार राज्य सरकार पर निशाना साध रहा है। इस पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि विपक्ष अपनी भूमिका निभा रहा है, लेकिन सरकार पूरी तरह सजग है और अपराधियों के मनोबल को तोड़ने में जुटी है। हर आपराधिक घटना पर कार्रवाई हो रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिन लोगों ने पहले अपराधियों का हौसला बढ़ाया, उनके पाप का फल सरकार भुगत रही है। लेकिन, नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार अपराध और अपराधियों को बख्शने वाली नहीं है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि चाहे बुलडोजर चलाना पड़े, एनकाउंटर करना पड़े या संपत्ति जब्त करनी पड़े, सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। जो लोग जंगलराज के दौर में अराजकता का संरक्षण करते थे, अब भी वही माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हम संकल्पित हैं कि बिहार को फिर से उस दौर में नहीं जाने देंगे।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार का आरोप है कि भाजपा विधायकों की खरीद-फरोख्त कर सकती है। इस पर विजय सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्वविहीन पार्टी बन चुकी है। वह अपनी कमज़ोरियों, गुटबाजी और विफलताओं को छिपाने के लिए दूसरों पर आरोप मढ़ रही है।

उन्होंने राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राहुल गांधी केंद्र में नेता प्रतिपक्ष बन गए हैं, लेकिन उनकी जमीन से कोई जुड़ाव नहीं है। वे सिर्फ परिवारवाद और वंशवाद के प्रतीक हैं। तेजस्वी यादव भी इसी रास्ते पर हैं, वे जंगलराज और भ्रष्टाचार के युवराज हैं। ये लोग राजनीति को परिवार तक सीमित कर आम जनमानस की पीड़ा को नहीं समझ सकते। बिहार की जनता अब ऐसे लोगों को और मौका नहीं देगी।

### तेजस्वी के आपत्तिजनक बयान पर नीरज कुमार का हमला, बोले- यह उनकी संगत का परिणाम



जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला बोला। उन्होंने तेजस्वी यादव पर भाषा की मर्यादा तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी 'भाषाई लंपटता' उनकी संगत का परिणाम है। नीरज ने आईएएनएस के साथ खास बातचीत में कहा, 'लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को सूत्रों के आधार पर खबर चलाने का अधिकार है, लेकिन तेजस्वी ने 'सूत्र' को लेकर आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग किया था। यह दिखाता है कि वे घर में भी ऐसी अश्लील भाषा का इस्तेमाल करते होंगे।' उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी जिस बिहार पुलिस को नाकाम बता रहे हैं, उसी पुलिस के 159 जवान उनकी और उनके परिवार की सुरक्षा में तैनात हैं। नीरज ने सवाल उठाया कि अगर बिहार पुलिस नाकाम है, तो तेजस्वी उसकी सुरक्षा क्यों ले रहे हैं और इसे लौटाकर अपनी निजी सुरक्षा क्यों नहीं व्यवस्थित करते?

### फर्जी मतदाता के नाम कटने से तेजस्वी यादव की बेचैनी बढ़ेगी: मनोज तिवारी



भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव के उस बयान पर जवाब दिया है, जिसमें उन्होंने बिहार की मतदाता सूची में विदेशियों के नाम शामिल होने संबंधी खबरों को पूरी तरह खारिज किया था। मनोज तिवारी ने कहा कि वोटर लिस्ट में फर्जी मतदाता के नाम सामने आने के बाद तेजस्वी यादव की बेचैनी बढ़ गई है और आने वाले दिनों में उनकी चिंता और बढ़ने वाली है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को आईएएनएस से बातचीत की। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव इसलिए परेशान हैं क्योंकि चुनाव आयोग मतदाता सूची से फर्जी मतदाताओं को हटाने का अभियान चला रहा है। मैं यह समझने में असफल हूं कि इतने वर्षों तक सरकार चलाने वाले और संवैधानिक पदों पर रहने वाले लोग अब भी घुसपैठियों को मतदाता कैसे बनाना चाहते हैं। कुछ दिन पहले इंडी अलायंस के प्रतिनिधि ने संसद में कहा कि आधार कार्ड लोगों के रहने का आधार हो सकता है, नागरिकता का प्रमाण नहीं हो सकता है। संविधान का सम्मान करना चाहिए।


**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**निविदा संख्या:** FWP-OFC-2025-01, **नियत तिथि:** 01.08.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–III/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या FWP-OFC-2025-01, नियत तिथि 01.08.2025 जारी की जाती है। यह खुली ई.निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** कार्य के दायरे के अनुसार एफडब्ल्यूपी के फोर्जिंग क्षेत्र में अतिरिक्त ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) की आपूर्ति और बिछाना। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 18,58,925.00 (रु. अठारह लाख अट्ठावन हजार नौ सौ पच्चीस मात्र) **धरोहर राशि: (₹)** 37,200.00 (रु. सैंतीस हजार दो सौ मात्र) निविदा प्रपत्र का मूल्य– शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा –03 अनुसार) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**–01.08.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-III/एफडब्ल्यूपी**

**निविदा संख्या:** RE-CAMC-SBFM-25-26-120

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **RE-CAMC-SBFM-25-26-120** नियत तिथि **01.08.2025** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** खुली निविदा के माध्यम से 02 वर्षों के लिए शीट मेटल शॉप में स्थापित स्पेयर पार्ट्स सहित 01 नग सीएनसी स्ट्रेच बेंडिंग और फॉर्मिंग मशीन (एसबीएफएम) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 1,06,80,430.00 (रु. एक करोड़ छह लाख अस्सी हजार चार सौ तीस रूपये मात्र) **धरोहर राशि: (₹)** 2,03,400.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य– रु.5,000.00 कार्य समापन की अवधि–दो वर्ष (24 माह) • **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**–01.08.2025 को 15:30 बजे। • विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**कार्य प्रबंधक/एम. एण्ड पी.**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/फर्नि. प्रोग., आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये (ई–निवदिा सं.एम–200/इन हाउस मैन्युफैक्चरिंग ऑफ एफआरपी/एलडब्ल्यूएसडीडीजी/एलडब्लूएससीएन/2025–26 दिनांक 12.07.2025) एकल पैकेट प्रणाली आधारित भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in द्वारा खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** कार्य क्षेत्र के अंतर्गत एलडब्लूएससीएन/एलडब्लूएसडीडीजी कोचों के लिए एफआरपी साइड वाल और सीलिंग पैनेल सेट के इन हाउस निर्माण के कार्य हेतु निविदा का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 4,37,54,400.00 **अमानत राशि/बिड सिक्योरिटी:** (₹) 3,68,800.00 **कार्य की मात्रा** – 90 एलडब्लूएससीएन कोच सेट, 120 एलडब्लूएसडीडीजी कोच सेट। **कार्य समापन की अवधि**–12 माह। • **ई निविदा** दिनांक 04.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन–लाइन जमा कर सकते हैं। हस्त लिखित निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। • **ई–निविदा** दिनांक 04.08.2025 को 15:00 बजे के बाद ऑन–लाइन http://www.ireps.gov.in के द्वारा खोली जाएगी। **ई–निविदा** सूचना और टर्म्स एवं कंडीशन का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के आईआरईपीएस की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/फनि. प्रोग.**

**ई–निविदा सूचना (शुद्धिपत्र–1)**

**ई–निविदा सूचना सं: इलेक्ट–पीएस–20587** **दिनांक: 12.07.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारों से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। (1) **कार्य का नाम:** एमसीएफ के 33/11केवी सब स्टेशन से एफडब्ल्यूपी के लिए वैकल्पिक बिजली आपूर्ति व्यवस्था। (2) **कार्य स्थल:** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली। (3) **अनुमानित लागत** (₹) 3,19,41,540.77 (रु. तीन करोड़ उन्नीस लाख इकतालीस हजार पांच सौ चालीस रुपये और सतहत्तर पैसे मात्र।) (4) **अमानत राशि:** (₹) 3,09,700.00 (रु. तीन लाख नौ हजार सात सौ रुपये मात्र।) (5) **कार्य समाप्ति की अवधि**– 06 (छह माह)। (6) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 31.07.2025 को 15:00 बजे। (7) **अन्य शर्तें:** अन्य विवरण एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस**

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 24/ईटी./2025-26 दिनांक: 11.07.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12251057 | सप्लाई ऑफ फुल्ली असेम्बलेड बोगी ऑफ ऑन बोर्ड 3पीएच मेमू डीएमसी कोचेज | 25 सेट | 05.08.2025 |
| 02 | 12251058 | सप्लाई ऑफ फुल्ली असेम्बलेड बोगी ऑफ ऑन बोर्ड 3पीएच मेमू टीसी कोचेज | 75 सेट | 05.08.2025 |
| 03 | 11251106 | रूफ कम्पलीट फॉर 3पीएच मेमू/डीएमसी कोचेज | 12 नग | 05.08.2025 |
| 04 | 04251137 | एल. चेकर्ड शीट 2.03x1250x3000 एमएम | 109321 कि.ग्रा. | 18.08.2025 |
| 05 | 03251606 | सीट्स फॉर एलएचबी नॉन एसी चेयर कार कोचेज (108 सीटर) | 200 सेट | 08.08.2025 |
| 06 | 11251105 | वन कोच सेट ऑफ साइड वाल कम्पलीट फॉर 3पीएच मेमू/डीएमसी कोचेज | 12 सेट | 19.08.2025 |
| 07 | 12251084 | सेट ऑफ आइटम्स ऑफ एक्सेल माउंटेड डीएक्स ब्रेक सिस्टम फॉर फीएट बोगी ऑफ एसी–नॉन एसी कोचेज | 88 सेट | 12.08.2025 |
| 08 | 11241392 | सेट ऑफ फ्रेम्स फॉर एलएचबी पावर कार कोचेज | 122 सेट | 12.08.2025 |
| 09 | 11241423 | पार्टीशन फ्रेम सेट ऑफ एसएलआरडी फॉर शेल | 224 सेट | 14.08.2025 |
| 10 | 11251077 | अंडर फ्रेम कम्पलीट फॉर 3 पीएच मेमू/डीएमसी कोचेज | 12 नग | 26.08.2025 |
| 11 | 05251162 | सप्लाई ऑफ बिलो डक्ट सेट–01 सेट कनसिस्टिंग ऑफ 01 नम्बर, ऑफ सप्लाई एअर बिलो, 02 नग ऑफ फ्रेश बिलोस एन्ड 02 नग ऑफ रिटर्न एअर बिलो डक्ट | 536 सेट | 16.09.2025 |
| 12 | 05251121 | एल्युमिनियम पाईप 71 एमएम X 3.15 एमएम इन लेंग्थ ऑफ 5000 एमएम फॉर एसी कोचेज 2700 एमएम फॉर पावर कार कोचेज | 78970 मीटर | 09.09.2025 |
| 13 | 12251059 | स्कोप सप्लाई, इन्स्टालेशन एन्ड टेस्टिंग ऑफ ईपी ब्रेक इक्यूमेंट फॉर 3 फेज मेमू/डीएमसी कोचेज | 24 सेट | 12.08.2025 |
| | | स्कोप सप्लाई, इन्स्टालेशन एन्ड टेस्टिंग ऑफ ईपी ब्रेक इक्यूमेंट फॉर 3 फेज मेमू/टीसी कोचेज | 72 सेट | |
| 14 | 04251321 | सेट ऑफ हनीकॉम्ब पार्टीशन फ्रेम सेट फॉर एलडब्लूएससीएन कोच | 200 सेट | 01.08.2025 |
| 15 | 12241373 | किट ऑफ सैडवाल कम्पोनेन्ट आइट्मस फॉर एलएसएआरडी (31 सीटर) कोच | 186 सेट | 18.07.2025 |
| 16 | 03251449 | ईडीपीएम रबर पैकिंग फॉर फ्लोर एल=2000 एमएम | 84811 नग | 19.08.2025 |

**उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एम&पी**

वेबसाइट पता : www.ireps.gov.in एवं www.mcf.indianrailways.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**बिहार सरकार**

**समाहरणालय, दरभंगा**

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

अति अल्पकालीन नोटिस–सह–आम नीलामी सूचना

(बिहार मद्य–निषेध और उत्पाद अधिनियम–2016 (यथा संशोधित अधिनियम–2018/2022) के अन्तर्गत जप्त एवं अधिहरित वाहनों के वाहन स्वामियों के लिए अल्पकालीन सूचना)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, के अधीन दरभंगा जिला के अन्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों में जप्त वाहनों को समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा/प्राधिकृत न्यायालय द्वारा राज्यसात किया गया है। जिसमें निम्नलिखित वाहनों के स्वामी को सूचित किया जाता है की आपके वाहन की नीलामी, नीलामी कमिटी द्वारा **डा0 भीमराव अम्बेदकर सभागार, समाहरणालय परिसर, लहेरियासराय, दरभंगा** में दिनांक **07.08.2025** को **10:30** बजे पूर्वाहन से की जाऐगी। आप अपना पक्ष रखने हेतु दिनांक **01.08.2025** तक जिला विधि प्रशाखा, दरभंगा, बिहार/कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, दरभंगा, बिहार में उपस्थित हो कर वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन समर्पित कर सकते हैं। यदि आप निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होते हैं तो यह माना जाएगा की आप अपना वाहन छुड़ाने के इच्छुक नहीं हैं और आपके वाहन को उल्लिखित तिथि को निम्न तालिका के अनुसार नीलाम कर दिया जाएगा। वाहनों की सूची निम्नवत है:–

पंजाब राज्य

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | विभाग/थाना का नाम एवं कांड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या/चेचिस संख्या/ईंजन संख्या | निर्माण वर्ष | निर्धारित मूल्य | वाहन स्वामी की विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | 58/2022 | Sakatpur 38/2022 | Truck Container | PB65X-3418 MB1AWJFCODRTH9498 DTHZ410666 | 2013 | 400000 | RAJIC SINGH SINDHU, S/O- CHETAN SINGH SINDHU AT- H.N.20 PREET VIHAR VALTANA, DIST.- SASNAGAR, PUNJAB |

नीलामी की विस्तृत विवरणी (वाहनों की सूची/न्यूनतम निर्धारित मूल्य/अग्रधन राशि एवं अन्य जानकारी) **www.darbhanga.bih.nic.in & www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
दरभंगा

PR. No. 008494 (Excise) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


# मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से 'श्री रामलला दर्शन योजना' हो रही साकार

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार



**रायपुर, 14 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रदेशवासियों को श्रीराम लला के दर्शन का सौभाग्य प्रदान करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल से 'श्री रामलला दर्शन योजना' जन जन के जीवन से जुड़ रही है।

इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली विशेष ट्रेन दिनांक 15 जुलाई 2025 को रायपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम के लिए रवाना होगी। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय स्वयं इस विशेष दर्शन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करेंगे। रायपुर संभाग के श्रद्धालुओं को लेकर रवाना होने वाली इस ट्रेन के प्रस्थान अवसर पर मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष श्री नीलू शर्मा, प्रबंध संचालक श्री विवेक आचार्य, वरिष्ठ अधिकारीगण एवं दक्षिण पूर्व-मध्य रेलवे रायपुर मंडल के डीआरएम श्री दयानंद, सीनियर डीसीएम श्री अवधेश त्रिवेदी तथा आईआरसीटीसी ङ्क साउथ सेंट्रल ज़ोन के ग्रुप महाप्रबंधक श्री पी. राजकुमार भी उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि प्रदेशवासियों को उनके जीवनकाल में एक बार प्रभु श्रीराम लला के अयोध्या धाम दर्शन का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 23 फरवरी 2024 को छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड एवं इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) संपादित किया गया था।

उक्त एमओयू के क्रियान्वयन की श्रृंखला में योजना की विधिवत शुरुआत रायपुर संभाग के श्रद्धालुओं के साथ 5 मार्च 2024 को हुई थी, जब मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वरिष्ठ मंत्रीगणों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में रायपुर रेलवे स्टेशन से पहली विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था।

इसके पश्चात् 11 मार्च को बिलासपुर संभाग के श्रद्धालुओं के लिए विशेष ट्रेन को उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसी क्रम में 19 जून को सरगुजा संभाग की विशेष ट्रेन को सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने विधायकगण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुभारंभ किया। 26 जून को दुर्ग एवं बस्तर (संयुक्त) संभाग की पहली विशेष ट्रेन, जिसमें 850 श्रद्धालु शामिल थे, दुर्ग रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए रवाना हुई। इन सभी अवसरों पर श्रद्धालुओं में अत्यंत उत्साह और आस्था का भाव देखने को मिला।


**समाहरणालय, दरभंगा**

बिहार सरकार

(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)

अति अल्पकालीन नोटिस–सह–आम नीलामी सूचना

(बिहार मद्य–निषेध और उत्पाद अधिनियम–2016 (यथा संशोधित अधिनियम–2018/2022) के अन्तर्गत जप्त एवं अधिहरित वाहनों के वाहन स्वामियों के लिए अल्पकालीन सूचना)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम, के अधीन दरभंगा जिला के अन्तर्गत विभिन्न थाना काण्डों में जप्त वाहनों को समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा/प्राधिकृत न्यायालय द्वारा राज्यसात किया गया है। जिसमें निम्नलिखित वाहनों के स्वामी को सूचित किया जाता है की आपके वाहन की नीलामी, नीलामी कमिटी द्वारा **डा0 भीमराव अम्बेदकर सभागार, समाहरणालय परिसर, लहेरियासराय, दरभंगा** में दिनांक **07.08.2025** को **10:30** बजे पूर्वाहन से की जाऐगी। आप अपना पक्ष रखने हेतु दिनांक **01.08.2025** तक जिला विधि प्रशाखा, दरभंगा, बिहार/कार्यालय सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, दरभंगा, बिहार में उपस्थित हो कर वाहन विमुक्ति हेतु आवेदन समर्पित कर सकते हैं। यदि आप निर्धारित तिथि तक उपस्थित नहीं होते हैं तो यह माना जाएगा की आप अपना वाहन छुड़ाने के इच्छुक नहीं हैं और आपके वाहन को उल्लिखित तिथि को निम्न तालिका के अनुसार नीलाम कर दिया जाएगा। वाहनों की सूची निम्नवत है:–

हरियाणा राज्य

| क्र0 | अधिहरण वाद संख्या | विभाग/थाना का नाम एवं कांड संख्या | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या/चेचिस संख्या/ईंजन संख्या | निर्माण वर्ष | निर्धारित मूल्य | वाहन स्वामी की विवरणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | 02/24 | Baheri 147/23 | Bus | HR63D-8957 MAT449305H0J09734 71H84407724 | 2017 | 450000 | PRADEEP KUMAR, S/O-DHARAMPAL, AT -JHAJHAR, DIST-JHAJHAR, STATE -HARYANA 124109 |
| 02 | 51/22 | Manigachhi 44/22 | Tata Truck | NL01L-5935 MAT448202EAJ08565 41J84180480 | 2014 | 440000 | SINGAL TRANSPORT CORPORATION, AT -TOWN CITY, FARIDABAD, HOUSE NO-A51 SECTOR-11, LAND MARK-POLICE STATION, HARYANA |
| 03 | 25/2024 | Bahadurpur 315/22 | TVS APACHE RTR 160 BS IV | HR26DU-1725 MD634BE41J2G26652 BE4GJ2126042 | 2018 | 27000 | RAVISHANKAR KUMAR, S/O-SOCHIT RAY, AT -PLOT NO 278 1ST FLOOR ROOM NO 18 NEAR SHIV MANDIR GOVT SCHOOL SARHAUL, SEC 18, GURGAON, HARYANA, 122015 |
| 04 | 135/2023 | Jale 118/23 | Scorpio | HR61A-6881 B2B25275 GDB4B11750 | 2011 | 40000 | RAJESH KUMAR, S/O-HARI RAM, AT-NIMOTH, REWARI, HARYANA |

नीलामी की विस्तृत विवरणी (वाहनों की सूची/न्यूनतम निर्धारित मूल्य/अग्रधन राशि एवं अन्य जानकारी) **www.darbhanga.bih.nic.in** पर देखी जा सकती है।

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

समाहर्त्ता,
दरभंगा

PR. No. 008500 (Excise) 2025-26

सुरक्षित जीवन अपनाओ, अपनी नियमित एच.आई.वी. जाँच कराओ।


# दिल्ली को मिलेंगे 7 सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, बढ़ेगी आईसीयू बेड की क्षमता: सीएम रेखा गुप्ता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली, 14 जुलाई।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए सरकारी सुविधाओं को बेहतर करना जरूरी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सात नए सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाए जाएंगे और आईसीयू बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी।

मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली के मॉडल टाउन में यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का उद्घाटन करते हुए कहा कि इन सात अस्पतालों को कोविड-19 महामारी के दौरान लॉन्च किया गया था, लेकिन इन्हें बंद कर दिया गया था।

इस दौरान सीएम रेखा गुप्ता ने सरकारी स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के महत्व पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि जनता के पैसे बर्बाद न हों। इसीलिए हमने उन सात अस्पतालों को पुनर्जीवित करने का फैसला लिया है जो कोविड महामारी के दौरान बंद हो गए थे। इन अस्पतालों का काम अब फिर से शुरू हो गया है।

उन्होंने कहा कि महामारी के दौरान दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति खराब थी और लोगों को आईसीयू बेड की कमी का सामना करना पड़ा। ये सात नए सुपर-स्पेशलिटी अस्पताल राष्ट्रीय राजधानी में आईसीयू बेड की क्षमता को भी बढ़ाएंगे और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में मदद करेंगे।

इन अस्पतालों को अब सुपर-स्पेशलिटी केंद्रों में परिवर्तित किया जा रहा है, जिनमें से प्रत्येक एक विशिष्ट चिकित्सा आवश्यकता के लिए समर्पित होगा, जिसके लिए गहन देखभाल की आवश्यकता होती है।

मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक अस्पताल कैंसर उपचार केंद्र के रूप में कार्य करेगा, दूसरा उच्च जोखिम वाली प्रसूति इकाई के रूप में, जबकि अन्य किडनी प्रत्यारोपण, डायलिसिस और अन्य महत्वपूर्ण देखभाल आवश्यकताओं पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

### गन्नौर इंटरनेशनल हॉर्टिकल्चर मार्केट को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की समीक्षा बैठक

# निर्माण कार्यों में तेजी लाने और परियोजना को तय समयावधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश

आदेश त्यागी/सुरेंद्र कुमार



**सोनीपत, 14 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को जिला सोनीपत के गन्नौर स्थित इंडिया इंटरनेशनल फ्रूट एंड वेजिटेबल मार्केट (आई.आई.एच.एम.) का दौरा कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंडी प्रशासन, निर्माण कंपनी व जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण कार्यों में तेजी लाने व परियोजना को तय समयावधि में पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना न केवल हरियाणा के किसानों बल्कि देशभर के फल, सब्ज़ी, फूल, मछली, पोल्ट्री व डेयरी उत्पादकों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच दिलाने का सशक्त माध्यम बनेगी। यह मार्केट राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित है और इसकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों से बेहतर कनेक्टिविटी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 220 करोड़ रुपये की लागत से 544 एकड़ 2 कनाल भूमि अधिग्रहण कर इस परियोजना की शुरुआत की गई थी, जिसकी कुल लागत 2,595 करोड़ रुपये आंकी गई है। अब तक निर्माण कार्य का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया जा चुका है और 689 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस अंतरराष्ट्रीय मंडी में कुल 50 लाख वर्ग फीट का कवर एरिया होगा, जिसकी क्षमता 20 लाख टन प्रतिवर्ष होगी। इसमें 14,907 कारों तथा 3,305 ट्रकों/ट्रॉलियों की पार्किंग की सुविधा होगी। साथ ही 17 मार्केटिंग एवं ट्रेडिंग शेड और 13 अन्य आधुनिक इमारतें भी तैयार की जाएंगी। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालन समिति कार्य में तेजी लाए और किसानों को जल्द से जल्द इस परियोजना से लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मंडी में सौर ऊर्जा को लेकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि परियोजना के अंतिम चरण में 28 मेगावाट सोलर ऊर्जा की व्यवस्था की गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षमता को और अधिक बढ़ाया जाए ताकि मंडी ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके। इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने रेनीवेल (पेयजल आपूर्ति) कार्य को शीघ्र आरंभ करने के निर्देश दिए ताकि मंडी में समय पर जल आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त करने व मंडी से निकलने वाले वेस्ट वाटर का ट्रीटमेंट कर दोबारा उपयोग किए जाने के भी निर्देश दिए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि इस मंडी को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त एक आदर्श बागवानी केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है, जो किसान हित में कार्य करे और कृषि आधारित निर्यात को बढ़ावा दे। निर्माण कंपनी को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वे कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता दोनों सुनिश्चित करें। यह बागवानी मंडी न केवल आधुनिक विपणन प्रणाली का प्रतीक बनेगी, बल्कि किसानों की आय को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।इस मौके पर सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, विधायक कृष्णा गहलावत व देवेंद्र कादियान, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के ओएसडी राजीव जैन, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के प्रधान सचिव पंकज अग्रवाल, हरियाणा अंतरराष्ट्रीय बागवानी मंडी कॉरपोरेशन के मुख्य प्रशासक मुकुल कुमार, पुलिस आयुक्त ममता सिंह, उपायुक्त सुशील सारवान, भाजपा जिला अध्यक्ष सोनीपत अशोक भारद्वाज, जिला अध्यक्ष गोहाना बिजेंद्र मलिक, भाजपा नेता माईराम कौशिक, नगर निगम कमिश्नर हर्षित कुमार, अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, एसडीएम प्रवेश कादियान सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने स्वामी कल्याणदेव महाराज जी की 21वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

## समाज और देश की प्रगति के लिए प्रत्येक व्यक्ति निरंतर सेवा भाव से करे कार्य : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) में स्थित शुकदेव आश्रम में स्वामी कल्याणदेव महाराज जी की 21वीं पुण्यतिथि पर उनकी समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने स्वामी कल्याण देव जी महाराज की प्रतिमा का भी अनावरण किया।

श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज हम माँ गंगा के पावन तट पर स्थित महान महर्षि शुकदेव की धरती पर एकत्रित हुए हैं। भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम विशेष स्थान है। यह आश्रम न केवल एक आध्यात्मिक केंद्र है, बल्कि शिक्षा, सेवा और संस्कृति का भी प्रतीक है। स्वामी जी की प्रतिमा नई पीढ़ियों को स्वामी जी के कार्यों, सिद्धांतों और आदर्शों की हमेशा याद दिलाती रहेगी।

उन्होंने कहा कि स्वामी ओमानन्द जी महाराज इस आश्रम की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं और शुकदेव जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज सेवा के कार्यों को सेवा भाव से कर रहे हैं। स्वामी जी के मार्गदर्शन में इस आश्रम का शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि इस धरती पर हजारों साल पहले महर्षि शुकदेव जी महाराज ने परीक्षित को भागवत कथा सुनाकर मोक्ष का मार्ग दिखाया था। इस महान तीर्थ के उद्धार में संत कल्याणदेव महाराज ने अपना पूरा जीवन लगाया था द्य स्वामी कल्याणदेव जी महाराज का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था, लेकिन उनके विचार और कार्य असाधारण थे। उन्होंने कम उम्र में ही सांसारिक मोह माया का त्याग कर आध्यात्मिक पथ अपनाया। यह पावन भूमि इसी महान संत, शिक्षाविद और समाज सुधारक की तपोभूमि है। वे केवल एक संत नहीं थे, वे अपने आप में एक संस्था थे, जहां से मानवता और समाज सेवा की धारा निरंतर बहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी कल्याण देव जी ने अपने 129 सालों के लम्बे जीवनकाल में ज्ञान, शिक्षा और समाज सेवा को अपना धर्म बनाया। इस महान संत ने वर्ष 2004 में अपने नश्वर शरीर का त्याग किया द्य उन्होंने अनेक स्कूल, कॉलेज और गुरुकुलों की स्थापना की। उन्होंने शिक्षा के साथ-साथ, छुआछूत, जातिगत भेदभाव और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई, भाईचारे और प्रेम का संदेश भी दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** शिव शक्ति मंदिर सेक्टर 7 में सावन के पहले सोमवार को निशुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया जिसमें सभी इच्छुक श्रद्धालुओं का शुगर और बीपी टेस्ट निशुल्क किया गया। साथ ही अनुभवी डाक्टर द्वारा सभी बीमारियों का इलाज दवाइयां सहित निशुल्क किया गया। फिजियोथैरेपिस्ट डॉक्टर द्वारा भी संबंधित मरीजों को परामर्श दिया गया। कैंप में लगभग सो श्रद्धालुओं ने सेवा का लाभ उठाया। आज मंदिर में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखने को मिली भक्तों ने लाइन में लगकर भोलेनाथ का जल अभिषेक किया एवं पूजा अर्चना की। मंदिर के महासचिव श्री रमेश गोयल ने बताया कि मंदिर में पिछले लगभग कई वर्षों से चैरिटेबल फिजियोथैरेपी और निशुल्क डिस्पेंसरी सफलतापूर्वक चल रही है जिसमें दूर-दूर से जैसे की पहेवा, ज्योतिसर, प्रतापगढ़, थानेसर शहर, और सेक्टर 2,3,4,5,7,8,30 इत्यादि से मरीज आकर फिजियोथैरेपी सेवा और ओपीडी का लाभ उठा रहे हैं। इस के अतिरिक्त गोयल जी ने बताया की 7 सितंबर 2025 को मंदिर में दूसरा विशाल रक्तदान सीवर का आयोजन भी किया जाएगा। जिस के लिए रजिस्ट्रेशन 17-8-2025 से खोल दी जाएगी।

### आढ़ती की दुकान पर हुई फायरिंग

**उचाना मंडी (अप्रस/मित्तल)।** अनाज मंडी में आढ़ती की दुकान पर फायरिंग की गई। रविवार देर रात पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में वारदात की गई। पुलिस मामला दर्ज कर जांच मे जुट गई है। एक हफ्ते पहले विवाद को लेकर पंचायत पर की गई थी। जानकारी के अनुसार सुलेन्द्र छात्तर की दुकान पर उनके ही रिश्तेदार जगबीर छात्तर और उसके साथियों ने फायरिंग की। सुलेन्द्र ने बताया कि देर रात एक बीएमडब्ल्यू कार में जगबीर छात्तर, उसका जीजा प्रवीन और एक अज्ञात व्यक्ति आए। तीनों ने नशे की हालत में खाना खाया और फिर बहस शुरू कर दी। इसी दौरान जगबीर के इशारे पर उनके साथी ने गोली चला दी। गोली दुकान के अंदर के गेट से होकर पीछे की दीवार में जा लगी। एक सप्ताह पहले आपसी विवाद को लेकर पंचायत हुई थी, जिसमें सुलेन्द्र और उनके चाचा राजकुमार के बीच कहासुनी हो गई थी। 13 जुलाई की सुबह राजकुमार पंचायत लेकर सुलेन्द्र के घर आया था। इसी रात को राजकुमार के बेटे जगबीर और उसके साथियों ने यह फायरिंग की। जांच अधिकारी भूपेन्द्र ने बताया कि उन्हें देर रात गोली चलने की सूचना मिली। आपसी रंजिश में की गई इस फायरिंग का मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल (अप्रस)।** एक व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने के मामले की जांच थाना सिविल लाईन पुलिस के एएसआई अमरजीत सिंह की टीम द्वारा करते हुए चंदाना गेट कैथल निवासी विजय सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अमरगढ़ गामड़ी कैथल निवासी जिले सिंह की शिकायत के अनुसार उसका बड़ा लडक़ा मुकेश पहले ट्रक चालक का काम करता था जो अब टायर पेंचर की दुकान किए हुए था। उसके लडक़े ने 5 साल पहले ट्रक ड्राईवरी के समय राजकुमार व विजय सैनी से काफी कर्ज लिया हुआ था। इसके चलते राजकुमार व विजय उसके लडक़े को तंग करने लगे थे जो सदमे में रहने लगा था। उसने 3 जुलाई की रात को जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस बारे थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया।

## किसान खाद पाने के लिए खा रहे है दर-दर की ठोकरें : रामचंद्र गुर्जर

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 16 जुलाई।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेसी कमेटी कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि सरकार की किसान विरोधी नीतियों का परिणाम है कि हर फसली सीजन में किसानों को खाद की कमी का सामना करना पड़ता है, क्योंकि भाजपा सरकार समय रहते कोई इंतजाम नहीं करती। उन्होंने कहा कि जिसका परिणाम यह है कि आज किसानों को कालाबाजारी में महंगा खाद खरीदने पर विवश होना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है और समय पर खाद ना मिलने से उत्पादन भी प्रभावित होता है। प्रदेश के इतिहास की यह पहली सरकार है, जिसके कार्यकाल में थानों के अंदर खाद बांटनी पड़ी। नई अनाज मंडी ढांड में बातचीत करते हुए रामचंद्र गुर्जर ढांड ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि सरकार बिना देरी किए किसानों को फसलों के लिए भरपूर मात्रा में खाद मुहैया करवाए, ताकि किसानों को खाद के लिए हो रही परेशानियों से निजात मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि डबल इंजन की सरकार में किसानों को चार गुना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा सरकार में किसानों को एम.एस.पी., खाद और बीज के लिए परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। धान की फसल को लिए खाद की जरूरत है और हालत यह बने हुए है कि खाद के लिए किसान दर-दर भटक रहे हैं। हमेशा की तरह सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी है। कांग्रेसी नेता रामचंद्र गुर्जर ढांड ने आरोप लगाया कि भाजपा राज में आलम यह बना हुआ है कि किसानों को न मक्का की एम.एस.पी. मिल रही है और ना ही सूरजमुखी की।

## मूंदड़ी के विकास कार्यों को मंजूरी मिलने से हर वर्ग खुश : सतबीर मूंदड़ी

### मुख्यमंत्री नायब सैनी के समक्ष सतबीर मूंदड़ी ने रखी थी समस्याएं, मिली मंजूरी

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति



**कैथल, 14 जुलाई।** गांव मुंदड़ी के लिए अनेक विकास परियोजनाओं की मांग को लेकर समाजसेवी सतबीर मूंदड़ी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी को मांग-पत्र सौंपा है।

सतबीर मूंदड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रत्येक भाषणों में कहा जाता है कि उनकी सरकार गांव के विकास को प्राथमिकता देती है इसको लेकर उन्होंने भी गांव की अनेक समस्याओं को दूर करके गांवों में अनेक योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा निम्नलिखित विकास कार्यों की मंजूरी दी गई है।

**लाइब्रेरी की स्थापना:** गांव में एक आधुनिक पुस्तकालय बनाया जाएगा, जहां बच्चे और युवा शिक्षा व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।

**इनडोर जिम:** युवाओं के स्वास्थ्य व फिटनेस को ध्यान में रखते हुए इनडोर जिम की स्थापना की जाएगी, जिससे खेलों और स्वास्थ को बढ़ावा मिलेगा।

**ब्राह्मण चौपाल का जीर्णोद्धार:** गांव की पारंपरिक ब्राह्मण चौपाल का नव निर्माण कर उसे सामाजिक मेल-जोल का सशक्त केंद्र बनाया जाएगा।

**पंचायत घर का निर्माण:** पंचायत गतिविधियों व समस्याओं के समाधान हेतु नया पंचायत घर बनाया जाएगा, जिससे गांववासियों को सुविधा मिलेगी।

**जूड चौपाल का नवीनीकरण:** सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रमों हेतु जुड़ चौपाल का भी जीर्णोद्धार होगा, जिससे सांस्कृतिक आयोजनों को बढ़ावा मिलेगा।

**पशु अस्पताल का कार्य प्रारंभ:** तीन वर्षों से लंबित पशु अस्पताल का निर्माण कार्य अब एस्टीमेट बनाकर शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे पशुपालकों को बेहतर सुविधा मिलेगी।

समाजसेवी सतबीर मूंदड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी का यह कदम गांव मुंदड़ी को आत्मनिर्भर, सशक्त और विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने प्रदेश सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे गांववासियों के विश्वास पर खरे उतरने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर गांव के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सरकार के विकास कार्यों की सराहना की।

## तालाब में मिला महिला का शव, पुलिस कर रही जांच

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इन्द्री, 14 जुलाई।** इन्द्री उपमंड़ल के गांव घीड़ में सुबह के समय ग्रामीणों ने तालाब में एक हिला का शव देखा। शव की सूचना मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई । घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद तालाब से महिला के शव को बाहर निकाला।

इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए सरपंच प्रतिनिधि सुशील ने बताया कि ग्रामीणों ने उन्हें तालाब में एक महिला के शव के बारे में सूचना दी थी। तुंरत इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई। गांववासियों ने तालाब से महिला के शव को बाहर निकाला। उन्होंने बताया कि शव की पहचान गांव की ही महिला सुदेश के रूप में हुई है। मृतक महिला मानसिक रूप से बीमार चल रही थी ओर उसका एक निजी हस्पताल में ईलाज भी चल रहा था। घटना की जानकारी देते हुए पुलिस जांच अधिकारी सत्यवान ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी की घीड़ गांव के तालाब में एक 50 वर्षीय महिला का शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर आकर शव को बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि शव की पहचान सुदेश के रूप में हुई है जोकि लगभग 50 वर्ष की है। महिला के शव को करनाल कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज से पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## लूट की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी काबू, 9 वारदातें सुलझी

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक




**मुलाना, 14 जुलाई।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-1 के पुलिस दल ने कार्यवाही करते हुए आरोपी अवतार सिहँ निवासी गाँव नग्गल थाना चण्डी मन्दिर जिला पंचकुला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 03 दिन का पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। अब तक की पूछताछ में आरोपी ने थाना मुलाना क्षेत्र में 05 वारदातें, नग्गल में 01, अम्बाला शहर में 01 व थाना प?ाव में भी लूट/छीनाझपटी की वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। रिमाण्ड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ की जाएगी। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता टोनी राम निवासी गाँव गोकुलग? थाना मुलाना जिला अम्बाला ने 06 जुलाई 2025 को थाना मुलाना में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 06 जुलाई 2025 को गाँव खानअहमदपुर के पास से अज्ञात आरोपी उसकी पत्नी के कान से सोने की बाली लूट/छीनाझपटी कर भाग गए है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जिम्मेवारी सीआईए-1 के पुलिस दल को सौंप दी थी। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी को काबू किया है।

## सावन के पहले दिन मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़, हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार

**समालखा, 14 जुलाई।** शहर के मंदिरों के शिवालयों में को सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।मंदिरों में महामृत्युंजय के जाप शुरू हुए तथा रुद्राभिषेक किया गया। वहीं सावन मास में एक महीने तक प्रत्येक शिव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का दौर चलेगा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को जल चढ़ाया और पूजा-अर्चना की। वहीं सड़कों पर कांवड़ यात्रा की गतिविधियां भी शुरू हो गई हैं। वहीं, श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा डीएसपी नरेंद्र कादियान के नेतृत्व में कड़े प्रबंध भी किए गए है। शहर के कुहाड़ पान्ना क्षेत्र के शिव मंदिर में सावन के पहले दिन सबसे अधिक भीड़ रही। मंदिर कमेटी द्वारा पार्षद प्रतिनिधि और सामाजिक सेवी विकास कुहा? के नेतृत्व में भीड़ को देखते हुए पहले से ही तैयारी पूरी कर ली गई थीं। श्री श्री 1008 ललितानंदजी महाराज ने बताया कि सावन शुरू होने के साथ लोगों में महादेव की आस्था बढ़ जाती है। पहले सोमवार को बड़ीं संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक किया।इस अवसर पर श्री श्री 1008 ललितानंदजी महाराज नें कहा कि शिवालय में जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में सुबह से ही भोले के भक्तों की भीड़ लग गई थी। क्योंकि सावन शुरू होने के साथ लोगों में महादेव की आस्था बढ़ जाती है। पहले सोमवार को बड़ीं संख्या में श्रद्धालुओ नें जलाभिषेक किया। इसके लिए मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई थी। पुलिस ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे।

## पाइपलाइन लीकेज की वजह से फैला बाबा लदाना में डायरिया, बीमार रोगियों की संख्या बढ़कर हुई 43

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 16 जुलाई।** बाबा लदाना गांव में गंदे पानी की समस्या से ग्रामीणों के बीमार होने के मामले में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट सामने आई है। इसमें सामने आया है कि पीने के पानी की पाइपलाइन के लीकेज होने के बाद गंदा पानी पीने से ही ग्रामीण बीमार हुए थे। यह पुष्टि स्वयं स्वास्थ्य विभाग ने की है। वहीं, सोमवार को गांव में तीन और डायरिया के नए केस मिले हैं। ऐसे में अब बीमार लोगों की संख्या बढ?र 43 हो गई। मामले में स्वास्थ्य विभाग के सिविल सर्जन ने बीमारियों की जांच के लिए पांच टीमों का गठन किया था। इस टीम की ओर से ही सैंपल लेने की कार्यवाही शुरू की थी। दरअसल, शनिवार को अचानक से पेट दर्द, उल्टी व दस्त के 40 मरीज सामने आए थे। इसमें से 32 मरीजों का तो उसी समय इलाज शुरू करवा दिया गया था। 32 में 17 मरीजों का इलाज शहर के अलग-अलग निजी अस्पतालों में दाखिल हैं। वहीं, 15 मरीजों का घर पर ही इलाज शुरू पहले ही चल रहा था। इसके बाद शनिवार को चार और अब सोमवार को तीन नए मरीज सामने आए। उल्टी व दस्त के बढ़ते मामलों को लेकर ग्रामीणों ने रोष जताया था। ग्रामीणों ने आरोल लगाया था कि पिछले एक सप्ताह से लोग गंदा पानी पी रहे हैं, लेकिन जनस्वास्थ्य विभाग तरफ से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। उधर, अब स्वास्थ्य विभाग ने जानकारी दी है कि पानी की पाइपलाइन को ठीक करवा दिया गया है। इसके बाद स्वच्छ पानी आ रही है। इस गंदे पानी के पीने से लोग बीमारी का शिकार हो रहे है।

ग्रामीण दीपू ने बताया कि उसकी मां, दो बहनें, चाची व भाई शहर के निजी अस्पताल में दाखिल है। सभी को उल्टी, दस्त व पेट में दर्द होने के साथ-साथ पेशाब रुकने की समस्या है। यह सब गांव में सप्लाई हो रहे गंदे पानी के कारण हुआ है। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि गांव में लोगों की जांच लगातारी जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि गंदे पानी के कारण ही यह बीमारी फैली है। सोमवार को तीन और नए मरीज मिले हैं। हालांकि अब स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हो रही है।

इस मामले में जिला सिविल सर्जन डा. रेनू चावला ने बताया कि बाबा लदाना गांव में गंदा पानी पीने से यह दिक्कत आई है। जो लोग बीमार हैं, उनका इलाज चल रहा है। बीमार लोगों के खून व मल के सैंपल लेने के साथ-साथ पानी के सैंपल भी लिए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट सोमवार को आ जाएगी। गांव में बीमार लोगों के इलाज व कारणों का पता लगाने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है।

## 2041 के मास्टर प्लान में नही हैं कुरुक्षेत्र बाईपास का जिक्र : अशोक अरोड़ा

### बोले, मास्टर प्लान में प्रस्तावित रिंग रोड बनाया जाना आज भी संभव नहीं, वहां बस चुकी हैं वैध और अवैध कॉलोनियां

कहा, प्रस्तावित रिंग रोड़ का स्थान बदलकर बनाया जाए शहर से दूर

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया



**कुरुक्षेत्र, 14 जुलाई।** थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कुरुक्षेत्र का बाईपास शीघ्र बनने के दावे की पोल खोलते हुए कहा कि 2041 के मास्टर प्लान में बाईपास का जिक्र तक नही है। जबकि हरियाणा के मुख्यमँत्री नायब सैनी सहित अनेक भाजपा नेता यह दावा कर रहे हैं कि बाईपास का डीपीआर बन चुका है और शीघ्र ही कुरुक्षेत्र को बाईपास मिलेगा। वे केडीबी रोड स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से रूबरू हो रहे थे। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मायाराम चंद्रभानपुरा, इंप्रुवमेंट ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन जलेश शर्मा, नगर पार्षद परमवीर सिंह प्रिंस, नगर पार्षद राजेंद्र सैनी व पवन चौधरी भी उपस्थित थे।

पत्रकार वार्ता में अशोक अरोड़ा ने खुलासा किया कि 9 जुलाई को प्लानिंग कमेटी की जिला स्तरीय कमेटी की बैठक डीसी की अध्यक्षता में हुई जिसमें कुरुक्षेत्र के मास्टर प्लान पर चर्चा हुई। बैठक में जो मास्टर प्लान रखा गया उसमें कुरुक्षेत्र के प्रस्तावित रिंग रोड को उस स्थान पर दिखाया गया है जहां पर आबादी हो चुकी है और अनेक वैध तथा अवैध कॉलोलियां भी बस चुकी हैं। इस स्थान पर रिंग रोड बनना आज भी संभव नही है और 2041 में तो कुरुक्षेत्र की शहरी आबादी डेढ गुना होकर साढे दस लाख के करीब हो जाएगी। अरोड़ा ने बताया कि उन्होने बैठक में सुझाव रखा कि रिंग रोड को शहर के ऊपर लगभग 7-8 किलोमीटर दूर बनाना प्रस्तावित किया जाए। अधिकारियों ने उनके इस सुझाव पर सहमति जताते हुए दोबारा ड्राफ्टट करने का आश्वासन दिया है। अरोड़ा ने बताया कि जब बाईपास की चर्चा आई तो उन्हे अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को बाईपास के बारे में पत्र लिखा गया था लेकिन उसका कोई जवाब ही नही आया। अरोड़ा ने कहा कि मजेदार बात तो यह है कि मुख्यमंत्री दावा करते हैं कि बाईपास जल्द बनेगा जबकि 2041 के मास्टर प्लान में प्रस्तावित बाईपास को कहीं भी दर्शाया नही गया है। अरोड़ा ने यह भी मांग की कि 2041 के मास्टर प्लान में थानेसर विस क्षेत्र के आस-पास के गांव को भी आर-जोन में शामिल किया जाए। उन्होने कहा कि आबादी दिन प्रतिदिन बढ रही है। शहर के चारों ओर रिंग रोड़ होना चाहिए और यह रिंग रोड़ जिस स्थान पर प्रस्तावित है वहां से बदलकर दूर अन्य स्थान पर प्रस्तावित किया जाए।

### जनता नहीं सत्तारूढ दल के नेताओं को ध्यान में रखकर बनाया है मास्टर प्लान

पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने आरोप लगाया कि मास्टर प्लान में आर-जोन उस स्थान पर प्रस्तावित है, जहां सत्तारूढ दल के नेताओं ने कॉलोनी काटने के लिए जमीन खरीदी हुई है। यह मास्टर प्लान जनता के हित के लिए नही बनाया गया है बल्कि सत्तारूढ दल के नेताओं के हित को देखकर बनाया गया है। इस मास्टर प्लान में लाडवा विधानसभा क्षेत्र के ज्यादा एरिया को इसमें शामिल किया गया है। जबकि थानेसर विधानसभा क्षेत्र के आस-पास की सीमा को कम बढाया गया है।

### खाद के लिए परेशान हो रहा अन्नदाता

अशोक अरोड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ इवेंट की सरकार बनकर रह गई है। खाद के लिए प्रदेश का अन्नदाता परेशान हो रहा है, लेकिन सरकार को किसानों की समस्याओं से कोई मतलब नही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। हरियाणा पुलिस कमजोर नही है लेकिन सरकार ने पुलिस को कानून व्यवस्था ठीक करने की बजाए कार्यक्रमों में नही उलझा रखा है। सरकार को चाहिए कि इवेंट्स से बाहर निकलकर प्रदेश की जनता की समस्याओं को जानें व प्रदेश में कानून व्यवस्था बनवाएं।

सम्पादकीय

# अमेरिका में खालिस्तानी आतंकियों पर कार्रवाई सही

हालिया समय में ऐसा संभवतः पहली बार हो रहा है, जब अमेरिका में जांच एजेंसी एफबीआई ने आतंकी गतिविधियों में संलिप्त खालिस्तान समर्थकों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी ने आठ ऐसे आतंकियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें कई प्रमुख नाम शामिल हैं। एक आतंकी पवित्तर सिंह पर पंजाब में अनेक मामले दर्ज हैं और अब वह फर्जी पासपोर्ट पर अमेरिका जाकर बैठ गया था। छह माह पहले उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी हुआ था। गौरतलब है कि सभी आरोपी अमेरिका में अपहरण, टार्चर, गोलीबारी और धमकाने की वारदातों को अंजाम देने में जुटे थे। निश्चित रूप से यह अमेरिकी जांच एजेंसी की बड़ी कामयाबी है, हालांकि जैसा कि हर जगह का सिस्टम है। जिसके नाम की पर्ची नहीं निकलती, उसे कोई छू तक नहीं सकता। अमेरिका और उसके पड़ोसी कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की पूरी आबादी है। बेशक, दूसरे देश में बसकर अपनी आजीविका को अर्जित करने की आजादी है, लेकिन क्या दूसरे देश में बैठकर अपने देश के प्रति साजिश और षड्यंत्र रचने की आजादी होनी चाहिए। यकीनन यह अपराध है, लेकिन इस समय अमेरिका और कनाडा में बैठे खालिस्तानी इस अपराध को पूरे शौक से पूरा कर रहे हैं। आखिर गुरपतवंत सिंह पन्नू नामक आतंकी को क्यों नहीं गिरफ्तार किया गया है, इसके अलावा और भी अनेक नाम हैं, जोकि पंजाब से भागकर विदेश की धरती पर जा छिपे हैं। हाल ही में कनाडा में एक भारतीय कॉमेडियन के रेस्त्रां पर गोलीबारी की वारदात अंजाम दी गई है, क्या कोई समझाएगा कि आखिर खालिस्तानी आतंकियों और गैंगस्टरों के हौसले इस कदर क्यों चढ़ गए हैं।

**गौरतलब है कि पंजाब में खालिस्तानी सोच और गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए रह-रहकर वारदातें सामने आती रहती हैं। बीते दिनों इसका रहस्योद्घाटन हो चुका है, जब आतंकी एवं सांसद अमृतपाल सिंह से जुड़े समर्थकों के द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, अकाली नेता विक्रम सिंह मजीठिया समेत राज्य की कई बड़ी हस्तियों की हत्या की योजना का खुलासा हुआ था। यह सब आतंकी अमृतपाल सिंह पर एनएसए की अवधि एक वर्ष और बढ़ाए जाने की प्रतिक्रिया स्वरूप किया जाना था। गौरतलब है कि इन नेताओं पर सुरक्षा संबंधी खतरे पहले से हैं, हालांकि राजनीतिक दांव पेच हैं कि पंजाब से जुड़े नेताओं की सुरक्षा को कम कर दिया गया है।**

गौरतलब है कि पंजाब में खालिस्तानी सोच और गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए रह-रहकर वारदातें सामने आती रहती हैं। बीते दिनों इसका रहस्योद्घाटन हो चुका है, जब आतंकी एवं सांसद अमृतपाल सिंह से जुड़े समर्थकों के द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, अकाली नेता विक्रम सिंह मजीठिया समेत राज्य की कई बड़ी हस्तियों की हत्या की योजना का खुलासा हुआ था। यह सब आतंकी अमृतपाल सिंह पर एनएसए की अवधि एक वर्ष और बढ़ाए जाने की प्रतिक्रिया स्वरूप किया जाना था। गौरतलब है कि इन नेताओं पर सुरक्षा संबंधी खतरे पहले से हैं, हालांकि राजनीतिक दांव पेच हैं कि पंजाब से जुड़े नेताओं की सुरक्षा को कम कर दिया गया है। बीते दिनों राज्य में जिस प्रकार से विपक्ष के बड़े नेताओं पर हमले हुए हैं, उसके बाद भी क्या यह संदेहपूर्ण रह जाता है कि भविष्य में आतंकी ऐसी वारदात को अंजाम न दें। निश्चित रूप से यह समय पंजाब की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने का है। खालिस्तान समर्थक कनाडा में रहकर भारत और पंजाब विरोधी साजिशों को अंजाम देने में जुटे हैं।

पंजाब एक समय आतंकवाद की तपिश झेल चुका है और अब खुफिया एजेंसियां इसकी रिपोर्ट जाहिर कर रही है कि राज्य से आतंक का खतरा टला नहीं है, जबकि और बढ़ रहा है। पंजाब पहले से विदेश में बैठे खालिस्तानी सोच के लोगों के टारगेट पर है और अब नशे के कारोबार के जरिये जब उनकी दुकानों पर ताले लगने शुरू हुए हैं तो वे बेबस हो रहे हैं। पंजाब में बीते वर्षों में कई हिंदू नेताओं की हत्याएं हो चुकी हैं। राज्य में वर्ष 2016 और 2017 में छह हिंदू और एक ईसाई नेता की हत्याएं की जा चुकी हैं। साल 2022 में भी दो हिंदू नेताओं की हत्याएं की गई हैं। राज्य में खालिस्तान समर्थकों की अब भी बड़ी तादाद है, जोकि हिंदुओं की बढ़ती संख्या से परेशान है। बेशक, किसी धर्म के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी करना अनुचित है लेकिन पंजाब के माहौल को खराब करने के लिए अगर पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई को जिम्मेदार ठहराया जाता है तो फिर इससे खालिस्तान समर्थकों को क्यों तकलीफ होती है? जाहिर है, आईएसआई की योजना पंजाब में फिर से अव्यवस्था पैदा करके अपने नापाक इरादों को पूरा करने की है। दरअसल, सुरक्षा के मामले में राजनीति नहीं होनी चाहिए।

वास्तव में विदेश की धरती पर खालिस्तान समर्थकों की पहचान और उनकी धरपकड़ की जानी जरूरी है। बेशक यह मुश्किल काम है, क्योंकि कनाडा में एक आतंकी निज्जर की हत्या को वहां के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने मुद्दा बना लिया था। आतंकवाद को किसी भी सूरत में समर्थन नहीं मिलना चाहिए। पंजाब के संदर्भों में खालिस्तान का एकमात्र अर्थ आतंकवाद है। पंजाब अब शांति और खुशहाली के पथ पर अग्रसर है, यहां न आतंकवाद चलने वाला है और न ही खालिस्तानी गतिविधियां।

# हरियाणा की राजनीति के युग दृष्टा बने मनोहर लाल


## अंत्योदय को जीने वाले मनोहरलाल ने मुख्यमंत्री रहते विरोधियों के सामने खींच दी बड़ी लकीर

दैनिक अर्थ प्रकाश

**दृढ़ संकल्प से प्रशासनिक सुधारों के पुरोधा कहे जाएंगे मनोहर लाल**



पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल जब तक हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे उन्होंने जीवटता के साथ अंतोदय की भावना को जिंदा रखा और उनकी यह भावना आज भी सरकार की रीति नीतियों में साफ झलकती है। आज केंद्रीय मंत्री होने के बाद भी वह आम आदमी और उनकी समस्याओं के प्रति सदा सजग रहते हैं। उनका हमेशा मानना रहा है कि सत्ता सुख भोगने का माध्यम नहीं बल्कि पूर्ण समर्पण व मनोयोग से जनता की सेवा का सशक्त माध्यम है। ऐसा उन्होंने अपनी कार्यशैली से कर के भी दिखाया। अपने राजनैतिक सफर में उन्होंने सार्वजनिक लोकहित के कार्यों को सदैव प्राथमिकता दी। अपनी पार्टी के राजनीतिक कार्यकर्ताओं के ही नही अपितु विपक्षियों के समक्ष भी उन्होंने एक ऐसा अद्वितीय उदाहरण पेश किया कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा के समक्ष संगठन व पार्टी का निर्णय बड़ा होता है। यही कारण है कि उन्होंने मुख्यमंत्री के दायित्व को छोड़ने में एक पल भी नहीं लगाया और न ही किसी को भनक तक लगने दी, जो एक परिपक्व और संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने एक रात के अंदर ही विधायक के पद से इस्तीफा देकर नायब सिंह सैनी जी के मुख्यमंत्री के दायित्व को भी स्थाई किया। ऐसा राजनीति के इतिहास में कम ही देखने को मिलता है। मुंह पर तारीफ़ तो हर कोई करता है परन्तु मज़ा तो तब है जब आपकी तारीफ़ पीठ पीछे हो और यह तारीफ़ इतिहास का हिस्सा बन जाए। कुछ ऐसे ही हैं मेरे जैसे हजारों कार्यकर्ताओं और नेताओं के चहेते, मेरे राजनीतिक आदर्श व प्रेरणा स्रोत वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री आदरणीय श्री मनोहर लाल जी। वे अपने कपड़ों का बैग लेकर मुख्यमंत्री आवास में आए थे और दृढ़ संकल्प से प्रदेश को



अनगिनत सुधारों का उपहार देकर वही कपड़ों का बैग लेकर माँ भारती की सेवा करने केंद्र सरकार में चले गए। अद्भुत व्यक्तित्व के धनी, अपनी धुन के पक्के और कट्टर ईमानदार ऐसे व्यक्तित्व के सानिध्य में मुझे भी अनेकों वर्ष संघ में व राजनैतिक क्षेत्र में कार्य करने का सौभाग्य मिला। आपने लोकहित ही सर्वदा प्रथम माना, अपने सिद्धांतों से कभी समझोता नहीं किया, चाहे कुछ भी हो जाए, आपके राजनीति काल खंड के दौरान अनेक चुनौतियां भी आई आपने बड़ी ही सूज बुझ से रास्ता निकाला। प्रदेश में हजारों युवा बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी लगे जिनमें से बहुत सारे ऐसे परिवारों के बच्चे थे जिन परिवारों में पहली बार सरकारी नौकरी पहुंची थी। उन हज़ारों गरीब माताओं के आशीर्वाद से प्रदेश में वर्तमान नायब सरकार भी उसी नीति पर चलते हुए जनसेवा में समर्पित है।

मनोहर लाल जी हरियाणा में व्यवस्था परिवर्तन के जनक कैसे हैं इसका एक उदाहरण ये है कि मुख्यमंत्री को ये पॉवर होती है वो किसी भी क्लास थ्री कर्मचारी को एच.सी.एस. अधिकारी लगा सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्रियों द्वारा अक्सर अपने कुछ खास लोगों को सीधा एच.सी.एस. अधिकारी लगा दिया जाता था। मनोहर लाल जब मुख्यमंत्री बने तो उनको भी अधिकारियों ने बताया की जी ऐसे कुछ क्लास थ्री कर्मचारियों को सीधा एच.सी.एस. लगाना है। आप अपने ख़ास नजदीकी लोगों के नाम बता दो।मनोहर लाल ने पलट कर कहा कि मेरा तो सारा हरियाणा खास है। अधिकारी उनकी बात सुनकर सन्न रह गए। तब मनोहर लाल आदेश देते हैं की हरियाणा के सभी क्लास थ्री कर्मचारियों से आवेदन माँगो,पेपर लो,मेरिट बनाओ और जो ऊपर आता है उसे एच.सी.एस. लगा दो और सदा के लिए यह व्यवस्था हरियाणा मे क़ायम कर दी, तभी तो मैं अक्सर कहता हूं कि नाम मनोहर और काम भी मनोहर।

मनोहर लाल हरियाणा के एक प्रमुख राजनेता हैं जिन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री रहते ऐसे अनेक फैसले लिए जो प्रदेश के इतिहास में एक अद्भुत मिसाल बन गए। उनका राजनीतिक जीवन कई उतार-चढ़ाव से भरा रहा है, और उन्होंने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अपनी शिक्षा दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त की और बाद में विश्व के सबसे बड़े स्वयं सेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) के साथ जुड़ गए। लम्बे समय तक संघ में प्रचारक रहने के बाद संघ की योजना से ही आपको भाजपा में भेजा गया और हरियाणा प्रदेश का संगठन महामन्त्री बनाया गया। पार्टी ने 2014 में उन्हें करनाल विधानसभा से टिकट दिया और उन्होंने एतिहासिक जीत दर्ज की और पार्टी द्वारा उन्हें हरियाणा का मुख्यमंत्री बनाया गया।

जातिवाद से ऊपर उठकर उन्होंने 'हरियाणा एक हरियाणवी एक' के संकल्प से कार्य किया। क्षेत्रवाद से भी उन्होंने अपने आप को कोसों दूर रखा, जिस क्षेत्र से पार्टी के विधायक नहीं थे उन क्षेत्रों में समग्र विकास आपकी प्राथमिकता रहीं। किसान आंदोलन हो जाट आरक्षण आंदोलन हो या करोना जैसी भयानक त्रासदी से प्रदेश को बड़ी ही संजीदगी से निकाला।

**बड़े बड़े संकट भी उनको अपने लोकहित के सिद्धांतों से हिला न सके।**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए कई कदम उठाए, जिससे राज्य की तस्वीर बदली। मनोहर लाल सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सुधार के लिए कई पहल की। उन्होंने राज्य में नए स्कूल और कॉलेज खोले, और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रदेश के हर जिला में मैडिकल कालेज व अस्पतालों का निर्माण किया। मनोहर लाल सरकार ने हरियाणा को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई कदम उठाए। उन्होंने उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई नीतियों को लागू किया, जिससे राज्य में निवेश बढ़ा और रोजगार के नए अवसर पैदा हुए।

बिजली व्यवस्था, ऑनलाइन ट्रांसफर नीति, ऑनलाइन पेंशन, एक ही छत के नीचे अधिकतर सरकारी योजनाओं का संचालन, गांव में व्यायाम शाला, तालाबों का सौंदर्य करण, बिना खर्ची व बिना पर्ची के नौकरी, स्ष्ट आयोग का गठन, स्ष्ट(,) वर्ग को शिक्षा में आरक्षण, सफाई कर्मचारी आयोग का गठन, केंद्र की तर्ज पर स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा का गठन, मेरा पानी, मेरी विरासत, भावान्तर भरपाई योजना, हर टेल तक पानी पहुंचाने का संकल्प पूरा किया, चौकीदारों की, सफाई कर्मचारियों की, आंगनवाड़ी कर्मचारियों के वेतन में भारी वृद्धि, भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़े कानून, आदि कुछ ऐसे फैसले है जिनसे हरियाणा की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत दिखाई देती हैं।

मनोहर लाल के कार्यकाल के दौरान हरियाणा में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। उनकी सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए कई कदम उठाए, जिससे राज्य की तस्वीर बदली। उनके प्रयासों से हरियाणा आज एक विकसित और समृद्ध राज्य बन गया है।

मुझे गर्व है कि उनके मार्गदर्शन में मुझे राजनीति में आने का अवसर मिला।यदि मनोहर लाल को प्रदेश की राजनीति का व्यवस्था प्रवर्तक कहे तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

लेखक
**श्री सुभाष चंद्र**
वरिष्ठ पत्रकार एवं स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाइस चेयरमैन है

अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

## पंजाब पैकेज पर बहस की मांग विधानसभा में हंगामा

चंडीगढ़। पंजाब विधानसभा में आज सुबह राज्य काल शुरु होते ही विपक्षी सदस्यों ने राज्य की कानूनी व्यवस्था की स्थिति व पंजाब पैकेज के मामले पर बहस करवाये जाने के मामले को लेकर काफी शोर-शराबा किया और धरना दिया, जिस पर सदन संघ का कार्रवाई आधे घंटे के लिए स्थगित कर दी गई। शून्य काल के शुरु होते ही विपक्षी सदस्यों ने इन मुद्दों पर बहस करवाने की मांग की। लेकिन अध्यक्ष महोदय ने उनकी इस मांग को रद्दकर दिया। फिर भी सदन में शोर शराबा निरंतर जारी रहा। अध्यक्ष महोदय ने उन्हें बार-बार शांत रहने और अपनी सीटों पर वापिस बैठ जाने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि यह कार्रवाई प्रेस में नहीं छपेगी। फिर भी विपक्षी सदस्यों ने अपना शोर-शराबा जारी रखा, जिससे अध्यक्ष महोदय को आंधे घंटे के लिए बैठक स्थगित करनी पड़ी।।

### 6 खाड़कू सहित 11 मरे

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि के दौरान छह खाड़कूओं सहित 11 मारे गए, जबकि खाड़कुओं ने एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक खाड़कुओं ने मजिठा पुलिस जिला के गांव भोपुराय में भगवान सिंह एवं देवा सिंह नामक दो व्यक्तियों का अपहरण करने के बाद गांव के बाहर ले जाकर हत्या कर दी। इसी दौरान सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में जिला फिरोजपुर के गांव रहनेवाल व संगरूर जिला के गांव सकरौली तथा फरीदकोट जिला के गांव मिनटक में दो-दो खाड़कू मारे गए। जबकि खाड़कुओं के एक गिरोह ने पटेना गांव में एक इंका कार्यकर्ता उमराव सिंह के घर में घुसकर तीन व्यक्ति को घायल किया जिसमें हरभज सिंह व मोहन सिंह तथा एक भव्य व्यक्ति बताए जाते पटियाला जिला कें गांव गाजिपुर से खाड़कुओं ने जसपाल नामक एक खाड़कुओं ने जसपाल नामक एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया।

### प्रशासक से नागरिक समिति द्वारा भेंट

चंडीगढ़। चंडीगढ़ सिटीजन वेल्फेयर कौंसिल का एक प्रतिनिधि मंडल नगर प्रशासक श्री सुरेन्द्र नाथ के साथ यहां मिला और उसने प्रशासक को नगर की आम समस्याओं से अवगत कराते हुए इनसे संबंधित एक ज्ञापन दिया।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1662- इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय ने लंदन में रॉयल सोसायटी को अधिनियमित किया।

1795- 'मार्सिलेस 'फ्रांस का राष्ट्रगान बना।

1904- अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना।

1910- एमिल क्रेपलिन ने एलॉइस अल्जाइमर के नाम पर अल्जाइमर बीमारी का नाम दिया।

1916- दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग की शुरुआत।

1926- बॉम्बे (अब मुम्बई) में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत।

1955- प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा की।

1961- स्पेन ने पुरुषों और महिलाओं के लिए समान अधिकारों को स्वीकार किया।

1968- अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ के बीच वाणिज्यिक विमान सेवा की शुरुआत।

1979- भारत के प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने अपने पद से इस्तीफा दिया।

1984- पंजाब में सिख समुदाय के अशांत होने के बाद पंजाब को आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया।

2000- सिएरा लियोन में सैन्य कार्यवाही द्वारा सभी भारतीय सैनिक बंधक मुक्त।

2002- अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे उमर शेख़ को पाकिस्तानी अदालत द्वारा मौत की सज़ा सुनाई गई।

2004- माओवादियों से वार्ता में नेपाल के प्रधानमंत्री ने विदेशी मध्यस्थता मंजूर की।

2010- भारतीय रुपया चिह्न (?)भारत सरकार द्वारा सार्वजनिक किया गया था।


2011- भारत ने एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी द्वारा आधुनिक संचार उपग्रह जीसैट-12 को अंतरिक्ष कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया।

2017- गणित का प्रतिष्ठित सम्मान फील्ड्स मेडल पाने वाली पहली महिला गणितज्ञ मरियम मिर्जाखानी का निधन।

2018- फ्रांस ने क्रोएशिया को 4-2 से हराकर अपना दूसरा फीफा विश्व कप खिताब जीता।

## बोल ब्यूटीफुल

**केजेएस ढिल्लों:** आतंक के साथ समझौते का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता और इस मुद्दे पर वही रुख अपनाया जा सकता है, जो रक्षा मंत्री ने अपनाया। जय हिन्द।



**निखिल सैनी:** हिमाचल में भारी बारिश और बादल फटने के बाद पानी के साथ लकड़ियों का जो सैलाब आ रहा है, वह दर्शाता है कि राज्य में कितने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हो रही है। किसी के मन में अगर वर्षा के पैटर्न में बदलाव को लेकर सवाल उठ रहा हो तो इसका जवाब इसी पहलू में छिपा है।

**अनुपम के. सिंह:** चीन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की यह फटकार याद रखेगा कि आतंकवाद के साथ शांति का कोई सह अस्तित्व नहीं हो सकता। नया भारत घर में घुसकर लताड़ता भी है।

**प्रभाकर मिश्रा:** प्यारे देशवासियों वाला संबोधन तो हम अक्सर सुनते रहते है, लेकिन ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के इस संबोधन में जो बात है वह और कहा। कैप्टन शुक्ला ने देशवासियों को इन्हीं गौरवपूर्ण शब्दों से संबोधित किया। जय हिन्द।

**केविन पीटरसन:** जब विराट कोहली संघर्ष कर रहे थे तो लोगों ने उन्हें खारिज करना शुरु किया। ऐसा ही कुछ शुभमन गिल को लेकर भी होने लगा। जबकि ऐसा उम्दा खिलाड़ियों की क्षमताओं पर कभी संदेह नहीं करना चाहिए।


# सुप्रीम कोर्ट के सुझाव पर अमल करे चुनाव आयोग, अवैध घुसपैठियों के खिलाफ भी हो कड़ी कार्रवाई

बिहार में मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान- एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए देश की सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लंबी सुनवाई करने और दोनों पक्षों के तर्कों को सुनने के बाद चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वह मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए जरूरी मान्य दस्तावेजों में आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड को भी शामिल करने पर विचार करे। देश की सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग से कई अहम मुद्दों पर जवाब दाखिल करने को भी कहा है। मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को होगी।

हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर रोक नहीं लगाई है। यानी चुनाव आयोग द्वारा चलाया गया यह विशेष अभियान चलता रहेगा। लेकिन अदालत ने आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर बिहार के आम मतदाताओं की मुश्किलों को भी आसान करने का प्रयास किया है। इससे पूरी प्रक्रिया आसान होगी और वोटर लिस्ट को लेकर जिस तरह की आशंकाएं पैदा हो रही है, उसे भी कम करने में मदद मिलेगी।

दरअसल, भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में चुनाव आयोग का काम ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को वोटर लिस्ट में शामिल कर, उन्हें वोट देने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करना है। चुनाव आयोग का काम वोटर लिस्ट से जीवित मतदाताओं का नाम हटाना नहीं है। चुनाव आयोग किसी भी मतदाता से उसका मताधिकार कतई नहीं छीन सकता है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, बिहार सहित पूरे देश में आधार कार्ड को जिस तरह से बाकी सभी कार्डों, बैंक खातों और सरकारी योजनाओं से जोड़ा गया है, उसके बाद आधार कार्ड को पूरी तरह से खारिज करने से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे थे। बिहार में कई जिलों में इस अभियान के तहत आधार कार्ड को स्वीकार किया जा रहा था और कई जिलों में नहीं किया जा रहा था, जिससे कन्फ्यूजन की स्थिति बनी हुई थी। ऐसे में यह बहुत जरूरी माना जा रहा था कि चुनाव आयोग कोई बीच का रास्ता निकाले।

सुप्रीम कोर्ट ने भले ही एसआईआर पर रोक नहीं लगाई हो लेकिन टाइमिंग को लेकर जो






सवाल पूछे हैं, उससे चुनाव आयोग की इस पूरी कवायद पर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनाव और चुनाव आयोग के इस अभियान को लेकर सुनवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण सवाल भी पूछे। हालांकि जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाला बागची की पीठ ने साफ-साफ कहा कि वे संवैधानिक संस्था को वह करने से नहीं रोक सकते जो उसे करना चाहिए। लेकिन कोर्ट ने चुनाव आयोग को अपना जवाबी हलफनामा दायर करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। वहीं याचिकाकर्ताओं को उसके एक सप्ताह बाद जवाब दाखिल करने के लिए कहा है।

यह मामला केवल बिहार तक ही सीमित रहने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में दूसरे राज्यों में मतदाता सूची की समीक्षा कैसे होगी, यह बिहार के मॉडल पर निर्भर करेगा इसलिए सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले पर सबकी नजरें बनी रहेंगी।

हालांकि यह भी एक कड़वा सच है कि बिहार सहित देश के कई राज्यों में अवैध घुसपैठियों की भरमार हो गई है। भारत 70 के दशक से ही बांग्लादेश से आने वाले अवैध घुसपैठियों से त्रस्त रहा है और पिछले कुछ वर्षों के दौरान म्यामांर से भी रोहिंग्या मुसलमानों की घुसपैठ देश में बढ़ती जा रही है। देश के कई जिलों में इन अवैध घुसपैठियों की वजह से हालात काफी भयावह हो गए हैं, इसे नकारा नहीं जा सकता है। बिहार के भी कई जिले, अवैध घुसपैठियों से भरे पड़े हैं, इस सच्चाई को भी खारिज नहीं किया जा सकता। कहा जाता है कि बिहार के सीमांचल इलाकों में अवैध घुसपैठियों की संख्या तेजी से बड़ी है लेकिन सच्चाई यह है कि बिहार का हर जिला बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों से पीड़ित है। बिहार के मिथिलांचल इलाके में भी अवैध घुसपैठियों की संख्या खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। लेकिन इस समस्या का समाधान कर पाना चुनाव आयोग के वश में नहीं है। इसके लिए केंद्र सरकार और केंद्रीय गृह मंत्रालय को विभिन्न एजेंसियों और राज्य सरकारों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर अभियान चलाना होगा। एक तरफ सीमा से होने वाली घुसपैठ को हर हाल में रोकना होगा, दूसरी तरफ सीमावर्ती जिलों के प्रशासनिक ढांचे को भ्रष्टाचार मुक्त और चुस्त-दुरुस्त बनाना होगा। इसके साथ ही देश में घुस चुके घुसपैठियों को देश से हर कीमत पर बाहर भगाने के लिए भी एक व्यापक अभियान चलाना होगा। यह समय की मांग है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को बाहर भगाने के लिए जल्द से जल्द इस तरह का अभियान बड़े पैमाने पर शुरू किया जाए।

# मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री से भेंट की राज्य की ऋण सीमा बढ़ाने का किया आग्रह

मुख्य सचिव प्रबांध सक्सेना व मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह रहे मौके पर मौजूद

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 14 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की।

मुख्यमंत्री ने केंद्रीय वित्त मंत्री को हिमाचल प्रदेश की वित्तीय स्थिति से अवगत करवाया और प्रदेश की ऋण सीमा बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने जानकारी दी कि हाल ही में भारी बारिश के कारण प्रदेश में भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार से राज्य को सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

उन्होंने वित्त मंत्रालय में प्रदेश के लम्बित विभिन्न मामलों पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना और मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हवाई सम्पर्क विस्तार और शिमला व धर्मशाला को नियमित हवाई सेवाओं का आग्रह किया



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू से भेंट कर हिमाचल प्रदेश में हवाई सम्पर्क को सुदृढ़ करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने दिल्ली-शिमला-धर्मशाला और धर्मशाला-शिमला-दिल्ली हवाई उड़ानों का संचालन नियमित रूप से करने का आग्रह किया जो वर्तमान में केवल तीन दिन ही संचालित हो रही हैं। उन्होंने बताया कि नियमित उड़ाने नहीं होने से पर्यटकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने धर्मशाला नाइट लेडिंग की सुविधा शुरू करवाने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने श्री नायडू को कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार की स्थिति की जानकारी दी और भूमि अधिग्रहण की अधिक लागत को ध्यान में रखते हुए विशेष सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि पूर्व में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री के साथ भी इस विषय पर चर्चा कर नागरिक उड्डयन मंत्रालय से सहायता का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि इस हवाई अड्डे के निर्माण से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। श्री सुक्खू ने प्रदेश में हवाई सम्पर्क और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए चार नए हैलीपोर्ट के निर्माण का भी अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने शिमला हवाई अड्डे के विस्तार पर भी चर्चा की और वहां की वॉच ऑवर समय सीमा को दोपहर एक बजे से आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों की तर्ज पर शिमला में डॉर्नियर प्रकार के विमानों के संचालन का प्रस्ताव भी दिया। उन्होंने शिमला के लिए अतिरिक्त एयरलाइन ऑपरेटर की सेवाएं प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, प्रधान आवासीय आयुक्त सुशील कुमार सिंगला और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# सोलन में पेयजल किल्लत को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, डीसी के माध्यम से भेजी राज्यपाल को पाती

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 14 जुलाई।** सोलन शहर में चल रही पेयजल किल्लत के खिलाफ भाजपा ने सोमवार को जलशक्ति विभाग कार्यालय, रबौण के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा ने कहा कि यह संकट को 'जल नहीं, बल्कि व्यवस्था का संकट' है। प्रदर्शन की अगुवाई सोलन शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने की। इस विरोध प्रदर्शन में पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, नगर निगम सोलन की उपमहापौर मीरा आनंद, पार्षदगण और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, जलशक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री, और स्थानीय विधायक व स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सोलन में दो प्रमुख पेयजल योजनाएं अश्विनी खड्ड और गिरी नदी आधारित होने के बावजूद लोगों को वर्ष भर जल संकट से जूझना पड़ता है।

इस दौरान मीरा आनंद, राजेश कश्यप, धर्मेंद्र ठाकुर, सुषमा शर्मा, रजनी, रेखा साहनी, अमरदीप पांजा, सीमा, विवेक डोभाल, भरत साहनी, तरसेम भारती, अनिल कुमार, दिनेश शुक्ला, कर्म चंद शर्मा, शांता धीमान, कृष्णा ठाकुर, राजू कुंद्रा, जगदीश गर्ग, रचित साहनी, रेणु कलसी, संजीव मोहन, विशाखा, प्रियंक अग्रवाल, पूजा, विधि चंद शर्मा, सुभाष शर्मा, मुनी लाल परिहार, भूपेंद्र ठाकुर, मुकेश शर्मा, जसवीर सिंह, उर्मिला चौहान, प्रिया, अभिषेक ठाकुर, कुलदीप गुप्ता, नेहा, अजय धीमान, बी एन बाली, संजय महाजन, गौरव राजपूत, शिशुपाल, नरेश गांधी, श्यामाजी भटनागर, मनीष, कृष्ण आर्यन, राकेश मेहता समेत अन्य शामिल रहे।

### प्रशासनिक लापरवाही व विभाग की विफलताः गुप्ता

सोलन शहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा, 卐यह संकट सिर्फ पानी की कमी का नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय विफलता का परिणाम है। सरकार विकास नहीं, घोषणाओं में व्यस्त है। प्रदर्शनकारियों ने राज्यपाल को जिला प्रशासन के माध्यम से एक ज्ञापन भेजा, जिसमें मांग की गई कि जलशक्ति और शहरी विकास विभाग के सचिवों की संयुक्त समिति गठित कर जांच करवाई जाए और दोषियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई हो। साथ ही, किसी भी ठोस सुधारात्मक योजना को शीघ्र लागू करने की मांग की गई। भाजपा ने चेतावनी दी कि यदि पेयजल संकट का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी और सडक़ों पर उतरेगी। करीब दो घंटे तक चला यह विरोध प्रदर्शन जलशक्ति विभाग के खिलाफ गंभीर आरोपों और सरकार के प्रति आक्रोश के साथ संपन्न हुआ।

# मंडी के बाढ़ प्रभावितों के लिए ऊना से राहत सामग्री रवाना

## हरोली ब्लॉक उद्योग संघ टाहलीवाल की मानवीय पहल, उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 14 जुलाई।** बाढ़ प्रभावित मंडी जिले के सिराज क्षेत्र के परिवारों के लिए राहत भेजकर ऊना जिले ने एक एकजुटता और मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। हरोली ब्लॉक उद्योग संघ टाहलीवाल द्वारा एकत्रित राहत सामग्री और आवश्यक सामान से भरे वाहन को आज मंडी जिला के लिए उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने संघ की सामाजिक ज़िम्मेदारी और आपदा के समय सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की।

उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि स्थानीय संगठनों की इस प्रकार की सक्रिय भागीदारी न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह संकट की घड़ी में समाज की एकजुटता और करुणा का सशक्त उदाहरण भी है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों और संगठनों से आगे आकर राहत प्रयासों में योगदान देने की अपील की ताकि प्रभावित परिवारों को शीघ्र सहायता मिल सके। गौरतलब है कि जिला ऊना प्रशासन, सामाजिक संस्थाएं और औद्योगिक प्रतिष्ठान मिलकर मंडी जिले के प्रभावित क्षेत्रों तक राहत पहुंचाने में निरंतर जुटे हुए हैं।

# पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में हिमाचल प्रदेश का पहला 2025 आईसी 3 रीजनल फोरम आयोजित

हिमाचल में परामर्श-आधारित शिक्षा प्रणाली की दिशा में एक प्रभावशाली मंच

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 14 जुलाई।** हिमाचल में पहली बार पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में 2025 आईसी 3 रीजनल फोरम की मेज़बानी की। इस कार्यक्रम में देश और विदेश से आए 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें स्कूल प्रमुख, शिक्षाविद और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि शामिल थे। फोरम का उद्देश्य स्कूल परामर्श और कैरियर मार्गदर्शन के बदलते स्वरूप पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देना था। फोरम की शुरुआत पाइनग्रोव के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें नृत्य और ताल वाद्य की शानदार प्रस्तुति शामिल थी। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था'परामर्श को एक संस्कृति के रूप में अपनाना'और उपविषय'परामर्श को भविष्य की कार्य दुनिया के साथ संरेखित करना', जिससे यह स्पष्ट हुआ कि वैश्विक बदलावों के चलते शिक्षा व्यवस्था में करियर परामर्श को प्राथमिकता देना समय की माँग है।

इस अवसर पर इनग्रोव स्कूल के कार्यकारी निदेशक व बीएसएआई के अध्यक्ष कैप्टन ए. जे. सिंह , काउंसलर और विशेष शिक्षक श्रीया ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। संजय चौहान, प्रधानाचार्य, पाइनग्रोव स्कूल ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मंच पर उपस्थित प्रमुख वक्ताओं का परिचय करवाया।

पाइनग्रोव स्कूल में आयोजित 2025 आईसी3 रीजनल फोरम हिमाचल में परामर्श-आधारित शिक्षा प्रणाली की दिशा में एक प्रभावशाली मंच बना जिसने विचारों के आदान-प्रदान, साझेदारी, भविष्य के लिए सकारात्मक बदलाव, सहयोग, सीखने और उद्देश्यपूर्ण कार्यों के लिए एक समृद्ध मंच प्रदान किया।समन्वयक श्री संजीव चुग के मार्गदर्शन में पाइनग्रोव में आयोजित 2025 आईसी3 क्षेत्रीय मंच स्कूल परामर्श की उद्देश्यपूर्ण प्रक्रियाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

### इन्होंने रखे अपने विचार...

विनय पांडे ने अपने अनुभव साझा करते हुए यह बताया कि कैसे परामर्श विद्यार्थियों को बदलती कैरियर संभावनाओं के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। फोरम के दौरान एकसंगठित विश्वविद्यालय मेले का भी आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को देश-विदेश के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला। विभिन्न सत्रों में विविध दृष्टिकोण सामने आए। ऋतिका सिंह ने विद्यालयों में परामर्श को संस्थागत रूप देने की प्रक्रिया पर विचार साझा किए जबकि क्रिस्टीन अंबर तिवारी ने 'नेविगेटिंग द शिफ्ट÷ नो मैप्स, जस्ट मोमेंटम' विषय पर भविष्य के कैरियर की अनिश्चितताओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रथम जैनने 'फ्यूचर-प्रूफिंग स्टूडेंट्स' विषय पर चर्चा करते हुए उद्योग और पाठ्यक्रम के बीच सामंजस्य की आवश्यकता पर बल दिया। अंतिम सत्र 'बिकम द चेंजः आगे की राह' में कार्यक्रम की मुख्य बातों का उल्लेख किया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री 16 जुलाई को बद्दी के प्रवास पर

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 14 जुलाई।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 16 जुलाई, 2025 को सोलन ज़िला के प्रवास पर आ रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री 16 जुलाई, 2025 को प्रातः 11.30 बजे सोलन के बद्दी स्थित दवा परीक्षण प्रयोगशाला का दौरा करेंगे।

# प्रदेश हैंडबॉल संघ की बैठक 20 को सुंदरनगर में : शर्मा

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 14 जुलाई।** भारतीय हैंडबॉल संघ और राज्य युवा सेवाएं एवं खेल विभाग से मान्यता प्राप्त हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ की वार्षिक आम बैठक एवं चुनाव 20 जुलाई को सुंदरनगर में होंगे। जानकारी देते हुए हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव नंदकिशोर शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संग वर्ष 1978 से प्रदेश में कार्य कर रहा है। इस दौरान संघ ने 10 राष्ट्रीय स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश संघ द्वारा चयनित टीमों ने राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की नुमाइंदगी कर चुके हैं। वर्तमान में प्रदेश में 10 जिला हैंडबॉल संघ हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ से एफिलिएटेड हैं। ये सभी जिला संघ हिमाचल प्रदेश सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट-2006 के अंतर्गत पंजीकृत हैं तथा इन खेल संघों को अपने-2 जिला युवा सेवाएं एवं खेल कार्यालय से भी मान्यता प्राप्त है। निष्पक्ष चुनाव के लिए मंडी बार एसोसिएशन के अधिवक्ता करणवीर को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। चुनाव में हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया तथा राज्य खेल विभाग के पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिला संघ से 2 प्रतिनिधि इस चुनाव में भाग लेंगे तथा इन्हीं में से हिमाचल प्रदेश हैंडबॉल संघ की राज्य कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। प्रदेश संघ में 50 फीसदी सदस्य कम से कम राज्य स्तर पर हैंडबॉल खेले हुए खिलाड़ी होंगे, जबकि 25 फीसदी आरक्षण महिलाओं के लिए होगा।

# सीईडीएसए कॉन्क्लेव भारत में डायरेक्ट सेलिंग के भविष्य पर केंद्रित

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 14 जुलाई।** शूलिनी विश्वविद्यालय ने डायरेक्ट सेलिंग पर चौथे सीईडीएसए कॉन्क्लेव का आयोजन किया। यह एक प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम था जिसमें भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग के उभरते भविष्य पर चर्चा करने के लिए उद्योग जगत के शीर्ष नेताओं, शिक्षाविदों, उद्यमियों और नीति निर्माताओं ने एक साथ भाग लिया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन कुलाधिपति प्रो. पी.के. खोसला और कुलपति प्रो. अतुल खोसला ने किया, जिन्होंने नेतृत्व, दूरदर्शिता और अखंडता के उन मूल्यों पर बात की जिन्होंने शूलिनी विश्वविद्यालय को आकार दिया। प्रो. अतुल खोसला ने युवा पेशेवरों से शांत, आत्मविश्वासी और भविष्य के लिए तैयार रहने का आग्रह किया।

इस कॉन्क्लेव का आयोजन भारत के डायरेक्ट सेलिंग में पहले पीएचडी धारकों में से एक, प्रोफेसर कमल कांत वशिष्ठ ने किया था, जिन्हें व्यापक रूप से उद्योग का अकादमिक चेहरा माना जाता है। अपने मुख्य भाषण में, प्रोफेसर वशिष्ठ ने डायरेक्ट सेलिंग में औपचारिक शिक्षा की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और ÷जुनून को पेशे में बदलने÷ के महत्व पर बल दिया। अपने मार्गदर्शक विश्वास का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा, ÷नीयत में बरकत÷ का आशीर्वाद इरादों में निहित है।

दो दिनों में डिजिटल परिवर्तन, नैतिक शासन, महिला सशक्तिकरण और उद्योग के दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर केंद्रित चार प्रभावशाली पैनल चर्चाएँ हुई। दीपक बजाज, गौतम बाली, ए.पी. रेड्डी, राजीव गुप्ता, रफीक अहमद, राहुल, डॉ. गोपालम सुल्तानिया, विशाल वत्स और राजेश अग्रवाल सहित उद्योग विशेषज्ञों ने एक पेशेवर और भरोसेमंद डायरेक्ट सेलिंग इकोसिस्टम के निर्माण पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की।

महिला नेताओं ने भी मुख्य मंच पर आकर डायरेक्ट सेलिंग के माध्यम से विकास और स्वतंत्रता की प्रभावशाली कहानियाँ साझा कीं। प्रियंका भाटिया, धर्मशीला कुमारी, डॉ. स्वाति जोगी, मधु और एडवोकेट प्रियंका शर्मा ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे डायरेक्ट सेलिंग ने महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता, आत्मविश्वास और व्यक्तिगत विकास हासिल करने में मदद की है। एडवोकेट प्रियंका शर्मा ने महिलाओं के लिए कानूनी जागरूकता और सहायक कार्य वातावरण बनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम का समापन उद्योग के तीन दिग्गजों, गौतम बाली, प्रबंध निदेशक, वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड, ए.पी. रेड्डी, अध्यक्ष, एफडीएसए, और राजेश अग्रवाल, प्रसिद्ध प्रबंधन संरक्षक और प्रशिक्षक, को भारत में डायरेक्ट सेलिंग के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए गोल्डन रुद्राक्ष पुरस्कार प्रदान करने के साथ हुआ।

अपने समापन भाषण में, शूलिनी विश्वविद्यालय में नवाचार और विपणन निदेशक प्रोफेसर आशीष खोसला ने व्यवसाय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती भूमिका और यह कैसे डायरेक्ट सेलिंग क्षेत्र को और सशक्त बना सकता है, के बारे में बात की।

# 7.140 ग्राम चिट्टा/हैरोइन सहित एक युवती व एक युवक गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 14 जुलाई।** पुलिस थाना मनाली की टीम द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर नवीन पार्किंग (गोम्पा रोड मनाली) के समीप एक रिहायशी मकान के तीसरी मंजिल में रह रहे किरायेदार विक्रम सिंह उर्फ विक्की (26 वर्ष) पुत्र सुरेश चन्द निवासी उमरी विजर्ग डाकघर रेरिया तहसील डेरापुर जिला कानपुर देहात (उत्तर प्रदेश) व एक युवती निवासी टिक्कावनी डाकघर योल कैन्ट जिला कांगड़ा के कमरे में दबिश दी तथा कमरे की विधिवत तलाशी के दौरान 7.140 ग्राम चिट्टा/हैरोइन बरामद की गई है । उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करने के उपरांत बरामदा नशा की खरीद फरोख्त का पता लगाया जा रहा है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

# महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय ने 'एएल फार टीचिंग एंड रिसर्च' विषय पर फैकल्टी डिवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बद्दी, 14 जुलाई।** महाराजा अग्रसेन विष्वविद्यालय, बद्दी ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईसीटी अकादमी, एनआईटी पटना के सहयोग से 'एएल फार टीचिंग एण्ड़ रिसर्च' विषय पर एक सप्ताह तक चलने वाले फैकल्टी डिवलपमैंट प्रोग्राम (एफडीपी) का उद्घाटन किया, जो 14 से 21 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षाविदों और षोधकर्ताओं को षिक्षण पद्धतियों और शोध में एआई के गहन ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों से सषक्त बनाना है।

उद्घाटन सत्र में प्रो. (डॉ.) पंकज नांगलिया, रजिस्ट्रार ने एफडीपी के उद्देष्यों और रूपरेखा का परिचय दिया। महाराजा अग्रसेन विश्व-विद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) आर.के. गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में शिक्षा को नया रूप देने में एआई की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया और फैकल्टी को प्रभावी षिक्षण और प्रभावशाली अनुसंधान के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

चांसलर नामित सुरेश गुप्ता ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया और ऐसे उन्नत शिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से फैकल्टी के क्षमता निर्माण के लिए एनआईटी पटना जैसे प्रमुख संस्थान के साथ विश्वविद्यालय के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की। मुख्य भाषण, पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज, चंडीगढ़ के कंप्यूटर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. (डॉ.) संजीव सोफत ने दिया। उन्होंने उभरते एआई रूझानों और शिक्षा जगत में उनके वास्तविक समय कार्यान्वयन पर व्यावहारिक दृष्टिकोण साझा किए।

पहला तकनीकी सत्र जामिया मिलिया इस्लामिया के एफटीके सैंटर फार इनफर्मेशन टैक्नोलोजी के मानद अतिरिक्त निदेशक डॉ. तनवीर अमहद के साथ शुरू हुआ, जिन्होंने प्रतिभागियों को षिक्षण संवर्धन के लिए एआई-संचालित उपकरणें की खोज में षामिल किया। सत्र का समापन महाराजा अग्रसेन विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक प्रो.(डॉ.) प्रदीप सिंह वालिया द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

# भटेड़ गांव को मिलेगा एंबुलेंस रोड और सामुदायिक भवन : सुनील शर्मा बिट्टू

जनता से सीधा संवाद कर समस्याओं का समाधान करने भटेड़ पहुंचे मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार

आम जनता से रूबरू हुए सुनील कुमार बिट्टू, कई विकास कार्यों को दी हरी झंडी

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**हमीरपुर 14 जुलाई।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने रविवार को हमीरपुर के निकटवर्ती गांव भटेड़ का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय निवासियों से मुलाकात कर उनकी व्यक्तिगत, सामाजिक और विकास संबंधी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। मौके पर ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कई समस्याओं के समाधान के निर्देश जारी किए।

गांववासियों ने सुनील शर्मा बिट्टू के समक्ष एंबुलेंस रोड, सामुदायिक भवन, श्मशान घाट के रास्ते और कई अन्य समस्याएं एवं मांगें रखीं। सुनील शर्मा बिट्टू ने मौके पर ही अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर गांव के लिए एंबुलेंस सड़क का निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में सामुदायिक भवन के निर्माण और श्मशान घाट के लिए उचित रास्ता बनाने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को शीघ्र ही शुरू कर, समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए।

अपने संबोधन में सुनील कुमार बिट्टू ने कहा कि लोकतंत्र जनता की सहभागिता से ही मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि आज कुछ नेता पैसे की ताकत के बल पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जनता को ऐसे प्रलोभनों में नहीं आना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें निजी स्वार्थ से ऊपर उठकर देश, प्रदेश और अपने गांव के हित में निर्णय लेने चाहिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू जनता के नेता हैं और जनता की हर छोटी-बड़ी समस्या को गंभीरता से लेते हुए उसका समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भटेड़ गांव समेत पूरे क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और वह स्वयं हर समस्या का समाधान सुनिश्चित करने के लिए जनता के बीच पहुंच रहे हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने लोगों से आह्वान किया कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे बेहिचक उनसे संपर्क करें, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंच सके और गांव तरक्की की ओर बढ़े।

इस अवसर पर गांववासियों ने मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों से चली आ रही समस्याओं को समझा और मौके पर ही उनके समाधान के लिए कदम उठाए। ग्रामीणों ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इन निर्णयों के बाद उनके गांव का विकास और तेजी से होगा।

इस दौरान सुनील कुमार बिट्टू ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, सामाजिक कल्याण योजनाओं, स्वास्थ्य सुविधाओं और शिक्षा से संबंधित लाभों की भी जानकारी दी और कहा कि सभी लोग इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

ग्रामीणों ने आश्वासन दिया कि वे सरकार और प्रशासन के साथ मिलकर अपने गांव के विकास में पूरा सहयोग करेंगे और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस दौरान उनके साथ एपीएमसी के चेयरमैन अजय शर्मा, निवर्तमान जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुमन भारती, राजेश आनंद, राजेश चौधरी, देवीदास शहंशाह अध्यक्ष शहरी कांग्रेस, राकेश वर्मा, प्रेम चंद, मरोड़ी गांव के लोगों में प्यार चंद, रमेश, राकेश कुमार, विनोद, राजेश कुमार, हंसराज, शशि, पुरषोत्तम, दीपो देवी, आशा देवी, सिमरो देवी, कुंता देवी, नीलमा देवी समेत अन्य गांववासी भी मौजूद रहे।

# मर्सिडीज लूटकांड के मास्टरमाइंड समेत पूरे गैंग का पर्दाफाश

## पंजाब में गैंगस्टर एक्ट के अलावा 32 आपराधिक मामले दर्ज

पुलिस ने मर्सिडीज समेत 2 कार व करीब 9 लाख का अन्य सामान जिसमें महंगी घड़ी, 2 आईफोन, व सोने की चेन बरामद किए

लूटा गया सामान बेचने की फिराक में थे, क्राइम ब्रांच की मुस्तैदी से पहले ही चढ़े हत्थे




अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पंचकूला पुलिस ने मर्सिडीज कार लूटकांड की गुत्थी को सुलझाते हुए मास्टरमाइंड समेत पूरे गैंग का पर्दाफाश किया है। पंजाब का कुख्यात गैंगस्टर दारा सिंह इस पूरे गैंग सरगना है, जिस पर पंजाब में गैंगस्टर एक्ट सहित 34 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी क्राइम अमित दहिया के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच-26 की टीम ने पूरे गैंग का पर्दाफाश कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड दारा सिंह निवासी रूपनगर, पंजाब भी शामिल है। आरोपी दारा सिंह पर पहले से पंजाब व हिमाचल में हत्या की कोशिश, लूट, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के साथ आयोजित प्रेस वार्ता में इस सनसनीखेज मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई को आरिफ शेख नामक व्यक्ति जब अपनी मर्सिडीज कार से सेक्टर-3 पीर बाबा पहुंचा, तो तीनों आरोपियों ने एक अन्य गाड़ी से उसकी कार को रोक लिया और उसे जबरन कार में बैठाकर पिंजौर-नालागढ़ की ओर ले गए। रास्ते में उसके पास से मर्सिडीज कार, दो आईफोन, एक महंगी घड़ी, सोने की चेन और अन्य कीमती सामान लूटकर उसे बीच रास्ते में उतार दिया और फरार हो गए। इस संबंध में सेक्टर-5 थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 309(4), 127(2), 140(3), 304, 61(2) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इस मामले की जांच में जुटी क्राइम ब्रांच-26 की टीम ने 7 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपियों – सुखजीत सिंह उर्फ साबी( 33) निवासी होशियारपुर, पंजाब और सुखबीर सिंह उर्फ सुखी (29) निवासी किरतपुर, जिला रूपनगर, को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर टीम ने मास्टरमाइंड दारा सिंह को भी पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से लूटी गई मर्सिडीज कार, वारदात में प्रयुक्त एमेज कार, तीन लाख की रोज गोल्ड चेन, ढाई लाख रुपए कीमत के दो आईफोन, ढाई लाख की घड़ी, एप्पल ईयरबड्स और एक डमी

### आरोपियों की जेल में हुई मुलाकात फिर करते वारदात

डीसीपी क्राइम ने बताया कि ये आरोपी पहले जेल में साथ रह चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर बाहर थे। आरोपियों का मकसद लूटी गई संपत्ति को जल्द बेचने का था, लेकिन क्राइम ब्रांच की मुस्तैदी के चलते वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। पुलिस अब इनके हरियाणा में अपराध के तार और अन्य राज्यों में हुई वारदातों में शामिल होने की संभावनाओं की भी गहनता से जांच कर रही है। इस पूरे केस की जांच में क्राइम ब्रांच-26 इंचार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में एसआई विजय, एसआई राकेश, एएसआई विक्रांत, एएसआई राजेश, एएसआई नीरज, मुख्य सिपाही परवेश, मुख्य सिपाही सुरेश, सिपाही मोहनजीप और सिपाही साहिल ने दिन-रात मेहनत करते हुए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और गुप्त सूचनाओं के आधार पर सफलता प्राप्त की। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने सभी टीम सदस्यों को इस सफल ऑपरेशन का हीरो बताते हुए उनकी सराहना की है।

### आपराधिक वारदातों का होगा खुलासा

फिलहाल, आरोपियों से पूछताछ जारी है और संभावना है कि इनसे अन्य आपराधिक वारदातों का भी खुलासा हो सकता है। पुलिस अब इस गैंग से जुड़ी बाकी कड़ियों को जोड़ने और इनकी आपराधिक गतिविधियों का पूरा नेटवर्क उजागर करने में जुटी हुई है।

# जिले के 45 केंद्रों में होगी सीईटी परीक्षा, तैयारी में जुटा प्रशासन

26 व 27 जुलाई को होगी परीक्षा उपायुक्त ने जिला में बनाए जाने वाले परीक्षा केन्द्रों में बिजली, पानी, शौचालय की सुविधाओं की समीक्षा




अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वार 26 और 27 जुलाई को कॉमन इलिजिबल टेस्ट (सीईटी) की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा और प्रशासन सुरक्षा और सुविधाओं की तैयारियों में जुट गया है। यह परीक्षा 45 केंद्रों में की जाएगी, जिसके लिए आयोग की तरफ से शेड्यूल भी जारी किया जाएगा। सोमवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने परीक्षा के मद्देनजर बैठक ली, जिसमें पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता, एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम, नगराधीश विश्वनाथ, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल वालिया, एसीपी सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। उपायुक्त ने जिला शिक्षा अधिकारी को बैठक में निर्देश दिए कि वो जिला के स्कूलों का निरीक्षण कर, उनमें बिजली, पानी, बैंच, शौचालय जैसी परीक्षा के लिए जरूरी सुविधाओं को पूरा करवाएं ताकि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कॉमन इलिजिबल टेस्ट (सीईटी) की परीक्षा सफलता पूर्वक करवाई जा सकें।

उपायुक्त ने बताया कि जिला में अब तक 45 स्कूलों में ऐसी परीक्षाएं आयोजित की गई हैं। उन्होंने डीईओ को निर्देश दिए कि परीक्षा से पहले एक रूम में 24 परीक्षाओं के बैठने की व्यवस्था, बिजली, पानी, मेल-फीमेल शौचालय, स्टाफ की नियुक्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने एसएचएचसी से आग्रह किया कि वो परीक्षा से सम्बन्धित सभी दिशा-निर्देश पहले से ही तय किये जाए ताकि उनकी पालना उचित ढंग से सुनिश्चित की जा सके। बायोमेट्रिक, चेकिंग व अन्य स्टाफ परीक्षा से एक दिन पहले या समय पर पहुंच जाए।

### परीक्षा से पहले होगी समान की स्कैनिंग

परीक्षा से पूर्व सुरक्षा के दृष्टिगत परीक्षार्थियों की चेकिंग होगी। इसके लिए उनकी चाबी, बैग या अन्य सामान को गेट पर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके लिए पेपर एजेंसी के ही दो कर्मियों की नियुक्ति हो सकती है। उन्होंने कहा कि जिन कमरों पर परीक्षा हो वहां पर एचपीएससी की तर्ज पर दीवार घड़ी लगाने की व्यवस्था की जाएगी। उपायुक्त ने हरियाणा रोडवेज के जीएम को परीक्षार्थियों को लाने व ले जाने के लिए पर्याप्त मात्रा में बसों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए ताकि परिक्षार्थियों को परीक्षा स्थल तक पंहुचने में कोई परेशानी ना हो।

# डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन दीया चंडीगढ़ ने वन महोत्सव मनाने के लिए सुखना वन्यजीव अभयारण्य में किया वृक्षारोपण


फोटोः अजीत कौशल

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में धरती माता को एक पवित्र अर्पण।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। एक आध्यात्मिक रूप से उत्थानकारी पहल के तहत, अखिल विश्व गायत्री परिवार (एडब्ल्यूजीपी) की युवा शाखा, डिवाइन इंडिया यूथ एसोसिएशन (दीया) ने वन विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन के सहयोग से, राष्ट्रव्यापी वन महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में सुखना वन्यजीव अभयारण्य में वृक्षारोपण अभियान चलाया। वृक्षो रक्षति रक्षितः (जो वृक्षों की रक्षा करता है, बदले में उसकी रक्षा होती है) के आदर्शों पर आधारित, यह कार्यक्रम प्रकृति को एक भावपूर्ण अर्पण था - जो ईश्वर के एक रूप के रूप में पर्यावरण के प्रति गायत्री परिवार की गहरी श्रद्धा का प्रतीक है। दीया के स्वयंसेवकों ने वन विभाग के अधिकारियों और प्रकृति प्रेमियों के साथ मिलकर पूरे अभयारण्य में प्रार्थना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विभिन्न प्रकार की देशी वृक्ष प्रजातियों का रोपण किया और पारिस्थितिक संतुलन और सार्वभौमिक सद्भाव के लिए आशीर्वाद मांगा। पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित अखिल विश्व गायत्री परिवार लंबे समय से युग निर्माण (नैतिक और आध्यात्मिक जागृति के माध्यम से राष्ट्र निर्माण) के मूल्यों का समर्थक रहा है, और यह हरित पहल आध्यात्मिकता को सेवा के साथ मिलाने के उनके दर्शन का प्रतीक है। वृक्षारोपण, जिसे एक पवित्र यज्ञ माना जाता है, गायत्री के उस सिद्धांत को दर्शाता है कि जीवन को पोषित करने और भावी पीढ़ियों को लाभान्वित करने वाले कर्मों के बिना पूजा अधूरी है।

दिया विभिन्न सामाजिक और नैतिक उत्थान पहलों में सक्रिय रूप से शामिल है, जिनमें स्वच्छता अभियान, नशा विरोधी जागरूकता अभियान और शैक्षणिक संस्थानों में प्रेरक सत्र शामिल हैं। इसका अनूठा कार्यक्रम ÷आओ गड़े संस्कारवान पीढ़ी÷ गर्भवती माताओं का समर्थन करके, आध्यात्मिक रूप से समृद्ध और सांस्कृतिक रूप से मजबूत समाज को बढ़ावा देकर अजन्मे बच्चे में मूल्यों के पोषण पर केंद्रित है।

# नगर निगम चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी जल्द शुरू करेगी डोर टू डोर अभियान, बैठक में नई नियुक्तियों की बनी योजना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। इस साल के अंत में नगर निगम चुनाव होने है। इससे पहले राजनीतिक दल अपनी अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी की तरफ से अपने जिला कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में जल्द ही सभी ब्लॉक और वार्डों में प्रमुख नियुक्तियां करने की योजना पर चर्चा हुई। राजीव मनोचा ने कहा कि आम आदमी पार्टी जल्द ही एक डोर टू डोर अभियान शुरू करेगी ताकि लोगों से सीधा संपर्क किया जा सके और नगर निगम चुनावों में उनका समर्थन हासिल किया जा सके। इसके बाद, पार्टी के चेयरमैन राहुल भारतीय गुप्ता और जिला अध्यक्ष राजीव मनोचा ने अशियाना कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 20, पंचकूला में एक जनसभा को संबोधित किया। सभा में अशियाना कॉम्प्लेक्स के कई निवासियों ने भाग लिया और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अपनी समस्याएँ साझा कीं। राहुल भारतीय ने कहा कि लोग खराब रखरखाव, अनियमित पानी की आपूर्ति, सीवरेज का ओवरफ्लो, अपराध, कमजोर पुलिसिंग और कई अन्य मुद्दों से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जल्द ही पंचकूला के मेयर और नगर आयुक्त से मिलकर इन मुद्दों के समाधान के लिए एक ज्ञापन सौंपा जाएगा।

गौरतलब है कि गत 9 जुलाई को हुई बैठक में संगठन गठन एवं नगर निगम चुनावों की तैयारी पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा वार्ड एवं ब्लॉक इंचार्ज पदों के लिए नाम प्रस्तावित किए गए। बैठक में ओम प्रकाश गुज्जर, चेयरमैन, जॉइनिंग कमिटी, हरियाणा प्रदेश, गुरपाल सिंह, प्रभारी, पंचकूला जिला, राहुल भारतीय गुप्ता, चेयरमैन, जिला पंचकूला, राजीव मनोचा, जिला अध्यक्ष, पंचकूला, वीनस ढाका, अध्यक्ष, महिला विंग, पंचकूला जिला उपस्थित रहे।

# प्राइवेट प्ले वे स्कूलों को रजिस्टर करवाना आवश्यक, अनदेखी करने पर स्कूल होंगे बंद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। जिला में चल रहे सभी प्राइवेट प्ले वे स्कूलों को एन.सी.पी.सी.आर (नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन आफ चाइल्ड राईट )की हिदायतों के अनुसार चलाया जाना चाहिए। एनसीपीसीआर.जीओवी.इन साईट पर प्राइवेट प्ले-वे स्कूलों के लिए हिदायते उपलब्ध करवाई गयी है। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि सरलहरियाणा.जीओवी.इन साईट पर ऑनलाइन माध्यम से एप्लीकेशन जमा करवा सकते है। प्राइवेट प्ले वे स्कूलों के पंजीकरण के लिए संचालक अब सरल पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि जिला पंचकुला में चल रहे प्राइवेट प्ले वे स्कूलों का एन.सी.पी.सी.आर (नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन आफ चाइल्ड राईट ) की हिदायतों की पालना सुनिश्चित करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जाना अनिवार्य है। जिला के जिन प्राइवेट प्ले वे स्कूलों ने पंजीकरण नही करवाया है वो जल्द से जल्द अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करे। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम जल्द ही जिले भर में निरिक्षण अभियान शुरू करेगी, निरिक्षण के दौरान बिना पंजीकरण के पाए गए प्राइवेट प्ले स्कूलों को तुरंत बंद कर दिया जायेगा और उनके खिलाफ नियमानुसार कारवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उदेश्य बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्ता पर ध्यान देना है। प्राइवेट प्ले- वे स्कूलों की गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को सुनिश्चित करना है। जिले में कई ऐसे प्राइवेट प्ले-वे स्कूल चल रहे है जो ना तो पंजीकृत है और ना ही उनके पास बुनियादी सुविधाए मोजूद है।

# सरकारी स्कूल के नजदीक दुकान में शराब बेचता आरोपी धर दबोचा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। गांव खटौली में सरकारी स्कूल के नजदीक बनी एक दुकान में व्यक्ति को पुलिस ने लोगों को अवैध रूप से शराब बेचता हुआ रंगे हाथों धर दबोचा। आरोपी की पहचान हरीश शर्मा इसी गांव का रहने वाला है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता के निर्देशन में अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत बरवाला पुलिस चौकी टीम ने सफलता हासिल की है। हाल ही में हुई क्राइम मीटिंग में डीसीपी ने अवैध शराब की तस्करी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए थे, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए एक शराब तस्कर को रंगे हाथ दबोचा है।

मुख्य सिपाही प्रवीन कुमार की मुख्य भूमिका में गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि खटौली गांव, जिला पंचकूला में स्थित एक सरकारी स्कूल के पास स्थित किरयाना की दुकान पर एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है। उक्त सूचना पर विश्वास करते हुए बरवाला पुलिस चौकी की टीम ने तुरंत मौके पर रेड की और युवक को वहीं काबू कर लिया। आरोपी हरीश शर्मा की दुकान व घर की तलाशी लेने पर पुलिस को कुल 355 बोतल अवैध शराब बरामद हुई, जिसे वह बिना किसी वैध लाइसेंस के बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से अवैध शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाएगी, ताकि इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

# बरसात में दरका 150 परिवारों को जोड़ने वाला एकमात्र पुल, डर के साये में ग्रामीण, प्रशाशन से लगाई गुहार



अर्थ प्रकाश/जग्गी

**कालका।** कालका नगर परिषद वार्ड 17 के गांव बीसीडब्ल्यू सूरजपुर रजीपुर की रेलवे स्टेशन पास स्थित क्लोनी में को जोड़ने वाले एक मात्र पुल तेज बरसात में बहने से लोगों में खौफ का माहौल है। जानकारी देते हुए गांव के पूर्व पंच दर्शन सिंह, स्वर्ण सिंह, राजा रावत, हरभजन, राजिंद्र, परवीन शर्मा, कुलदीप, जगमोहन, सुरेंद्र काका, पवन पम्मी, तरसेम, जय श्री, प्रभा, सरोज, पुष्पा, सिमरन, माया, कांति, बबीता आदि ने बताया कि इस क्लोनी ओर पुल पर करीब 150 परिवार आश्रित है। गांव से क्लोनी को जोड़ने वाला यह एक मात्र पुल है। जिससे सबके आने जाने का रास्ता हे। लोगो ने बताया कि करीब 40 साल पहले यह पुल यहां रहने वाले लोगों ने उस समय भुपिंद्रा सीमट वर्कस की एसीसी सीमट फैक्ट्री की मदद से खुद बनाया था। परंतु धीरे धीरे यह पुल जंगल और बरसात से आने वाले तेज पानी में अपनी मिट्टी को बहा कर खोता रहा। लोगो ने बताया कि अभी करीब 5 साल पहले तत्कालीन विधायक लतिका शर्मा द्वारा पुल पाईप और मिट्टी डलवा कर निर्माण करवाया था। लेकिन गत दिनों बारी बारिश में यह पुल जंगल से आए तेज पानी के बहाव में अपनी स्थिरता फिर से खो गया। हालत ये हे कि पुल के पानी बहाव में पानी की निकासी के पाइप के आस पास की मिट्टी जहां बह गई है वहीं पुल में दरार भी आ गई है।

निवासियों ने बताया कि अभी तो बारिशों का मौसम शुरू हुआ है यदि जल्द काम ना करवाया गया तो आने वाले समय में बचा हुआ पुल भी टूट जाएगा। लोगो का कहना है कि पुल टूटने के डर से अपने वाहन लेकर गुजरना तो दूर पैदल इस पुल से होकर गुजरने से भी गुरेज कर रहे हैं। लोगो ने प्रशाशन और सरकार से गुहार लगाई हे कि उनके 150 परिवारों की करीब 700 लोगो की आबादी इसी एक मात्र पुल पर निर्भर है। उन्होंने अपील की हे कि जल्द से जल्द पुल का पुनर निर्माण या पुल की रिपेयर करवाई जाए।

# स्वर्गीय उपकार कृष्ण शर्मा की पुण्य तिथि पर एसडी कॉलेज में लंगर आयोजित

## कार्यक्रम में पूर्व प्रेसिडेंट स्वर्गीय उपकार कृष्ण शर्मा को अर्पित की गई भावभीनी श्रद्धांजलि

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के पूर्व प्रेसिडेंट स्वर्गीय उपकार कृष्ण शर्मा की पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में सोमवार को सेक्टर-32 स्थित जीजीडीएसडी कॉलेज, परिसर में लंगर (सामुदायिक भोजन) का आयोजन किया, जिसमें सेवा, विनम्रता और एकता के मूल्यों को दर्शाया गया, जिन्हें स्वर्गीय उपकार कृष्ण शर्मा ने बहुत महत्व दिया था। लंगर में जीजीडीएसडी कॉलेज मैनेजिंग सोसाइटी के महासचिव डॉ. अनिरुद्ध जोशी, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. पीके बजाज और जतिंदर भाटिया (वित्त सचिव) के साथ-साथ प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा, कॉलेज के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र शामिल हुए। इस दौरान स्वर्गीय उपकार कृष्ण शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कई पूर्व छात्र और शुभचिंतक भी श्रद्धांजलि अर्पित करने और सेवा के इस महान कार्य में भाग लेने के लिए इसमें शामिल हुए। इस दौरान कॉलेज का वातावरण कृतज्ञता और आत्मचिंतन की शांत भावना से परिपूर्ण था, क्योंकि कॉलेज समुदाय एक दूरदर्शी नेता की विरासत का सम्मान करने के लिए एक साथ आया था, जिनका संस्थान के लिए योगदान अमूल्य है। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने स्वर्गीय उपकार कृष्ण शर्मा को एक मार्गदर्शक शक्ति और एक प्रतिबद्ध शिक्षाविद् के रूप में याद किया, जिन्होंने जीजीडीएसडी कॉलेज को क्षेत्र के प्रमुख संस्थानों में से एक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

डॉ. शर्मा ने कहा कि जीजीडीएसडी कॉलेज सोसाइटी के अधीन सभी शिक्षण संस्थानों के विकास में उपकार कृष्ण शर्मा के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि उनका जीवन सेवा, विनम्रता और शिक्षा एवं सामुदायिक उत्थान के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रतीक था। उपकार कृष्ण शर्मा एक दूरदर्शी शिक्षाविद् और प्रबंधन विशेषज्ञ थे। इस कार्यक्रम ने स्वर्गीय उपकार कृष्ण शर्मा के स्थायी मूल्यों और भावना की याद दिलाई, जिनकी स्मृति कॉलेज को समग्र शिक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी के अपने मिशन में प्रेरित करती रहती है।

# प्रशासक ने डॉक्यूमेंटरी मेकिंग में उत्कृष्टता के लिए जीजीडीएसडी कॉलेज को किया सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने डॉक्यूमेंटरी मेकिंग में उत्कृष्टता के लिए सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज को सम्मानित किया है। एक समारोह में प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू की उपस्थिति में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा और पत्रकारिता एवं जनसंचार विभागाध्यक्ष तथा यंग कम्युनिकेटर्स क्लब की अध्यक्ष डॉ. प्रिया चड्ढा को डॉक्यूमेंटरी मेकिंग में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। वहीं, जीजीडीएसडी कॉलेज प्रबंधन ने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग को सामाजिक मुद्दों पर प्रकाश डालने वाले प्रभावशाली वृत्तचित्रों के निर्माण के लिए बधाई दी है।

छठे एंट्रप्रेन्योर और अचीवर अवार्ड 2025 का आयोजन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, सेक्टर 31, चंडीगढ़ में मीडिया फेडरेशन ऑफ इंडिया और पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था। इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से 32 प्रतिष्ठित हस्तियों को सम्मानित किया गया था, जिन्होंने सिविल सेवा, रक्षा, कॉर्पोरेट, मीडिया, शिक्षा और सामाजिक सेवा जैसे क्षेत्रों में असाधारण योगदान दिया है। पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि उन्होंने पूरे पंजाब राज्य का नाम रोशन किया है और उनकी उपलब्धियाँ उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतीक हैं। यह सम्मान पुरस्कार विजेताओं के उत्कृष्ट योगदान और राज्य के गौरव पर उनके प्रभाव को दर्शाता है।

### सुखना चो की सफाई का काम ने पकड़ी रफ्तार, बरसात के दौरान पानी के फ्लो में नहीं आएगी रूकावट

# 2 करोड़ 26 लाख का बजट से किया जा रहा है साफ सफाई का काम

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



बलटाना। बलटाना एरिया से निकलने वाले सुखना चो में नगर परिषद द्वारा साफ सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। डीसी मोहाली द्वारा कुछ दिन पहले सुखाना चो वाले एरिया का दौरा किया था और धीमी गति से चल रहे काम को तेज करने के आदेश दिए थे। काम की देख रेख के लिए डीसी मोहाली के आदेशों पर चार मैंबरी कमेटी बनाई गई जिसमें एसडीएम डेरा बस्सी, एक्सीयन ड्रेन डिपार्टमेंट, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद और एमई नगर परिषद मैंबर है। पुरे शहर में चार जगहों बलटाना पुल, बिशनपुरा गाजीपुर और नगला गांव में पड़ते चारों पुलों की सफाई की जाएगी और इसके लिए दो करोड़ 26 लाख का बजट तय किया गया है। सबंध में बात करते हुए एमई चरणपाल ने बताया की सुखना चो में जितना मलवा पड़ा है उसको बाहर निकालना है ताकि पानी के फ्लो में रूकावट ना आए। कुछ दिन पहले जिसके लिए छोटी मशीन लगा दी गई थी और अब ठेकेदार द्वारा दो बड़ी पोकलेन मशीनों को लगकार सफाई का काम ओर तेज कर दिया है। इसके लिए ठेकेदार द्वारा तीन महीने का समय मांगा गया है।

सुखना चो जोकि पंजाब के बलटाना एरिया से शुरू होती है से लेकर नगला तक करीब 8 से 10 किलोमीटर का लंबा है। जिसकी सफाई तीन महीने में पूरी कर दी जाएगी और काम को रफ्तार देने के लिए दो ठेकेदारों को आधा टेंडर दिया गया है। कुछ दिन पहले जेसीबी मशीन द्वारा बलटाना थाने के नजदीक बने पुल के आसपास लगभग सफाई कर दी गई थी। अब बड़ी पोकलेन मशीनें लगाकर सुखना चौ से गाद निकालना वा पुल के नीचे जो पाइप लगे हुए हैं उनमें प्लास्टिक निकलने का काम बड़ी तीव्र गति से किया जा रहा है।

पानी के बहाव में जो रुकावट आ रही थी उसे हटा दिया गया है और अब पानी के बहाव में काफी तेजी आ गई है, तो पानी रुकने की समस्या नहीं आएगी। बता दें के पिछले दिनों पहाड़ों में हुई भारी बरसात के कारण सुखना लेक का जल स्तर काफी बढ़ गया था और पानी छोड़ने की चेतावनी दी जा रही थी। जिसके चलते प्रसाशन को भी हाथों पावों की पड़ गई थी। जिसके बाद साथ की साथ टेंडर लगाकर काम शुरू कर दिया गया था और काफी हद तक सुखना चो की सफाई बलटाना एरिया में कर दी गई है।

# हर हर महादेव जयकारे के साथ श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 23बी उमड़ा जन सैलाब

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



चंडीगढ़। सोमवार को शहर भर में श्रावण मास प्रथम सोमवार को मंदिरों में बड़ी धूमधाम से जन सैलाब उमड़ा। वही सैक्टर 23 बी के श्री सनातन धर्म मंदिर में सावन के प्रथम सोमवार सभी भक्तों ने बड़े श्रद्धा और भाव के साथ में जल चढ़ाया।पूजा अर्चना की बिल पत्री पंचामृत से भगवान शंकर का भक्तो जनों ने अभिषेक किया। इस मौके पर मंदिर के पंडित अवधेश मिश्रा ने बताया कि सोमवार को सावन प्रथम सोमवार के चलते मंदिर में भारी संख्या में आकर भक्त जनो ने पूजा अर्चना की। भगवान भोले शकर का आशीर्वाद प्राप्त किया। सोमवार को श्री सनातन धर्म मंदिर सैक्टर 23बी के प्रधान आदर्श शर्मा अपने परिवार सहित मंदिर में आए पूजा अर्चना की। भगवान भोले शकर का आशीर्वाद प्राप्त किया।पंडित अवधेश मिश्रा ने बताया कि मंदिर में भक्तजन भगवान शंकर के दर्शन करने के लिए देश विदेश से यहां पर जल चढ़ाने आते हैं।मंदिर कमेटी के द्वारा यहां पर सुचारु व्यवस्था चलती है।रुद्राभिषेक 5:30 से 7:00 बजे तक भगवान शंकर की विशेष श्रृंगार आरती के प्रसाद खीर पूरे का प्रसाद भी बांटा गया।

## पांची जाटान गांव को मिला नया ट्यूबवेल और दो आरओ वाटर कूलर, विधायक ने किया उद्घाटन

# गन्नौर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी: कादियान

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। पांची जाटान गांव में अब लोगों को स्वच्छ और ठंडा पेयजल मिलेगा। विधायक देवेंद्र कादियान ने गांव के सरकारी स्कूल परिसर में नए ट्यूबवेल और दो आरओ वाटर कूलर का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। ट्यूबवेल पब्लिक हेल्थ विभाग ने लगवाया। वाटर कूलर ग्राम पंचायत ने लगवाए। दोनों कार्यों पर करीब 30 लाख रुपए खर्च हुए।

इससे पहले गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर विधायक का स्वागत किया। विधायक कादियान ने कहा कि गांव में पीने के पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। पहले एक ट्यूबवेल लग चुका था। अब दूसरा लगने से समस्या खत्म होगी। दो आरओ वाटर कूलर लगने से लोगों को गर्मी में ठंडा और साफ पानी मिलेगा। यह सुविधा गांव के लिए बड़ी राहत है।

उन्होंने कहा कि गन्नौर क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। शहर और गांव में बराबर विकास होगा। वे क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। गन्नौर विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास उनकी पहली प्राथमिकता है।

आम जनता को साथ लेकर क्षेत्र में रचनात्मक और सुजनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। आने वाले समय में और भी काम होंगे। इस मौके पर जेई प्रिंस, जेई मुकेश, सेक्रेटरी नीरज, बबलू, मंगल, वेदपाल, धर्मबीर, आजाद सिंह, कृष्ण, किताब सिंह मौजूद रहे।

# दो अगस्त को कौल में मनाया जाएगा बादली बलिदान दिवस: कर्मबीर कौल



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल।** रोड समाज की अहम बैठक जिला परिषद अध्यक्ष कर्मबीर कौल की अध्यक्षता में संपंन हुई। इसमें रोड समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर कर्मबीर ने संबोधित करते हुए कहा कि 2 अगस्त को 152 डी हाईवे के नजदीक जस्मीन पैलेस में कौल बादली बलिदान दिवस मनाया जाएगा। जिसमें प्रदेश भर से रोड समाज के लोग भाग लेंगे। इसके लिए समाज के लोगों द्वारा प्रत्येक गांव में जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2 अगस्त का दिन रोड समाज के लिए काफी अहमियत रखता है। क्योंकि यह दिन रोड़ समाज के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है, जो हमें अपने पूर्वजों के बलिदान को याद रखने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतरने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह दिन न केवल शहीदों को याद करने का अवसर है, बल्कि बिरादरी में एकता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देता है। कर्मबीर ने कहा कि यह दिन रोड समुदाय के गौरवशाली इतिहास और बलिदानों को याद करने का एक अवसर है। इस दिन रोड समाज के लोग एकजुट होकर अपने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि कौल में क्षत्रीय राजा रोड की प्रतिमा लगाने के लिए आपसी सहमति बनाई गई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मक्खन सिंह, पूर्व सरपंच शेर सिंह, पूर्व सरपंच गुलाब सिंह, नरेश आढती, मास्टर पवन कुमार, महावीर मैहला, जयसिंह प्रधान, बलवंत सिंह, कंवर सिंह, राजवीर नंबरदार, जितेंद्र टाया, रणवीर आर्य, दिलीप सिंह, मुख्तार सिंह, डॉक्टर मलखान सिंह, पूर्व पंच रणधीर धीरा भी मौजूद थे।

# दुकानदार से फिरौती मांगने के मामले में दो गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने दुकानदार से फिरौती मांगने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने दुकानदार से फिरौती मांगने के मामले में आरोपी विशाल उर्फ विक्की वासी सोढी जिला कुरुक्षेत्र व कार्तिक उर्फ गोलू वासी दीदार नगर कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 8 जुलाई 25 को थाना शहर थानेसर पुलिस दी अपनी शिकायत में कुरुक्षेत्र वासी एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी शहर कुरुक्षेत्र में दुकान है। 25 जून की शाम को उसके फोन पर अनजान नम्बर से व्हाट्सएप कॉल आई। फोन करने वाले ने उसको बताया कि वह विक्की सो?ी बोल रहा है और उससे 3 लाख रुपये मांगे और 2/3 दिन का समय दिया। कुछ दिन बाद उसके पास जब दुबारा कॉल आई तो और उससे 10 लाख की मांग की।


## चुनाव सूचना

भारतीय स्टेट बैंक की नई प्रबंधन समिति के चुनाव के लिए चुनाव कर्मचारी सह-पीएच/बी (प्रथम) सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर 48ए, चंडीगढ़ में होगा।
**05.08.2025 को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि है सुबह 10:00 बजे से 11: 00 बजे तक सोसाइटी कार्यालय में। यदि आवश्यक हो, तो मतदान 05/08/2025 को दोपहर 2:30 बजे से 3:30 बजे तक होगा।**
आरसीएस यूटी, चंडीगढ़ कार्यालय द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम सोसाइटी कार्यालय के बाहर प्रदर्शित किया गया है और सदस्यों को भी भेजा गया है। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वे चुनाव प्रक्रिया में उपस्थित रहें।
**अध्यक्ष** **सचिव**

AP-2568

## बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग (कैथल) में नकारा हो चुके 8 कमरों की बोली दिनांक 2 अगस्त 2025 को सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में करवाई जाएगी, जिसकी सिक्योरिटी राशि 25000 (पच्चीस हजार) रुपए रखी गई है, बोली के नियम व अन्य शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।
**हस्ता. प्रधानाचार्य 9466934813**

AP-2576

## सार्वजनिक सूचना

**विषय : एचआर 31एल2975 गाड़ी की वारसान तसदीक करवाने बारे प्रार्थना पत्र।**
मैं प्रार्थीया कमलेश कुमारी पत्नी सुलतान सिंह निवासी हाउस नं. 663 अर्बन ईस्टेट सैक्टर 9 जीन्द की स्थाई निवासी हूं। हमारी गाडी का रजि. नं. एचआर31एल2975 है, चैसिस नं. एमएएलबीएम51 बीएलएफएम 191735एम व ईंजन नं. जी4एलएएफएम876186 है, मॉडल नं. 2015 है। मेरे पति की मृत्यु दिनांक 12.04.2025 को हो चुकी है, मेरे दो लड़के है। 1. बडे लडके का नाम गौरव फौर पुत्र श्री सुलतान सिंह 2. छोटे लड़के का नाम अमन पुत्र श्री सुलतान सिंह। यह है कि मेरे दोनों लडकों को कोई ऐतराज नहीं है यह गाडी मेरे नाम की जाए।
**प्रार्थीया, मलेश कुमारी पत्नी सुल्तान सिंह**

AP-2570

## सार्वजनिक सूचना

आम जनता एवं सभी संबंधितों की जानकारी के लिए सूचित किया जाता है कि डिफेंस कोटे के तहत टाईप बी सेक्टर 05 रोहतक का अंतिम पंजीकरण नं0 4 श्री राजेन्द सिंह पुत्र श्री रघुबीर सिंह के नाम पर जैसा कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड में दर्ज है।
अब श्री रविन्द्र पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा यह सूचना दी गई है कि श्री राजेन्द सिंह पुत्र श्री रघुबीर सिंह की मृत्यु दिनांक 18.11.2019 को हो गई है श्री रविन्द्र ने प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर उक्त पंजीकरण नं0 अपने पिता की मृत्यु के पश्चात अपने नाम पर नामांतरण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी को उक्त पंजीकरण नं0 4 डिफेंस कोटे के तहत टाईप बी सेक्टर 05 रोहतक में श्रीरविन्द्र पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गाँव गढ़ी सिसाना जिला सोनीपत के पक्ष में नामातंरण करने पर कोई आपति हो तो, वे 30 दिनों के भीतर इस सूचना के प्रकाशित होने की तिथि से इस कार्यालय में लिखित में आपति प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा, उक्त पंजीकरण नं0 4 का नामातंरण संबंधित रूप से किया जाएगा और इसके बाद किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।
मुख्य राजस्व अधिकारी (पी0 एम0)
कृते:
सचिव
हाउसिंग बोर्ड हरियाणा पंचकूला
ईमेल cropmhbh2024@gmail.com
फोन 0172-2585852

AP-2570

## सर्वजनिक सूचना

इस सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है। इस कार्यालय में श्री विपिन कुमार राजपाल निवासी प्लाट नंबर-4, एसपी कालोनी गली नंबर-6 करनाल द्वारा संपत्ति कर आई.डी. 1EUD9R76 स्थित करनाल में नाम दर्ज कराने बारे आवेदन किया है। संपत्ति कर रिकॉर्ड अनुसार उपरोक्त संपत्ति कर आई.डी. नंबर-1EUD9R76 में वीर करण राजपाल के नाम से दर्ज है तथा वीर करण राजपाल की मृत्यु दिनांक 10/6/2024 को हो चुकी है। प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में नाम तबदील करने हेतू एक प्रलेख/वसीयत नंबर-342 दिनांक 14/7/2021 तथा शपथपत्र की प्रति प्रस्तुत की है। अत- यदि किसी आमजन या खासजन को उक्त वसीयत अनुसार संपत्ति कर आई.डी. 1EUD9R76 स्थित प्लाट/मकान नंबर में श्री विपिन कुमार राजपाल निवासी प्लाट/मकान करनाल तबदील करने हेतू किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस कार्यालय में नोटिस प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अंदर वो अपना एतराज दर्ज करवा सकते है। अन्यथा समयावधि पश्चात माना जाएगा कि उपरोक्त तबदील बारें किसी को कोई आपत्ति नहीं है। परिणाम स्वरूप इस कार्यालय के संपत्ति कर में संबंधित युनिक संपत्ति कर आई.डी. 1EUD9R76 में आवेदक का नाम दर्ज/तबदील कर दिया जाएगा। समयावधि पश्चात कोई भी क्लेम मान्य नही होगा।
**क्षेत्रीय कराधान अधिकारी**
**नगर निगम करनाल**

AP-2584

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मदन लाल पुत्र श्री महाबीर पुत्र श्री मामचंद ने अपना पिछला विक्रय विलेख मूल संख्या 2779 दिनांक 19/07/2017 खो दिया है, जो श्री वीरवल पुत्र श्रीमती सरबती, श्रीमती चमेली पुत्री श्री लाधु राम पुत्र श्री छोटू राम द्वारा श्रीमती सुमन रानी पत्नी श्री मदन लाल पुत्र श्री महाबीर के पक्ष में है। यह बिक्री पत्र एक प्लॉट 5 मारला जो खेवट संख्या 455, खतौनी 549, खसरा संख्या 298 (0-8) जो 5/8 भाग जमाबंदी वर्ष 2021-22 के अनुसार है, गाँव खैराती खेड़ा, तहसील और जिला फतेहाबाद, हरियाणा में स्थित है। इसका स्वामित्व और कब्ज़ा उनके पास है और वे आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड, जिसका शाखा कार्यालय फतेहाबाद में है, से ऋण ले रहे हैं। मैंने हरियाणा पुलिस के ऑनलाइन पोर्टल पर डीडीआर/एफआईआर/खोई हुई संपत्ति आवेदन संख्या 132560072501309 दर्ज कराया है। यदि किसी को उक्त खोया हुआ दस्तावेज़ मिल गया है या किसी को कोई आपत्ति है, तो वह प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर प्रमाण सहित सूचित कर सकता है और निर्धारित अवधि के बाद इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि कोई इसका दुरुपयोग करता पाया जाता है, तो इसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।
**अजीत सिंह एडवोकेट**
**कार्यालय पता: चैंबर संख्या 435, जिला न्यायालय परिसर, भिवानी**
**मोबाइल - 9813550353**


AP-2574

## सार्वजनिक सूचना
### संपदा अधिकारी, एचएसवीपी पंचकूला के समक्ष

**विषय: आबंटी श्रीमती शांता कश्यप की बिना वसीयत मृत्यु के उपरान्त निर्मित सम्पति मकान नं० 401, सैक्टर-9, अर्बन एस्टेट पंचकूला का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।**
रिकार्ड के अनुसार उक्त वर्णित सम्पति की आबंटी श्रीमती शांता कश्यप की 11-02-2024 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है तथा उनके निम्नलिखित कानूनी वारिस है- 1.राजेन्द्र कुमार कश्यप (पुत्र) 2.विजय कश्यप (पुत्र) 3.राकेश कश्यप (पुत्र)।
राजेन्द्र कुमार कश्यप व राकेश कश्यप दोनों पुत्र स्व. राम प्रकाश कश्यप दोनों निवासी #401, सैक्टर-9, पंचकूला और विजय कश्यप पुत्र स्व. राम प्रकाश कश्यप निवासी #975, सैक्टर - 34, अम्बला कैंट. हरियाणा ने उक्त सम्पति को कानूनी वारिस होने के नाते अपने नाम में हस्तांतरित करने का आवेदन व पुन: अलाटमैंट राजेन्द्र कुमार कश्यप व विजय कश्यप तथा राकेश कश्यप के नाम में करने की विनती की है।
यदि किसी व्यक्ति को कथित सम्पति के हस्तांतरण संबंधी कोई एतराज हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के भीतर सम्पदा अधिकारी HSVP पंचकूला के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपने एतराज बताये अन्यथा उक्त सम्पति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से HSVP नीति के अनुसार हस्तांतरण/ पुन: अलाटमैंट कर दिया जायेगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा।
**राजेन्द्र कुमार कश्यप**
**विजय कश्यप, राकेश कश्यप**
**कानूनी वारिस, सम्पदा अधिकारी की ओर से**

AP-2564

## ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰਿਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਿਟੀ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ



ਪਲਾਟ ਨੰ: 49 ਮੰਜੇ ਗਾਂਧੀ ਕਲੋਨੀ, ਸੈਕਟਰ 32, ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੀ ਅਲਾਟਮੈਂਟ ਸ੍ਰੀ ਨਰਸਿੰਗ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਜੈ ਰਾਮ, ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਇਸ ਦਫਤਰ ਦੇ ਪੱਤਰ ਨੰ: 23458 ਮਿਤੀ 03-12-1987 ਦੇ ਰਾਹੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਅਲਾਟੀ ਸ੍ਰੀ ਨਰਸਿੰਗ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਜੈ ਰਾਮ ਵਲੋਂ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 3925 ਮਿਤੀ 19-10-1992 ਰਾਹੀ ਸ੍ਰੀ ਨਾਨਕ ਚੰਦ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਬਲੰਦੂ ਰਾਮ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁੱਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤਾ ਸੀ ਅਤੇ ਮੁੱਖਤਿਆਰੇ ਆਮ ਸ੍ਰੀ ਨਾਨਕ ਚੰਦ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਬਲੰਦੂ ਰਾਮ ਵਲੋਂ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 696 ਮਿਤੀ 17-06-2009 ਰਾਹੀ ਸ੍ਰੀ ਗੁਲਸ਼ਨ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਛੱਜੂ ਰਾਮ ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਮੁੱਖਤਿਆਰੇ ਖਾਸ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤਾ ਸੀ ਅਤੇ ਹੁਣ ਮੁੱਖਤਿਆਰੇ ਖਾਸ ਸ੍ਰੀ ਗੁਲਸ਼ਨ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਛੱਜੂ ਰਾਮ ਵਲੋਂ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਸ੍ਰੀ ਨੀਲਮ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ੍ਰੀ [illegible]
ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ
ਗਲਾਡਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ।

AP-2589

## सार्वजनिक सूचना



**श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष**
[illegible]

AP-2572

## निविदा सूचना

**भारतीय खादी ग्राम सेवा आश्रम प्र.का. खानपुर ब्राह्मणान अंबाला हरियाणा134201**
अपने उत्पादन के लिए पंजीकृत व्यापारियों से वर्ष 2025-26 के लिए कच्ची रूई व ऊन खरीद हेतु न्यूतम मूल्य पर टैक्नीकल व फाइनेंशियल बीड सहित मोहर बंद निविदाएं दिनांक 04/08/2025 शाम 5.00 बजे तक आमंत्रित करती है। निविदाएं हेतु फार्म संस्था के कार्यालय में उपलब्ध है। दिनांक 05/08/.2025? को अपराह्न 11.00 बजे पर संस्था के बिक्री भंडार भारतीय खादी ग्राम सेवा आश्रम शाहपुर रोड रायपुर रानी पंचकूला 134204( हरिज़) में खोली जाएंगी। सभी अधिकार खरीद कमेटी के पास सुरक्षित रहेंगे। E mail id - bkgsakhanpur12@gmail.com Phone number 9671200394 आदेशानुसार, सचिव

AP-2584

## सार्वजनिक सूचना

**विषय:** शहरी एस्टेट, गुड़गांव, हरियाणा में अनिर्मित संपत्ति प्लॉट संख्या 315, सेक्टर -27 के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण, मालिक स्वर्गीय श्रीमती रश्मि कपूर पत्नी श्री इंद्र मोहन कपूर की मृत्यु के परिणामस्वरूप।
स्वर्गीय श्रीमती रश्मि कपूर पत्नी श्री इंदर मोहन कपूर, जो उक्त संपत्ति के मालिक थे, की मृत्यु 22.05.2021 को हो गई है और उन्होंने कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं बनाई है, वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:- (1) इंदर मोहन कपूर (पति) (2) माणिक कपूर (बेटा) (3) अंकिता कपूर (बेटी) (4) रितिक कपूर (बेटा)।
अब माणिक कपूर एवं रितिक कपूर दोनों पुत्र श्री इंदर मोहन कपूर निवासी फ्लैट नंबर 8, डीडीए एसएफएस फ्लैट्स, हौज खास, साउथ दिल्ली-110016 कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अपने पक्ष में संपत्ति के हस्तांतरण के लिए आवेदन करना चाहते हैं।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लॉट के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर संपदा अधिकारी-2, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, गुरुग्राम को सहायक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा नीति के अनुसार उक्त संपत्ति के हस्तांतरण/पुनः आवंटन की अनुमति दे सकते हैं तथा बाद में किसी भी दावे पर विचार नहीं कर सकते हैं।
**कानूनी उत्तराधिकारी:-**
**माणिक कपूर एवं रितिक कपूर की ओर से**
**संपदा अधिकारी-2, एचएसवीपी, गुरुग्राम**

AP-2569

## सार्वजनिक सूचना

विषयः आवंटी/सह-आवंटी श्रीमती निशा रानी पत्नी सोमबीर निवासी मकान नं. 3479, वार्ड नं. 20, सेक्टर 11 अर्बन एस्टेट जींद की बिना वसीयत के मृत्यु के परिणामस्वरूप निर्मित/अनिर्मित संपत्ति मकान संख्या 1685, सेक्टर 4, शहरी संपदा कुरुक्षेत्र के 96 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।
श्रीमती निशा रानी पत्नी सोमबीर, जो अभिलेख के अनुसार उल्लिखित संपत्ति की आवंटी/सह-आवंटी थी, की मृत्यु 15.5.2024 को हुई है और उनकी कोई पंजीकृत या अपंजीकृत वसीयत नहीं है, उनके पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी हैं : 1. सोमबीर पुत्र सत्य नारायण 2. युवराज सिंह पुत्र सोमबीर 3. मोनल सिंह पुत्री सोमबीर सभी निवासी मकान नं. 3479, वार्ड नं. 20, सेक्टर 11 अर्बन एस्टेट जींद कानूनी उत्तराधिकारी होने के नाते अपने पक्ष में उक्त संपत्ति का हस्तांतरण करवाने के लिए आवेदन किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्लॉट/मकान के हस्तांतरण के खिलाफ कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, हुडा, कुरुक्षेत्र को लिखित रूप में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा संपदा अधिकारी हुडा के नियमानुसार उक्त संपत्ति का हस्तांतरण/पुनः आवंटन उक्त उत्तराधिकारियों के नाम कर दिया जाएगा और इसके बाद किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
**कानूनी उत्तराधिकारी, संपदा अधिकारी की ओर से।**

AP-2570

## सार्वजनिक सूचना

मैं, जयबीर सिंह पुत्र साधु राम, निवासी न्यू सुभाष नगर, हांसी, तहसील हांसी-125033, जिला हिसार (हरियाणा), घोषणा करता हूँ कि मेरा विक्रय विलेख संख्या 2544, दिनांक 16/6/2002, मेरे घर, सुभाष नगर, हांसी में कहीं खो गया है। मैंने उक्त संपत्ति दस्तावेज़, रिपोर्ट संख्या 132290412501261, के खो जाने के संबंध में एक रिपोर्ट भी दर्ज कराई है। मैं इंडसइंड बैंक( हाँसी)से ऋण लेने की प्रक्रिया में हूँ। यदि किसी को इस संबंध में कोई आपत्ति है, तो वे इस सूचना की तिथि से 7 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। यदि किसी को यह दस्तावेज़ मिलता है, तो कृपया मुझे उपरोक्त पते पर या मोबाइल नम्बर 9017196439 पर सूचित कर सकते है इस दस्तावेज़ का दुरुपयोग करने वाला कोई भी व्यक्ति इसके परिणामों के लिए पूरी तरह उत्तरदायी होगा।

AP-2579

## अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें PH. : 0172-2638515, 98883-03520 Email : arthparkashadvt29@gmail.com

### सार्वजनिक सूचना

**मैं,** सवि नागपाल फुटेला पुत्री श्री विजय नागपाल (आधार कार्ड नंबर 307979628720) निवासी #305, सेक्टर 37-ए, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सवि नागपाल रख लिया है।
एपी-2563

**मैं,** संदीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी गांव चक पाड़ला, लदाना बाबा, कैथल (हरियाणा) अपना नाम संदीप सिंह से बदलकर संदीप (दिया गया नाम) सिंह (उपनाम) रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-2566

I GHANSHYAM DASS S/O SH. NAUNIT RAM R/O 1823, SECTOR 28, PANCHKULA HARYANA DECLARES THAT PRIYANKA MY REAL DAUGHTER WAS DISOWNED BY ME ON 23.11.2023 NOW SHE IS IN MY CONTROL AND SINCERE IN ALL ASPECT, SO THE NOTICE PUBLISHED ON 23.11.2023 TREATED AS CANCELED.
एपी-2567

**मैं,** हार्दिक पुत्र मोहित कक्कड़, निवासी मकान नंबर 1233, सेक्टर-08, शहरी क्षेत्र, कुरुक्षेत्र, ने अपना नाम हार्दिक से बदलकर हार्दिक कक्कड़ कर लिया है।
एपी-2570

**मैं,** रवि पुत्र प्रकाश चन्द निवासी मकान नंबर 123, विकास नगर मौली जागरां चंडीगढ़ ने अपना नाम रवि से बदलकर रवि चंद रख लिया है।
एपी-एफ

**मैं,** प्रिया गांधी पत्नी श्री हर्षिल टंडन निवासी मकान नंबर 226/11, किशनपुरा, गन्नौर, सोनीपत, हरियाणा- 131101 घोषणा करती हूं कि मेरा वर्तमान नाम प्रिया गांधी पुत्री श्री प्रशांत गांधी है और मैंने अपनी शादी के आधार पर अपना नाम प्रिया गांधी पुत्री श्री प्रशांत गांधी से बदलकर प्रिया टंडन पत्नी श्री हर्षिल टंडन कर लिया है।

**मैं,** संख्या- 14834460L, रैंक नायक/एमटी सेंथुरपांडियन एस, पुत्र श्री सुब्रमण्यन, निवासी यूनिट- 508 एएससी बटालियन सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है घोषणा करता हूं कि मैं अपने सैन्य भाग-II आदेश/सेना रिकॉर्ड में अपनी बेटी का नाम शिवधाशिका से बदलकर शिवधाशिका एस कर लिया है।

**मैं,** अनुजा संदीप कानूनी रूप से विवाहित पत्नी हूं, आर्मी नंबर-14664252एफ, रैंक-नायक नाम-संदीप कुमार डी, वर्तमान में यूनिट- 22 फील्ड, वर्कशॉप कंपनी ईएमई (इंजीनियर रेजिमेंट) सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- गांव- अलाप्पडु, पोस्ट अझीकल तेहसील- करुनागप्पल्ली, जिला- कोल्लम, राज्य- केरल- 690547 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम अनुजा संदीप से बदलकर अनुजा एस बाबू कर लिया है। शपथ पत्र संख्या-48AA901926, दिनांक- 14/07/2025

**मैं,** एन नागरत्ना, सैन्य संख्या- JC424098L रैंक- नायब सूबेदार नाम- गुग्गिला श्रीनिवासुलु की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 24 मैक इन्फ सी/ओ 56 एपीओ जैसलमेर, राजस्थान में तैनात है स्थायी पता- 9-3-372, इंदिरा नगर, इंदिरा नगर, उरावकोंडा, अनंतपुर, आंध्र प्रदेश- 515812 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम एन नागरत्ना से बदलकर निम्माला नागरत्ना कर लिया है और अपनी जन्मतिथि भी 08/12/1988 से 08/08/1988 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901927, दिनांक- 14/07/2025

**मैं,** सैनिक सिंह सैन्य संख्या- JC342890L रैंक- सूबेदार नाम- राठवा दुकारियाभाई देसिंगभाई का पुत्र हुं जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियरिंग रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वीटीसी- छोटा उदयपुर, डाकघर-छोटा उदेपुर, जिला- वडोदरा, राज्य- गुजरात, पिन - 391165 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम सैनिक सिंह से बदलकर राठवा सैनिकसिंग दुकारियाभाई कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA901959, दिनांक- 14/07/2025

**मैं,** बार्म बेन सैन्य संख्या- JC342890L रैंक- सूबेदार नाम- राठवा दुकारियाभाई देसिंगभाई की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ, जो वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- वीटीसी- छोटा उदयपुर, डाकघर- छोटा उदेपुर, जिला- वडोदरा, राज्य- गुजरात, पिन -391165 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम बार्म बेन से बदलकर राठवा बार्मबेन रख लिया है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901958, दिनांक- 14/07/2025
एपी-2571

**मैं,** वेरशा पत्नी राजीव नागपाल निवासी हाउस नंबर 5669, बीएसएनएल बिल्डिंग के पास, एमएचसी, मनीमाजरा, चंडीगढ़ ने अपना नाम वेरशा से बदलकर वर्षा नागपाल कर लिया है।
एपी-2572

**मैं,** नितिन ढींगरा पुत्र जतिंदर कुमार निवासी # 5151/1 मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स सेक्टर 13 मनीमाजरा, चंडीगढ़ घोषणा करता हूं कि मैंने अपनी बेटी अन्नया का नाम बदलकर अन्नया ढींगरा रख लिया है।
एपी-2573

**मैं,** गुलिस्ता पुत्री युसुफ निवासी ग्राम आट्टा तहसील समालखा जिला पानीपत ब्यान करती हूँ कि मैंने पहले हिन्दू धर्म अपना लिया था और अब फिर से मैनें मुस्लिम धर्म अपना लिया है। अब भविष्य में मेरा धर्म मुस्लिम समझा जावे।
एपी-2575

**मैं,** सुनीता पत्नी जसविंदर कुमार निवासी वार्ड नंबर 3, ढकोली SAS नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम बदलकर सुनीता रानी रख लिया है।
एपी-2572

**मैं,** हरमनदीप सिंह ढोट पुत्र कुलदीप सिंह निवासी घमूर खेडी, डबखेड़ी, कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मैंने अपना नाम हरमनदीप सिंह से बदलकर हरमनदीप सिंह ढोट रख लिया है।
एपी-2577

**मैं,** लाभ सिंह पुत्र श्री सुरजन सिंह निवासी ग्राम फतेहगढ़ तुम्बी, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर ब्यान करता हूं कि मैंने अपने नाबालिग पुत्र का नाम नमन से बदल कर नमन सिंह रख लिया है। अब स्कूल रिकॉर्ड में इसका नाम नमन सिंह दर्ज किया जाएं।
एपी-2578

**मैं,** अंजली पत्नी श्री पवन कुमार गोयल, गोयल कुंज, सुभाष नगर, रोहतक रोड जीन्द तहसील व जिला जीन्द की स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम अंजली से बदलकर अंजली गोयल रख लिया है।

**मैं,** पवन पुत्र श्री राम निवास गोयल, गोयल कुंज, सुभाष नगर, रोहतक रोड जीन्द तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं। मैंने अपना नाम पवन से बदलकर पवन कुमार गोयल रख लिया है।
एपी-2570

**मैं,** सुहानी पुत्री ब्रिज भूषण राणा निवासी मकान नंबर 5045/2, मॉडर्न कॉम्प्लेक्स, मनीमाजरा ने अपना नाम सुहानी से बदलकर सुहानी राणा रक्खा है।

**मैं,** नीलू पुत्री दर्शन लाल वासी मकान नं. 2653/1, सैक्टर-44 सी, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर नीलम रानी रखा है।

**मैं,** शुभमनदीप सिंह पुत्र बूटा सिंह वासी गांव रसीदां तेह नरवाना जिला जींद ने अपना नाम बदलकर शुभमनदीप रखा है।

**मैं,** किरन बाला पत्नी श्री नरेंदर कुमार वासी 419, वार्ड नं. 3, हॉस्पिटल एरिया, नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर किरन रखा है।

**मैं,** Shakshi गर्ग पुत्री श्री नरेंदर कुमार वासी 419, वार्ड नं. 3, हॉस्पिटल एरिया, नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Sakshi गर्ग रखा है।

**मैं,** Nerender कुमार पुत्र श्री राम सवरूप वासी 419, वार्ड नं. 3, हॉस्पिटल एरिया, नीलोखेड़ी, जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर Narender कुमार रखा है।

**मैं,** रजत बाली पुत्र अमर नाथ बाली वासी मकान नं 230, 14 मरला लेन, अमरावती एन्क्लेव जिला पंचकूला ने अपने नाबलिग पुत्र का नाम बदलकर प्रणव एस बाली से प्रणव बाली रखा है।

**मैं,** सतपाल सिंह पुत्र करम सिंह वासी 1449, सैक्टर-45, बुड़ैल, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर सतपाल सिंह राणा पुत्र करम सिंह राणा रखा है।

**मैं,** नवीन भाटिया पुत्र सुभाष चंदर वासी 86-IInd मॉडल टाउन फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर नवीन कुमार रखा है।

**मैं,** पायल रानी बेदी पत्नी हरविंदर बेदी वासी बेदी निवास नया बाजार टोहाना जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर पायल बेदी रखा है।

**मैं,** Bhavna मेहता पत्नी सचिन मेहता वासी एम.सी.कॉलोनी फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Bhawna मेहता रखा है।

**मैं,** गुरदेव सिंह पुत्र होशियार सिंह वासी गांव पक्का खेड़ा, नजदीक गुरुद्वारा साहिब, करनाल ने अपना नाम बदलकर गुरदेव और उपनाम सिंह रखा है।

**मैं,** रणवीर सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह वासी गांव जंडौली, पटियाला ने अपना नाम बदलकर रणवीर और उपनाम सिंह रखा है।

**मैं,** संज्योति राम पत्नी सुभाष वासी गांव बस्सी अकबरपुर जिला करनाल ने अपना नाम बदलकर संज्योति राम से संजोगिता रखा है।

**मैं,** Hardip सिंह पुत्र बलकार सिंह वासी मकान नं-122, गांव-Polar, डाकघर मंडी Sadra, जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर Hardeep सिंह रखा है।

**मैं,** सहदेव पुत्र रामवीर सिंह वासी मकान नं 82, सैक्टर-32 अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपने नाबलिग पुत्र का नाम बदलकर दक्ष से दक्ष चौधरी रखा है, भविष्य संबंधित नोट करे।

**मैं,** Subash चंदर जैन पुत्र Siri चंद जैन वासी मकान नं 932 नजदीक जैन चक्की मॉडल कॉलोनी यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Subhash चंद जैन रखा है।

**मैं,** Sanjiv कुमार जैन और Sanjeev जैन पुत्र सुभाष चंद जैन वासी मकान नं ए-1 वीर नगर जगाधरी यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर Sanjiv जैन रखा है।
एपी-2581

**मैं,** अक्षय सिवाच पुत्र रामपाल निवासी गांव घड़वाल तहसील गोहाना जिला सोनीपत हरियाणा ब्यान करता हूं कि मेरी दसवीं कक्षा की मार्कशीट जिसका सीरियल नंबर AR - 131530 ENROLLMENT NO. 15-1-SO-496-0002, ROLL NO. 2215724963 है व बारहवीं कक्षा की मार्कशीट जिसका सीरियल नंबर AT - 154603 ENROLLMENT NO. 15-1- SO-946-0002, ROLL NO. 3019598128 है जिसमें मेरा नाम अक्षय है। लेकिन अब मैं अपना नाम उपरोक्त मार्कशीट में अक्षय से बदलकर अक्षय सिवाच करवाना चाहता हूं।अब मुझे भविष्य में अक्षय सिवाच के नाम से जाना व पहचाना जाए।
एपी-2582

I, Baljit Kaur W/o Darshan Singh R/O Kohala, Khosa Dal Singh, Ferozepur, Punjab-142052 Declared That I Have Changed My Name and D.O.B From Baljeet Kaur And 14-12-1968 To Baljit Kaur And 01-01-1968 Vide Affidavit In-PB53820338494174X Dated 14-07-2025 Before Notary Public Fazilka (Punjab)
एपी-2585

**मैं,** जीवन कुमार पुत्र संत राम, रमन सिनेमा के पीछे, वार्ड 6, कॉलेज रोड, मानसा, ने अपना नाम बदलकर जीवन कुमार सिंगला रख लिया है।
एपी-2586

**मैं,** No. 23004225X Rank Naik अंकुश पुत्र श्री कृष्ण निवासी गांव व पोस्ट ऑफिस थुआ, तहसील अलेवा, जिला जींद, हरियाणा पिन 126125 A/P Army Air Defence Records C/o 99 APO ब्यान करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकॉर्ड (पार्ट II आर्डर ) मैं मेरी माता जी का नाम गलती से सुनीता दर्ज है जबकि उनके आधार कार्ड में उनका नाम सुनीता रानी है जो की सही है। कृपया मेरे आर्मी रिकॉर्ड में इसे सही किया जाए।
एपी-2577

**मैं,** संतोष देवी सिंगला पत्नी ज्ञान चंद निवासी मकान नं 1097सी/11 , मॉडल टाऊन, ढांड रोड , कैथल जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम संतोष देवी सिंगला से बदलकर संतोष देवी रखती हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-2566

**मैं,** आशू पत्नी रिंकू सिंह निवासी गांव उपलाना तहसील असंध जिला करनाल ब्यान करती हूं कि मैने अपना आशू से बदलकर आशू रानी रख लिया है।
एपी-2587

**मैं,** अनीता देवी पत्नी श्री सुखविन्द्र कुमार निवासी गांव कसैरला, पोस्ट ऑफिस पिपली, थानेसर जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करती हूं कि मैंने अपना नाम अनीता से बदल कर अनीता देवी रख लिया है।
एपी-2577

**मैं,** गुरनूर कौर पुत्री सुखविन्द्र सिंह गाँव किला फार्म,असमानपुर,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर गुरनूर उपनाम कौर रख लिया है।

**मैं,** परमजीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह गाँव कलसा , पिहोवा,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर परमजीत उपनाम सिंह रख लिया है
एपी-2588

### बेदखली सूचना

**मैं,** गोरधन पुत्र टेकराम वा सुमन पत्नी गोरधन निवासी ग्राम जागसी तहसील गोहाना, जिला सोनीपत घोषणा करते है कि हमारी बेटी टीना हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसीलिए हम इसे अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते है। जो कोई भी हमारी बेटी से लेन-देन करेगा खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-2565

**मैं,** रामफूल पुत्र स्वर्गीय श्री रेतूराम, निवासी मकान नंबर 1256, राजीव कॉलोनी, पंचकूला, हरियाणा, यह घोषणा करता हूँ कि मैं अपने पुत्र अनिल कुमार तथा उसकी पत्नी काकी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। जो कोई भी व्यक्ति उनसे किसी प्रकार का लेन-देन करता है, वह स्वयं के जिम्मेदार होंगे।
एपी-2570

**मैं,** मुर्ति देवी पत्नी श्री पप्पू निवासी मकान न. 5568/758, वार्ड न. 8, कीर्ति नगर, तहसील थानेसर जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करती हूँ कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं अपने पुरे होश हवास मे अपने पुत्र राहुल को अपनी समस्त चल-अचल सम्पती से बेदखल कर रही हूँ। आज के बाद मेरा तथा मेरे परिवार वालो एंव रिश्तेदारो का उसके साथ कोई भी सम्बंध ना होगा। अगर कोई उससे लेन-देन करेगा तो वो उसका स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-2577

**मैं,** रमेश कुमार पुत्र श्री ज्यूणा राम निवासी वार्ड नं. 11 पाई रोड़, इंदिरा नगर पुण्डरी जिला कैथल अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरे पुत्र प्रदीप व सन्दीप मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। मैं उन्हे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उनसे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मैं,** महावीर पुत्र श्री गजे सिंह निवासी गांव गढ़ी सराय नामदार खां, गोहाना,सोनीपत में अपने लड़के राहुल व उसकी पत्नी वर्षा को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि यह मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-2570

**मैं,** सोनू पत्नी राकेश कुमार मकान नं. 247/30, हल्लोमाजरा निवासी घोषणा करती हूं कि नरेश कुमार और अश्वनी दोनों में पुत्र है मेरे कहने-सुनने से बाहर है मैं इन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में जो इनसे लेन-देन करेगा स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-2580

**मैं,** कृष्णा पुत्री श्री कैलाश चन्द शर्मा, निवासी मकान नंबर139/1,गली नंबर 3, काली मन्दिर हनुमान नगर सोनीपत ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का अनुपम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इस को अपनी चल अचल संपति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इसके साथ लेन-देन,कानूनी - गैर कानूनी कार्य व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2582

**मैं,** रोशन लाल पुत्र श्री सौरण राम निवासी गांव रम्भा तहसील व जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अकरम मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन,अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मैं,** धीर सिंह पुत्र श्री बलजीत राम निवासी रामपुरा कटा बाग, जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विनोद कुमार व उसकी पत्नी दीक्षा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी चल अचल-संपत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होंगे ।
एपी-2583

हम Dhani Ram पुत्र Sh. Partap Singh और Smt. Kirna Devi पत्नी Sh. Dhani Ram निवासी #टी-16-सी, रेलवे कॉलोनी सूरजपुर, तहसील कालका, पंचकूला, हमारी बेटी Seema पत्नी Sh. Gurshsees Singh @ Sikha हमारे कहने से बाहर है इसलिए हम इसे अपनी चल-अचल संपत्ति और अपने जीवन से बेदखल करते हैं, भविष्य मे इसके साथ लेन-देन करने वाले स्वंय जिम्मेवार होंगे।
एपी-2570

**मैं,** रमेश कुमार (अधार कार्ड नं. 8836 8756 1577) पुत्र श्री बलबीर सिंह निवासी गांव खानपुर रोड़ान, तहसील पिहोवा, जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करता हुँ कि मेरा पुत्र विशाल व उसकी पत्नी तमन्ना मेरे कहने सुनने से बाहर है, मेरी व मेरी पत्नी की किसी भी प्रकार से देखभाल नहीं करते और हमारे साथ बहुत बुरा व्यवहार करते हैं। मैं इनको अपनी समस्त चल-अंचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद उपरोक्त से मेरा व मेरे पूरे परिवार व मेरे किसी भी सगे-सम्बन्धि का कोई ताल्लुक या वास्ता नहीं होगा और जो भी व्यक्ति इन दोनों से किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन आदि करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेवार होगा। इसमें मेरी या मेरे परिवार और मेरे किसी भी सगे सम्बन्धि की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2577

**मैं,** सरोज देवी पत्नी भूप चंद चौहान, निवासी # 592 सेक्टर 38-ए, चंडीगढ़, घोषणा करती हूँ कि मेरा बेटा विनीत चौहान मेरे नियंत्रण से बाहर है और मैं उसे अपनी चल/अचल संपत्ति बेदखल करती हूं। कोई भी व्यक्ति उसके साथ कोई भी लेन-देन अपने जोखिम पर करेगा। मैं, विनय चौहान, ममता रानी और डेज़ी भविष्य में उसके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।
एपी-2586

हम मनदीप सिंह सिद्धू पुत्र स्वर्गीय कर्नल राम सिंह सिद्धू और लखविंदर कौर सिद्धू पुत्री फतेह सिंह, मकान संख्या 5, सेक्टर 8-ए, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारा पुत्र राज दिग्विजय सिंह और उनकी पत्नी हरलीन चीमा हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-2572

**मैं,** गुरचरण कौर पत्नी स्वर्गीय गुरनाम सिंह गाँव फुलग? भेरियां ,पिहोवा,कुरुक्षेत्र मेरी पुत्री रुपिन्द्र कौर मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं इसलिए मै इसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हु। भविष्य में इसके द्वारा किये गए अनैतिक कार्य व इससे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होंगा।
एपी-2588

### आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।




## न्यूज ब्रीफ

### रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब ने किया पौधारोपण

**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब की तरफ से पौधारोपण अभियान का शुभारम्भ किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमेन राजेश मिगलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बरसात का मौसम प्रारम्भ होते ही हर वर्ष की भांति क्लबों की तरफ से पशु चिकित्सालय धनोरा में नीम, पीपल, शीशम, गुड़हल, अमरूद, जामुन, बोतलब्रश और अन्य फूलदार व छायादार पौधे लगाए गए। पौधारोपण के पहले चरण में लगभग 100 पौधे लगाए गए और ऐसे 4 चरणों में लगभग 400 पौधे पूरे शहर में लगाये जायेंगे। रोटरी सचिव दुर्गेश गोयल ने पौधारोपण का उद्देश्य बताते हुए कहा कि जिस तरह से हमने जीवन के हालात देखें हैं और कोरोना महामारी की वजह से जिस प्रकार ऑक्सीजन की कमी से पूरे देश में हाहाकार हुआ उसे देखते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाना अति आवश्यक है और उससे भी ज्यादा आवश्यक उन पौधों की देखभाल करना है। इस अवसर पर रोट्रैक्ट प्रधान गर्वित धवन, सचिव वंश गर्ग, गौरव गोयल, नरेश कुमार, जसविन्दर सिंह, भूपिंदर सिंह, रविकांत गिरधर, जोरावर सिंह, शिवम मलिक सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सुगनी देवी स्कूल में स्टेम डीएलडी कार्यशाला



**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई सी.ओ.ई. पंचकूला के सहयोग से स्टेम डीएलडी का आयोजन किया गया।इस कार्यशाला का उद्देश्य स्टेम साक्षरता को बढ़ावा देना , वैज्ञानिक दक्षता में सुधार और 21वीं सदी के आवश्यक कौशलों का विकास करना रहा। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ मोहित दुआ असिस्टेंट प्रोफेसर एनआईटी कुरुक्षेत्र ने शिक्षकों को संबोधित किया।कार्यक्रम में शिक्षकों को विज्ञान , सामाजिक विज्ञान और कंप्यूटर जैसे विषयों को इंटीग्रेटेड अप्रोच से पढ़ाने के तरीके पर मार्गदर्शन दिया गया। विशेषज्ञ ने सरल भाषा में विषयों के आपसी संबंधों को स्पष्ट करते हुए शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने की विधियां सांझा की। इसी के साथ उन्होंने शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और ड्रोन की भी जानकारी प्रदान की।अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने रिसोर्स पर्सन मोहित दुआ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा प्रयास हमेशा रहा है कि हमारे विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा और आधुनिक कौशल प्राप्त हों यह कार्यशाला हमारी स्टेम शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है। मौके पर सभी अध्यापक मौजूद रहे।

### श्रावण सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी भारी भीड़

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** श्रावण माह के प्रथम सोमवार को नगर के सभी शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी ।हर हर महादेव के नारे लगाते हुए शिव भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। नगर के पृथुईश्वर महादेव मंदिर विशिष्टेश्वर महादेव मंदिर ब्रह्म योनि शिव मंदिर पशुपतिनाथ महादेव मंदिर उश्मेश्वर महादेव शुक्र तीर्थ श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर अरूणाय स्थित सभी शिव मंदिरों में शिव गायत्री अघोर शिव मंत्र पार्थिव शिव पूजा लक्ष्य बिल्व पत्र पूजा हवन इत्यादि के कार्य किए गए। अनेक मंदिरों में शिव पुराण की कथा भी शुरू की गई। गांव बिजड़पुर स्थित जग ज्योति नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के चौथे दिन भव्य महारुद्राभिषेक का आयोजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर शिव भक्ति और आस्था से गूंज उठा। प्रात:काल से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, सभी ने दूध, दही, घृत, शहद, गंगाजल, बेलपत्र और पुष्पों से भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। पूरे वातावरण में 卐? नम: शिवाय卐 और वैदिक मंत्रों की दिव्यता ने अद्भुत आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार किया। मुख्य यजमान के रूप में डी.डी. शर्मा, वंदना शर्मा व अर्णव शर्मा (पंचकूला) तथा मंजीत सिंह (बराड़ा) विशेष रूप से शामिल हुए। इन श्रद्धालुओं ने परिवार सहित भगवान शिव की पूजा–अर्चना में भाग लेकर अपने जीवन की शांति, सुख–समृद्धि और आध्यात्मिक उन्नति की कामना की। महंत राजेंद्र पुरी जी महाराज के नेतृत्व में संपन्न इस धार्मिक अनुष्ठान में ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण और रुद्रपाठ के साथ शिव की आराधना करवाई गई। मंदिर समिति द्वारा पेयजल, भंडारा की व्यवस्था की गई थी। इस उत्सव के दौरान परविंदर कौर , कुनाल, गौरव , अंकुश , सुमित , लाभ सिंह , मेवा सिंह, जगीर मोर , सुनहरा सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे।

### उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर आयोजित

**नारायणगढ़ (अप्रस)।** उपमंडल में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निवारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम शिवजीत भारती ने की। शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं और मांगों को लेकर पहुंचे। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान त्वरित गति से हो। समाधान शिविर इसी नीति के तहत आयोजित किए जाते हैं ताकि जनता को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी शिकायतों का निपटारा मौके पर या समयबद्ध ढंग से किया जा सके। शिविर के दौरान वृद्धावस्था पेंशन, एनडीसी, साफ–सफाई, परिवार पहचान पत्र आदि से सम्बंधित समस्याएं आई। एसडीएम ने सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि शिविर में प्राप्त हर शिकायत का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और समस्याओं के समाधान की स्थिति पर नियमित समीक्षा की जाए।

### पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय का ज्वलंत मुद्दा8 एवं चिंतनीय विषय

# एक पेड़ मां के नाम व बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ धरा और समाज दोनों की जरूरत : बेदी

पौधारोपण समस्या के समाधान का एकमात्र जरिया

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गांव ढाबी टेक सिंह के विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 50 लाख रुपये का दिया अनुदान

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 14 जुलाई।** पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय का ज्वलंत मुद्दा एवं चिंतनीय विषय है। इसके लिए पौधारोपण ही एक मात्र जरिया है, जिसके प्रति आमजन में जागृति पैदा कर अधिकाधिक पेड़ लगाने के अभियान को आगे बढाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाए और इसका संरक्षण भी सुनिश्चित करें ताकि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण की चुनौती से पार पाया जा सके और भविष्य में सुखद तथा सुरक्षित मानव जीवन की कल्पना को साकार किया जा सके।

ये विचार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गांव ढाबी टेक सिंह में पौधारोपण अभियान के तहत आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने पौधारोपण अभियान के तहत गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक के प्रांगण में त्रिवेणी लगाई और गांव के विभिन्न विकास कार्यों के लिए एक करोड़ 50 लाख रूपये अनुदान देने की भी घोषणा की। यह समारोह स्वामी नित्यानंद मिशन फाउंडेशन द्वारा महंत राजेंद्र दास की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि धरा के संरक्षण के लिए पेड़ वरदान है। इसी प्रकार संतुलित एवं सभ्य समाज के निर्माण के लिए बेटियों का बराबर सम्मान होना जरूरी है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन महत्वपूर्ण विषयों के प्रति पूर्णतया गंभीर है और उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत कर देश वासियों से पौधारोपण में सहभागिता की अपील की। इसी तरह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ केंद्र सरकार की दूसरी बड़ी योजना है, जिसकी शुरूआत वर्ष 2015 में हरियाणा के पानीपत से प्रधानमंत्री की मौजूदगी में की गई। इन दोनों अभियानों के प्रति जन-जन में चेतना आने वाले समय में संतुलित समाज एवं शुद्ध पर्यावरण की पौषक साबित होंगी।

श्री बेदी ने कहा कि महिला सम्मान के लिए सरकार द्वारा निरंतर कार्यक्रम चलाए जा रहे है। इन कार्यक्रमों की सफलता के लिए महिलाओं में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच का होना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर देखा गया है कि एक से अधिक लड़की पैदा होने पर महिला यानी नानी और दादी ही उन्हें बोझ समझने लगती हैं, जो रूढ़ीवादी सोच है। कैबिनेट मंत्री ने अभिभावकों विशेषकर महिलाओं से अपनी बेटियों को बराबर सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा उपलब्ध करवाने का आह्वान किया। शिक्षित लड़की दो परिवारों की समृद्धि में भूमिका निभाती है और संस्कारयुक्त समाज के लिए वरदान साबित होती है।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने ग्राम पंचायत द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया और कहा कि विभागीय औपचारिकताएं एवं तकनीकी नॉर्म्स पूरा होने पर सभी कार्यों का निर्माण करवा दिया जाएगा। इनमें प्राथमिक विद्यालय की नई ईमारत का निर्माण, उझाना से पीपलथा रोड तक रास्ते को पक्का करना, गउशाला के रास्ते को पक्का करना, सभी तालाबों की चारदीवारी व दो गउघाट, माता मंदिर से पीपलथा रोड तक गली निर्माण सहित करीब आधा दर्जन कार्य शामिल हैं। कैबिनेट मंत्री ने यह भी बताया कि पहले भी करीब एक दर्जन विकास कार्य मंजूर हो चुके हैं, जिन पर जल्दी ही काम शुरू करवा दिया जाएगा।

समारोह में जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास तथा पर्यावरण प्रभारी श्री भगवान ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने पौधारोपण अभियान में जनभागीदारी की आवश्यकता बताई और गांव वासियों से अभियान की सफलता में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि देशभर में फाउंडेशन द्वारा 82 हजार 125 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 50-50 व्यक्तियों की 365 टीमें गठित की गई हैं। उन्होंने पौधारोपण के साथ-साथ पॉलिथीन तथा प्लास्टिक का प्रयोग ना करने की भी गांव वासियों से अपील की।

## जनता समाधान शिविर बना आम लोगों की समस्याओं का समाधान केंद्र

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 14 जुलाई।** जिला सचिवालय में सोमवार को आयोजित जनता समाधान शिविर आम लोगों के लिए राहत का केंद्र बनकर उभरा। उपायुक्त डॉ. विरेन्द्र कुमार दहिया ने शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस प्रकार के शिविर जरूरतमंदों के लिए संजीवनी का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं का समयबद्ध समाधान करें और जनता को अपने प्रशासनिक अनुभव का लाभ दें।

समाधान शिविर में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें बिजली, पुलिस, पेंशन और खेल विभाग से संबंधित मामलों की संख्या अधिक रही। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा, ताकि शिविर की उपयोगिता बनी रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की दूरदर्शी सोच के अंतर्गत आयोजित ये शिविर प्रदेश के हर वर्ग के लिए लाभकारी साबित हो रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने शिविर में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पुलिस से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका शीघ्र समाधान करें। उन्होंने कहा कि टेबल पर शिकायतें लंबित रखने की बजाय त्वरित कार्रवाई ही जनविश्वास को मजबूत करती है। नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने भी शिविर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह मंच प्रशासन और जनता के बीच विश्वास कायम करने का सशक्त माध्यम है।

शिविर में गीता यादव ने प्रशासन से अयोध्या जाने के लिए टिकट की सहायता मांगी, वहीं यशपाल ने बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों की वेरिफिकेशन की मांग उठाई। कर्म सिंह ने रोजगार के लिए बैंक ऋण दिलाने की गुहार लगाई और भोलानाथ समिति ने कांवड़ शिविर एवं भंडारे के आयोजन की अनुमति मांगी।

## सत्संग सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पाप हो जाते हैं खत्म: सुदेश कटारिया

अर्थ प्रकाश/शंकर लाल

**लाडवा, 14 जुलाई।** मुस्तफाबाद रोड स्थित श्री गुरु रविदास आश्रम में मासिक सत्संग का आयोजन किया गया। गुरु रविदास जी की आरती से सत्संग का शुभारंभ किया गया।

सत्संग में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के मीडिया सलाहकार सुदेश कटारिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महात्मा गुरपाल दास ने मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया। सुदेश कटारिया ने कहा कि हमें गुरु रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। सत्संग सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पाप खत्म हो जाते हैं और मनुष्य भव से पार हो जाता है। गुरु रविदास जी ने हमें भक्ति का मार्ग दिखाया हमें उसे पर चलकर अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। इस मौके पर एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। सत्संग में आए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर व शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संजीव कुमार, अजेब सिंह, बिन्दर भूरा , ईमना कटारिया,रूपा देवी , किरना देवी, कृष्णा देवी ,रेखा रानी ,मनीषा रानी, मनजीत रानी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं में भाग लिया।

# किसी भी व्यापारी को नहीं होने देंगे परेशान : बराला

### व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों की समस्याओं पर सांसद ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 14 जुलाई।** राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा है कि प्रदेश सरकार व्यापारियों के हितों की पूरी गंभीरता से रक्षा करेगी और किसी भी व्यापारी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार व्यापारी, किसान, मजदूर, कर्मचारी, युवा और महिला–हर वर्ग के कल्याण के लिए कटिबद्ध है। श्री बराला सोमवार को अपने फार्म हाउस पर मुलाक़ात के लिए पहुंचे ऑटो मार्केट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत कर रहे थे।

सांसद सुभाष बराला ने कहा कि जन-जन की समस्याओं का समाधान और उनकी बात को सुनना सिर्फ एक दायित्व नहीं, हमारी राजनीति का मूल उद्देश्य है।जनता के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं और जनता के हित के लिए कार्य करना उनका दायित्व है। सांसद ने मिलने आए नागरिकों से कहा कि उनकी आवाज को बुलंद किया जाएगा और हित स0Ûरक्षित रखे जाएँगे।

ऑटो मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सांसद से मुलाकात कर बाजार से संबंधित कुछ प्रशासनिक एवं अन्य व्यावसायिक मुद्दों को उठाया, जिस पर सांसद ने आश्वस्त किया कि उनकी हर उचित मांग को प्रशासन के साथ मिलकर हल करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि व्यापारिक माहौल को बेहतर बनाना और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है।

इस अवसर पर टोहाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए जनप्रतिनिधियों, पंच-सरपंचों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी सांसद से भेंट कर अपने-अपने गांवों से संबंधित समस्याएं रखीं। इन समस्याओं में बिजली, पानी, सड?ों की स्थिति, खेल सुविधाओं, स्कूलों की मरम्मत एवं स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सुझाव और मांगें प्रमुख रूप से रहीं। ज्यादातर शिकायत व सुझाव अधिकारियों का आमजन कि समस्या को लेकर गंभीरता न दिखाने के थे।जिसके कारण सरकार के प्रति लोगों में रोष है।भगत सिंह चौक से लेकर रेलवे विर्ज तक का रोड दो साल मे भी कंप्लीट नहीं हुआ।

### लोकहित मंच ने लगाया 7वां दिव्यांग जांच शिविर

**हांसी (अप्रस/दिनकर गावड़ी)।** सामाजिक संस्था लोकहित मंच द्वारा 7वें दिव्यांग जांच शिविर का किया आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक नरेन्द्र भयाणा भाईजी होटल एवं कपिल बंसल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि चौपटा बाजार स्थित विष्णु भगवान मंदिर के प्रांगण में आयोजित इस शिविर में भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा द्वारा संचालित लाला देवी चंद ग्रोवर निशुल्क कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला द्वारा दिव्यांग बंधुओं की जांच कर उनके कृत्रिम अंग हेतु नाप लिया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय सेवा प्रमुख कमलेश गर्ग, प्रदेश अनाज आढती एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार तायल, विष्णु भगवान मंदिर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल एवं प्रबंधक पंडित रत्न लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि लोकहित मंच सदैव समाज के कार्यों में लगा रहता है, जिसके लिए संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया एवं लोकहित मंच की पूरी टीम बधाई की पात्र है।






### गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब की शहादत यात्रा पहुंची जींद

# शहीदों की गाथा को जन-जन तक पहुंचा रही यात्रा : स. करनैल सिंह

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 14 जुलाई।** सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब, भाई दयाला जी, भाई सती दास जी व भाई मति दास जी की शहादत के 350 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में निकाली जा रही विशाल नगर कीर्तन यात्रा शनिवार रात को रानी तालाब स्थित गुरूद्वारा तेग बहादुर साहिब में पहुंची। यात्रा का हरियाणा गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद की अध्यक्षता में यात्रा का स्वागत किया गया। इस यात्रा ने रात्रि ठहराव गुरूद्वारा में किया और रविवार को यह यात्रा लाखनामाजरा रोहतक के लिए रवाना हो गई। यहां पर मुख्य रूप से गुरूद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह, हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की पूर्व सदस्य परमिंदर कौर पूर्व सदस्य परमिंद्र कौर, जोगिंदर सिंह पाहवा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेका और यात्रा के साथ चल रहे मौजिज लोगों को सिरोपा पहना कर सम्मानित किया।



गुरूद्वारा मैनेजर गुरविंदर सिंह ने बताया कि 350 वर्ष पहले दिल्ली के चांदनी चौक में मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर श्री गुरु तेग बहादुर, भाई दयाला, भाई सती दास और भाई मति दास को इस्लाम स्वीकार न करने के कारण शहीद कर दिया गया था। उन्हीं शहीदों की याद में यह नगर कीर्तन यात्रा आनंदपुर साहिब से दिल्ली के चांदनी चौक तक निकाली जा रही है। शनिवार को यह यात्रा गुरूद्वारा तेग बहादुर साहिब में पहुंची। उन्होंने कहा कि गुरू तेग बहादुर ने धर्म की रक्षा की। ओरंगजेब जबरन धर्म परिवर्तन करवाना चाह रहा था। उसने तरह-तरह के प्रलोभन, तरह-तरह के अत्याचारों के जरिये गुरू तेग बहादुर जी पर इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाया लेकिन गुरू तेग बहादुर जी ने उनका डटकर मुकाबला किया और धर्म की रक्षा के लिए सवोच्च बलिदान दिया। उन्होंने अपनी शहादत देकर आने वाली पीढ़ियों को एक प्रेरणा दी।

### यात्रा शहीदों की गाथा को जन-जन तक पहुंचा रही

हरियाणा गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य सरदार करनैल सिंह निम्नाबाद ने कहा कि यह यात्रा हिंदू, सिख एकता की प्रतीक है और शहीदों की बलिदान गाथा को जन–जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। विश्व इतिहास में धर्म एवं मानवीय मूल्यों, आदर्शों एवं सिद्धांत की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वालों में गुरु तेग बहादुर साहिब का स्थान अद्वितीय है। उनकी शहादत दुनिया में मानव अधिकारों के लिए पहली शहादत थी। इसलिए उन्हें सम्मान के साथ हिंद की चादर भी कहा जाता है। गुरु तेग बहादुर जी का जीवन भारत के सांप्रदायिक सौहार्द, सहिष्णुता और धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान की मिसाल है।




अधिकतम 32 डिग्री से.
27 न्यूनतम डिग्री से.
सूर्योदय 5.30 बजे
सूर्यास्त 7.27 बजे
सोना 24 कैरेट : 100,030.00
सेंसेक्स : 82,253.46
अमेरिका : 86.02
केनेडियन : 62.78
आस्ट्रेलिया : 56.38

# अब हर बुधवार को आम जनता से सीधे संवाद करेंगे प्रशासक

11 साल बाद पब्लिक के नुमाइंदों की होगी सीधी सुनवाई

गुलाब चंद कटारिया ने लोगों के कामों का निपटारा न होने और उनकी परेशानी देखते हुए उठाया कदम

बीते दिनों अफसरों को भी दी थी हिदायत, पब्लिक की शिकायतों को समय निकाल सुना जाए



अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़,15 जुलाई।** केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के नागरिकों के लिए राहत भरी खबर है। यूटी, चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया अब हर बुधवार आम जनता से सीधे संवाद करेंगे। उन्होंने पब्लिक की समस्याओं को प्रमुख मानते हुए दोबारा से उनकी खुद सुनवाई का आदेश दिया है। चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से इस आशय को लेकर सूचना जारी की गई है। प्रशासक सुबह 10.00 बजे से 12.30 बजे तक जन सुनवाई करेंगे, जिसका आयोजन यू.टी. सचिवालय, सेक्टर-9 में होगा। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों की शिकायतों, सुझावों और जन समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनना और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है। जन सुनवाई के पहले, प्रशासक सुबह 9.30 से 10.00 बजे तक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे, जिसमें पिछली सुनवाइयों में मिले जनसंदर्भों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की जाएगी। प्रशासक से मिलने के इच्छुक नागरिक ईमेल के माध्यम से अपना प्रतिवेदन admr-chd@nic.in पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त, लोग भौतिक रूप में भी अपनी शिकायतें या सुझाव अवर सचिव, पंजाब राज भवन, सेक्टर-6, चंडीगढ़, अवर सचिव, गृह विभाग, यू.टी. सचिवालय, सेक्टर-9, चंडीगढ़ कार्यालयों में जमा कर सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रशासक से मुलाकात केवल पूर्व निर्धारित समय और अनुमति के आधार पर ही संभव होगी। बिना पूर्व अनुमति वाले आगंतुकों को सुनवाई का अवसर नहीं मिलेगा। यह कदम न केवल प्रशासन और जनता के बीच संवाद को मजबूत करेगा, बल्कि जन शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया को भी तेज़ी से आगे बढ़ाएगा।

### पहले होता था एडमिनिस्ट्रेटर फोरम, जनवरी 2014 में हो गया था बंद

बता दें कि पहले भी एडमिनिस्ट्रेटर फोरम नाम था। खुला दरबार नहीं था। पब्लिक नुमाइंदे की किसी की शिकायत को ईमेल पर मंगवाते थे। इनफर्मेशन टेक्नोलॉजी विभाग के पास जाती थी। वहां से विभाग का रिप्लाई आता था। रिप्लाई के बाद उसे कंपाइल करते थे। वो लिस्ट गवर्नर के पास जाती थी। पूर्व प्रशासक रोड्रिग्स ने पब्लिक हियरिंग सेशन शुरू किया था। पहले यह महीने में दो बार होता था। बाद में शिवराज पाटिल आए तो यह नियमित तौर पर नहीं चल पाया। पाटिल लोगों की कम ही सुनते थे। जनवरी 2014 में पब्लिक की सुनवाई पूरी तरह से बंद हो गई। 6 जनवरी 2014 को पब्लिक हियरिंग सेशन हुआ था। इसमें मात्र 14 लोग पहुंचे थे। इसके बाद सुनवाई का कोई सेशन नहीं हुआ। इन फोरम के दौरान कई बार सेक्टर 9 के यूटी सचिवालय में हंगामा भी हुआ। ऐसे आरोप भी लगे कि प्रायोजित लोगों की ही शिकायतों को मौके पर सुना जाता था। सभी प्रमुख अफसरों को इस हियरिंग के दौरान बिठाया जाता था जिनसे मौके पर ही प्रशासक जवाब मांगते थे। कई समस्याओं का मौके पर हल भी किया गया लेकिन इसमें एक कमी ये रही कि इस फोरम के दौरान प्रशासक की ओर से दिये गये आदेशों का कोई लिखित लैटर प्रशासन की ओर से नहीं दिया जाता था। हियरिंग के दौरान पुलिस पहरा भी रहता था। अगर कोई समस्या को लेकर कोई संवाद करता था तो पुलिस उसे फोरम से बाहर का रास्ता दिखा देती थी। हालांकि बाद में व्यवस्था की गई कि जो प्रशासक दरबार में आदेश देते थे तो उस फैसले का लैटर भी दिया जाने लगा था। 2014 के बाद सेक्टर 17 प्लाजा, सेक्टर 9 के सचिवालय व गवर्नर हाऊस में लिखित शिकायतें पेटिका लगाकर मंगाई जाने लगी लेकिन इन्हें ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया गया। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के दोबारा शिकायतों के निवारण की मौके पर व्यवस्था किये जाने का सामाजिक संगठनों व शहर के नागरिकों ने स्वागत किया है।

## संघ लोक सेवा आयोग ने चंडीगढ़ प्रशासन के लिए सहायक जिला अटॉर्नी के 9 पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ ,15 जुलाई।** चंडीगढ़ प्रशासन के कानून एवं अभियोजन विभाग में सहायक जिला अटॉर्नी (असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटार्नी) के पदों पर भर्ती के लिए संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से विज्ञापन जारी किया गया है। आयोग ने कुल 9 रिक्तियों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इन पदों में 7 पद अनारक्षित श्रेणी के लिए, 1 पद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्लयूएस) और 1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षित है। इसके अतिरिक्त, 1 पद दृष्टिबाधित (ब्लाइंडनेस) अथवा कम दृष्टि (लो विजन) वाले दिव्यांग (पीडब्लयूबीडी) उम्मीदवारों के लिए आरक्षित किया गया है। वेतनमान की बात करें तो यह भर्ती 7वें वेतन आयोग के अनुसार पे मैट्रिक्स के स्तर-07 में की जाएगी। आयु सीमा वर्गवार तय की गई है। सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए अधिकतम आयु 30 वर्ष, ओबीसी वर्ग के लिए 33 वर्ष जबकि दिव्यांगजनों के लिए 40 वर्ष तक की छूट दी गई है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट http://upsconline.gov.in/ora/ पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन से पहले पात्रता संबंधी सभी नियमों और दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें। यह भर्ती चंडीगढ़ प्रशासन के अंतर्गत कानूनी प्रक्रिया को मज़बूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### आम आदमी पार्टी के वार्ड 13 प्रभारी ने टूटे हुए चैम्बरों के बदलवाए ढक्कन और कार्रवाई सफाई



**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** बरसात के मौसम के मध्य नजर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा के आदेशों पर दिन सोमवार को वार्ड नंबर 13 के आम आदमी पार्टी के प्रभारी हरजोत सिंह द्वारा वार्ड में पानी की निकासी के लिए बने हुए चैंबरों की सफाई करवाई गई और चैंबरों के टूटे हुए ढक्कन भी बदलवा गए। उन्होंने कहा कि पानी की निकासी वाले चैंबर में मालवा और प्लास्टिक कचरा भर जाता है जिसके कारण बरसात का पानी रुक जाता है और सड़कों पर जल भराव की समस्या हो जाती है जिसके चलते वार्ड में बने बहुत से चैंबरों की सफाई करवाई गई और उनमें से मालवा निकलवाया गया ताकि वार्ड में जल भराव की समस्या ना हो। उन्होंने बताया कि साफ सफाई के साथ चैंबररों के टूटे हुए ढक्कन भी बदल आए गए हैं। उन्होंने बताया कि बरसात के समय उनके वार्ड में स्थानीय निवासियों को किसी भी कसम की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा वार्ड नंबर में बहुत सी झाड़ियां एवं घास फूस उगा हुआ था उसकी भी कटिंग करवाई गई और साफ सफाई करवाई गई। उन्होंने कहा कि वार्ड में इस प्रकार का सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। स्थानीय निवासियों ने विधायक कुलजीत सिंह रंधावा वार्ड प्रभारी का धन्यवाद किया।

### 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर भगा ले गया युवक

**जीरकपुर (अप्रस/संदीप सिंह बावा)।** बलटाना के एक इलाके से 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर एक युवक भगा ले गया। किशोरी की मां की शिकायत पर जीरकपुर थाना पुलिस ने राजन, निवासी बलटाना के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां मूल निवासी जिला बक्सर, बिहार, वर्तमान में किराए पर बलटाना ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह प्राइवेट कामकाज कर अपने तीन बच्चों का पालन–पोषण कर रही हैं। शनिवार शाम वह सब्जी लेने के लिए गई थीं। जब वह करीब रात 8 बजे लौटीं, तो उन्होंने पाया कि उनकी बेटी घर पर नहीं है।परिजनों ने खुद ही तलाश शुरू की, इस दौरान उन्हें पता चला कि लड़की को आखिरी बार बलटाना निवासी युवक राजन के साथ देखा गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी बेटी सरकारी हाई स्कूल, सेक्टर 19 पंचकूला से नौवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी। आशंका जताई जा रही है कि राजन ने उसकी बेटी को शादी का झांसा देकर घर से भगा ले गया।पुलिस ने शिकायत मिलते ही मामला दर्ज कर लिया गया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है।

## आम आदमी पार्टी के वार्ड नंबर 25 के पार्षद एवं प्रवक्ता योगेश ढींगरा ने गवर्नर गुलाबचंद कटारिया को ई संपर्क शिफ्ट करने के लिए पत्र लिखा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** पार्षद योगेश ढींगरा ने बताया कि ई संपर्क सेक्टर 38डी (अस्थायी स्थापना) से सेक्टर 38सी सामुदायिक केंद्र में स्थायी रूप से स्थानांतरित करने के लिए गवर्नर को पत्र लिखा। पार्षद ने बताया कि वह पिछले 3 सालों से नगर निगम की हाउस मीटिंग में यह मुद्दा उठाते आ रहे हैं परंतु अभी तक ई संपर्क को स्थाई तौर पर सेक्टर 38सी सामुदायिक केंद्र मैं शिफ्ट नहीं किया गया है। कभी चंडीगढ़ प्रशासन कोई ना कोई रोक लगा देते हैं और कभी नगर निगम इस पर रोक लगा देता है जिससे कि लोगों को धूप ,बारिश ,सर्दी ,गर्मी आदि समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

पार्षद योगेश ढींगरा ने बताया की यह ई संपर्क केंद्र एक अस्थायी सुविधा में संचालित हो रहा है, जो क्षेत्र के निवासियों के लिए अत्यधिक असुविधाजनक और अपर्याप्त साबित हुआ है। इस स्थल पर जनता की कुशलतापूर्वक सेवा करने के लिए पर्याप्त स्थान और बुनियादी ढाँचे का अभाव है। अपने वार्ड के लोगों की ओर से, मैं पिछले तीन वर्षों से लगातार इस केंद्र को सेक्टर 38सी सामुदायिक केंद्र में स्थानांतरित करने की माँग उठा रहा हूँ, जो बेहतर पहुँच और जन उपयोगिता वाला एक अधिक उपयुक्त और स्थायी स्थान है। पार्षद ने बताया कि कम्युनिटी सेंटर 38 सी में एक स्थाई कमरा सिर्फ और सिर्फ ई संपर्क के लिए बनाया गया है परंतु उस पर पिछले तीन साल से ताला लगा हुआ है और जनता परेशान हो रही है।

संबंधित अधिकारियों से कई अपीलों और अभ्यावेदनों के बावजूद, मामला अभी तक अनसुलझा है। पार्षद ने आगे चेतावनी देते हुए कहा कि अगर 15 अगस्त 2025 तक कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे।

पार्षद ने आगे गवर्नर साहब को लिखा कि वह आपसे अनुरोध करते हैं कि कृपया इस मामले में हस्तक्षेप करें और प्रशासन को संपर्क केंद्र को बिना किसी और देरी के सेक्टर 38सी सामुदायिक केंद्र में स्थानांतरित करने का निर्देश दें।

### सांसद मनीष तिवारी ने प्रशासन की कारगुजारी पर उठाये सवाल, कहा

# मनीमाजरा में 24×7 जल आपूर्ति परियोजना पर संसद में गुमराह करने वाली जानकारी

कहा–यह दावा न केवल भ्रामक, बल्कि इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर भी खड़े होते हैं गंभीर सवाल

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** जहां एक तरफ मनीमाजरा की 24×7 जल परियोजना विवादों में घिरी है और इसकी विजिलेंस इंक्वायरी शुरू कर दी गई है वहीं दूसरी तरफ चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से मनीमाजरा क्षेत्र में जल आपूर्ति को लेकर दी गई जानकारी एक नए विवाद का कारण बन गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद मनीष तिवारी ने हाल ही में एक अखबार को दिए बयान में आरोप लगाया है कि प्रशासन ने संसद में गुमराह करने वाली जानकारी दी है। उनके अनुसार, अधिकारियों ने यह दावा किया कि मनीमाजरा में लोगों को प्रतिदिन 9 से 18 घंटे तक पानी की आपूर्ति की जा रही है, जबकि वास्तविक स्थिति इससे काफी अलग है। पूर्व केंद्रीय मंत्री तिवारी के इस बयान ने न केवल राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, बल्कि आम जनता के बीच भी चिंता बढ़ा दी है। उनका कहना है कि यह दावा न केवल भ्रामक है, बल्कि इससे प्रशासन की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े होते हैं। स्थानीय निवासियों ने भी इस मुद्दे पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। एक नागरिक ने कहा कि जब एक वरिष्ठ सांसद इस तरह की बात कह रहे हैं, तो यह सामान्य लोगों के विश्वास को जरूर झकझोरता है। प्रशासन को इस पर जल्द से जल्द सफाई देनी चाहिए। इस मुद्दे ने चंडीगढ़ की बहुप्रचारित 24×7 जल परियोजना की प्रगति और पारदर्शिता पर भी सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। चूंकि संसद में दिया गया जवाब पहले से ही सार्वजनिक डोमेन में है, इसलिए अब नागरिकों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि प्रशासन स्पष्ट रूप से अपना पक्ष रखे और जनता को सही जानकारी दे। अब देखना यह है कि प्रशासन इस पर कोई औपचारिक बयान जारी करता है या नहीं, लेकिन इतना तय है कि इस विवाद के बाद जल आपूर्ति परियोजना की साख खतरे में पड़ गई है।

यहां बता दें कि मनीष तिवारी ने संसद में हाऊसिंग एंड अर्बन अफेयर्स मिनिस्टर से यह सवाल पूछा था कि मनीमाजरा में 2016 के बाद चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी मिशन में क्या प्रोग्रेस हुई। पूछा गया कि क्या सरकार को मालूम है कि अगस्त 2024 में मनीमाजरा में 24×7 जल परियोजना का जो हाई प्रोफाइल उद्घाटन हुआ उसे चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड पूरा करने में असफल रहा है। मनीमाजरा निवासियों को केवल दो घंटे मिट्टी मिला हुआ पानी सप्लाई हो रहा है। यह भी पूछा गया कि इस परियोजना को जल्द पूरा करने के लिये प्रशासन या सरकार क्या कदम उठा रही है। परियोजना जिस वजह से लटकी है, उनका क्या हल निकाला जा रहा है। इस परियोजना के लिये क्या बजट दिया गया है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टों को लेकर सीएंडजी ऑडिट या एक्सटर्नल ऑडिट कराने को लेकर भी सवाल किया गया था। स्टेट व यूटी की इसको लेकर डिटेल मांगी गई थी।

### झूठे जवाब देने का लगा आरोप

सांसद मनीष तिवारी को दिये गये जवाब में बताया गया कि 3 दिसंबर 2024 तक कुल 36 प्रोजेक्टों को 1537 करोड़ की राशि आवंटित की गई जिसमें से 1475 के 34 प्रोजेक्टों को चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से पूरा कर लिया गया। जवाब में कहा गया कि मनीमाजरा का प्रोजेक्ट अभी ट्रायल फेस में है। इसमें इक्वीपमेंट लगाये और टेस्ट किये जा रहे हैं। कहां डिफेक्ट हैं पता लगाया जा रहा है। कहा गया कि प्रोजेक्ट के तहत मनीमाजरा में 9 से 18 घंटे शुद्ध पेयजल की सप्लाई हो रही है। हर डिस्ट्रिक्ट मीटर एरिया में क्लोरीन एनेलाइजर लगाये गये हैं। एमसी रोजाना वॉटर सैंपल ले रही है। पानी की क्वालिटी को लेकर कोई शिकायत नहीं है। यूटी, चंडीगढ़ स्मार्ट सिटी प्रोजेक्टों को लेकर कहा गया कि सेक्टर 17 में 20 बैटरी ऑपरेटिड व्हीकल्स चलाये जा रहे हैं। असलियत में यहां ऐसा दिखाई नहीं देता। वर्तमान में चल रहे प्रोजेक्टों को लेकर कहा गया कि 60.77 करोड़ के प्रोजेक्ट चल रहे हैं इनमें फिजिकल प्रोग्रेस केवल 5 प्रतिशत है।

## पूर्व मेयर कमलेश बनारसी दास ने झुगियों में बिजली सुविधा देने के लिए प्रशासन का किया धन्यवाद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** राम दरबार के भीतर स्थित इंदिरा आवास कॉलोनी, जो एक स्लम क्षेत्र है और जिसका अब तक पुनर्वास नहीं हुआ था, को प्रशासन द्वारा स्थायी बिजली कनेक्शन दिए जा रहे हैं। निवासियों से बिजली कनेक्शन के लिए पैसे एकत्र किए जा चुके हैं और आज वायरिंग का काम भी पूरा हो गया है। उम्मीद है कि एक सप्ताह के भीतर उन्हें सरकारी तौर पर बिजली के कनेक्शन मिल जाएंगे।

इंदिरा आवास कॉलोनी के निवासियों ने इस पहल के लिए चंडीगढ़ प्रशासन का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया है। स्थायी बिजली कनेक्शन मिलने से इन परिवारों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार आएगा और उन्हें यहीं पर स्थायी रूप से बसने की उम्मीद भी है।

इसके साथ ही, निवासियों ने प्रशासन से पानी के स्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया है। उनका कहना है कि बिजली के साथ-साथ पानी की सुविधा भी अत्यंत आवश्यक है ताकि उन्हें पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े।

यह कदम चंडीगढ़ में एक स्लम क्षेत्र को विकसित करने का एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत करता है, जहां चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। यह एक मिसाल कायम करेगा कि कैसे स्लम क्षेत्रों का भी विकास किया जा सकता है।




इंदिरा आवास कॉलोनी के लोग प्रशासन के इस फैसले से बेहद खुश हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी पानी के कनेक्शन की मांग को भी जल्द पूरा किया जाएगा।

## भाजपा नेता संजय टंडन ने की पंजाब कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से मुलाकात

### मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच संगठन मजबूती को लेकर हुई लंबी मंत्रणा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन ने पंजाब के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा से मुलाकात की और उन्हें पंजाब अध्यक्ष की नियुक्ति पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान भाजपा नेता संजय टंडन ने उनके पिता स्व. बलरामजी दास टंडन द्वारा लिखित पुस्तक भी अश्वनी शर्मा को भेंट की। यह पुस्तक भाजपा पंजाब के लिए एक विवेककोश और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मार्गदर्शक शक्ति है।

भाजपा नेता ने आशा व्यक्त कि अश्वनी शर्मा पंजाब में भाजपा संगठन को मजबूत करने में अपना योगदान देंगे। भाजपा हाईकमान द्वारा उन पर जो भरोसा और विश्वास जताया गया है, उस खरा उतरेंगे और संगठन की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। मुलाकात के दौरान संजय टंडन और अश्वनी शर्मा के बीच संगठन मजबूती को लेकर लंबी मंत्रणा हुई और आप सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ रणनीति भी तैयार की गई।

संजय टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन पंजाब की आप सरकार जनविरोधी नीतियां तैयार कर रही है, जिसका खामियाजा पंजाब के लोगों को उठाना पड़ रहा है। पंजाब की आप सरकार केंद्र सरकार की नीतियों को सही तरीके से लागू नहीं कर रही है, जिसके चलते लाभपात्रों योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे हैं। यही नहीं, पंजाब के युवा नशे की दलदल में धंस रहे हैं और रोजगार न मिलने के चलते पढ़े-लिखे युवा विदेश में पलायन कर रहे हैं। पंजाब में भाजपा की सरकार बनने पर न केवल नशे पर नकेल कसी जाएगी, बल्कि युवाओं को कौशल आधारित रोजगार और सरकार नौकरियां दी जाएंगी।

भाजपा नेता संजय टंडन और पंजाब के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के बीच पंजाब में मजबूत संगठन खड़ा करने और युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने पर रणनीति तैयार की गई।

## कमानीदार चाकू के साथ ऑटो चालक काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** यूटी नार्थ ईस्ट डिविजन की थाना आईटी पार्क पुलिस ने कमानीदार चाकू रखने के मामले में आरोपी ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान शास्त्री नगर मनी माजरा के रहने वाले 33 वर्षीय मोहिंदर के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे कमानीदार चाकू बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना पुलिस के एएसआई हुशिंदर कुमार रविवार को अपनी टीम के साथ एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे।

पेटोलिंग के दौरान जब पुलिस पशु चिकित्सालय किशनगढ़ के पास पहुंची तो सामने से आ रहा शख्स पुलिस पार्टी को देखकर एकदम से पीछे की तरफ मुड़ गया।जब पुलिस को मामले में शक हुआ तो पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी ली तो पुलिस को उसके कब्जे से एक कमानीदार चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना आईटी पार्क और थाना मनी माजरा में अलग अलग मामले दर्ज पाए गए हैं।

## पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरों का किया पर्दाफाश

### 6 आरोपियों को काबू कर 14 दो पहिया वाहन किए बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** यूटी पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दो पहिया वाहन चोरों का पर्दाफाश कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 14 वाहन बरामद किए है।पकड़े गए आरोपियों की पहचान पंजाब के जिला मोहाली निवासी 35 वर्षीय विक्रम राम सिंह, जिसके कब्जे से एक मोटर साइकिल,एक लूना मेक टीवीएस,एक चोरी का मामला थाना सारंगपुर में दर्ज है।

दूसरे आरोपी की पहचान मलोया कॉलोनी के रहने वाले 20 वर्षीय बुधराम जिसके कब्जे से एक मोटर साइकिल,एक एक्टिवा स्कूटर, आरोपी के खिलाफ एक आर्म्स एक्ट और एक चोरी का मामला दर्ज, तीसरे आरोपी की पहचान झांमपुर मोहाली के रहने वाले रोहित जिसके कब्जे से दो एक्टिवा,एक मोटर साइकिल जिसके खिलाफ एक चोरी और एक एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है।

चौथे आरोपी की पहचान मलोया कॉलोनी के रहने वाले 19 वर्षीय करण जिसके कब्जे से एक मोटर साइकिल, पांचवे आरोपी की पहचान मलोया कॉलोनी के रहने वाले 34 वर्षीय रवि कुमार जिसके कब्जे से एक मोटर साइकिल और दो एक्टिवा स्कूटर और छठे आरोपी की पहचान मिल्क कॉलोनी धनास के रहने वाले 28 वर्षीय संजीव कुमार जिसके कब्जे से दो एक्टिवा स्कूटर और एक मोटर साइकिल बरामद किया है।

### आरोपी नशे की लत को पूरा करने लिए करते थे चोरी

जानकारी के अनुसार बताया गया कि पकड़े गए आरोपी नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपी अधिकतर वाहनों के नंबर प्लेट तोड़फोड़ कर देते थे। ताकि पहचान ना हो सके। आरोपी पार्किंग एरिया या फिर रिहायशी इलाकों में खड़े वाहनों को मास्टर चाबी से खोल कर या फिर लॉक तोड़कर चोरी करते थे।

जानकारी के अनुसार पुलिस की बनाई गई अलग अलग टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए वाहनों के मामले को सुलझाया है।

## हेरोइन सप्लाई करने वाली आरोपी महिला काबू, कब्जे से 34.14 ग्राम हेरोइन बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी




**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** यूटी साउथ वेस्ट डिविजन की थाना मलोया पुलिस ने हेरोइन की सप्लाई करने वाली एक महिला महिला को गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई आरोपी महिला की पहचान सैक्टर 25 की रहने वाली 25 वर्षीय मनीषा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी महिला के कब्जे से 34.14 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी महिला को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी महिला को एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना मलोया के प्रभारी इंस्पेक्टर जसबीर सिंह की टीम रविवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस आरसी-1 स्कूल ईडब्ल्यूएस कॉलोनी मलोया के पास पहुंची तो समय करीब शाम 5 बजकर 45 मिनट का होगा। पुलिस पार्टी ने महिला को हिरासत में लिया।और उसके कब्जे से 34.14 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद हुई। पुलिस ने तुरंत मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बलरामपुर, मीरजापुर व मुरादाबाद में गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा के बनेंगे नए केंद्र: मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक के माध्यम से बलरामपुर स्थित माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, मीरजापुर स्थित माँ विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय तथा मुरादाबाद स्थित गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और निर्माण कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। बैठक में तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपति भी उपस्थित रहे। विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की वेबसाइट https://www.gjum.ac.in/ तथा लोगो का विमोचन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नवस्थापित विश्वविद्यालयों को केवल शैक्षणिक परिसर न मानकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उस व्यापक विजन का विस्तार समझा जाए, जिसमें हर जिले के युवाओं को गुणवत्तापरक, रोजगारपरक और सुलभ उच्च शिक्षा उपलब्ध कराने का लक्ष्य समाहित है। यह पहल न केवल उत्तर प्रदेश में उच्च शिक्षा को क्षेत्रीय असंतुलन से मुक्त करेगी, बल्कि उसे अधिक समावेशी और न्यायसंगत स्वरूप प्रदान करने की दिशा में भी निर्णायक सिद्ध होगी।

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की प्राथमिकता तय करते हुए निर्देश दिए कि पहले चरण में प्रशासनिक भवन, अकादमिक भवन और कुलपति निवास का निर्माण हर हाल में समय से और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए। दूसरे चरण में छात्रावासों और आवासीय भवनों के निर्माण को गति दी जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी स्थलों पर कम से कम 500 श्रमिकों की तैनाती सुनिश्चित हो, ताकि कार्यों की गति और गंभीरता बनाए रखी जा सके।

तीनों विश्वविद्यालयों के सुचारु संचालन हेतु मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूर्णकालिक रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक और वित्त नियंत्रक की तैनाती तत्काल की जाए। किसी भी महत्वपूर्ण पद पर अतिरिक्त प्रभार अथवा संबद्धिकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही लिपिकीय संवर्ग



की नियुक्ति प्रक्रिया अविलंब आरंभ की जाए, अन्यथा कार्य संचालन प्रभावित होगा। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की नियुक्ति के संबंध में कहा कि अगले तीन दिनों के भीतर पद सृजन की प्रक्रिया पूरी कर विज्ञापन जारी किया जाए और शीघ्र चयन की कार्यवाही प्रारंभ हो। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विश्वविद्यालयों को गैर वेतन मद में आवश्यक धनराशि निर्गत की जाए तथा कुछ स्मार्ट क्लासेज और थिएटर रूम भी विकसित किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कुलपतिगणों से कहा कि सम्बद्ध महाविद्यालयों के अतिरिक्त इस बार से विश्वविद्यालय परिसर में परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ करें। इसके लिए आवश्यक प्रयोगशालाओं की व्यवस्था भी कर ली जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालयों की प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि माँ पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय, बलरामपुर की परियोजना की कुल स्वीकृत राशि 163.52 करोड़ है, जिसमें से 83.47 करोड़ की धनराशि अब तक निर्गत की जा चुकी है। परियोजना का कार्य 7 जून 2024 को प्रारंभ हुआ है और इसे दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना है। परिसर में वर्तमान में 435 श्रमिक कार्यरत हैं, जो निर्धारित संख्या से अधिक है, जिससे कार्य की गति और गंभीरता का आकलन होता है। एक साथ प्रशासनिक भवन, अकादमिक खंड, छात्रावास, कुलपति निवास, आवासीय भवन, सुरक्षा अवसंरचना और बाह्य विकास जैसे कार्य संचालित हो रहे हैं।

माँ विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय, मीरजापुर की परियोजना का कुल अनुबंध मूल्य 154.15 करोड़ है, जिसमें से 88.53 करोड़ की राशि अब तक अवमुक्त की जा चुकी है। परियोजना 12 अगस्त 2024 से प्रारंभ हुई है और इसके फरवरी 2026 तक पूर्ण होने का लक्ष्य रखा गया है।

गुरु जम्भेश्वर राज्य विश्वविद्यालय, मुरादाबाद की परियोजना 11 जुलाई 2024 को आरंभ हुई है और इसे भी फरवरी 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इस परियोजना की कुल लागत 169.58 करोड़ है, जिसमें से 77.93 करोड़ की धनराशि अब तक जारी की जा चुकी है। कार्यों में प्रशासनिक खंड, दो अकादमिक भवन, छात्रावास, आवासीय परिसर, पुलिस चौकी तथा बाह्य विकास जैसे घटक सम्मिलित हैं।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन परियोजनाओं में समयसीमा का कड़ाई से पालन हो और गुणवत्ता के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक कार्य की तकनीकी गुणवत्ता का परीक्षण विशेषज्ञ एजेंसियों से कराया जाए और नियमित अंतराल पर प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की जाए।

# शराब नीति में पारदर्शिता सर्वोपरि, घटिया ब्रांड पर रोक और कीमतों में ऐतिहासिक कमी: सीएम नायडू



अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों को स्पष्ट कर दिया है कि शराब नीति में पारदर्शिता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सोमवार को मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य सचिवालय में आबकारी विभाग की समीक्षा की। उन्होंने सभी संदिग्ध ब्रांडों की बिक्री पर रोक लगाने के आदेश जारी किए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि केवल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड और उच्च गुणवत्ता वाली शराब ही बेची जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य से बढ़कर कुछ भी नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में बिना शुल्क चुकाए शराब और नटू सारा नहीं बेची जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल उच्च गुणवत्ता वाली शराब ही बेची जानी चाहिए ताकि जन स्वास्थ्य को कोई नुकसान न हो।

उन्होंने कहा कि पिछली कार्यकाल में आंध्र में बड़े पैमाने पर नकली ब्रांड की बिक्री हुई है उसकी रिपोर्ट बनाएं कहा उन्होंने कहा कि नकली शराब ब्रांडों के कारण व्यापार में भारी गिरावट आई है और इससे राज्य को राजस्व का नुकसान हुआ है। साथ ही, मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ रहा है। 2014 से 2019 के बीच शराब नीति का क्रियान्वयन कैसे हुआ? मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि पिछली सरकार के दौरान लागू की गई नीति का अध्ययन किया जाना चाहिए गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद, नई शराब नीति लागू होने के बाद, आबकारी विभाग के इतिहास में पहली बार शराब की कीमतों में कमी आई है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पहले की तुलना में शराब की कीमतों में कम से कम 10-100 रुपये की कमी आई है।

मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने अधिकारियों से यह पता लगाने को कहा कि पिछली सरकार के दौरान बिकने वाले नकली शराब ब्रांडों पर किस हद तक अंकुश लगाया गया था। मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या कोई घटिया ब्रांड अब भी बाज़ार में है। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे वर्तमान में उन घटिया ब्रांडों की बिक्री को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश के बाज़ार में घरेलू और विदेशी कंपनियों के सभी प्रमुख ब्रांड खरीदारों के लिए उपलब्ध हैं।

# सरकारें आती-जाती रहती हैं और उन्हें कानून के अनुसार ही काम करना होगा: सज्जला

अर्थ प्रकाश/बोम्मा रेड्डी

**अमरावती।** आज राज्य की विफलताओं को उजागर करने के लिए हर दबाव का सामना करेगी।

सोमवार को यहाँ मीडिया से बात करते हुए, पार्टी के मुख्य समन्वयक सज्जला रामकृष्ण रेड्डी ने कहा कि पुलिस, जो शासन का सबसे प्रत्यक्ष अंग है, का चंद्रबाबू नायडू ने पूरी तरह से दुरुपयोग किया है और यह इतना गिर गया है कि पीड़ितों पर मामले थोपे जा रहे हैं जबकि अपराधियों को संरक्षण दिया जा रहा है। हाल ही में वाईएसआरसीपी ज़िला परिषद अध्यक्ष पर हुए हमले में, पुलिस, जो रास्ता साफ़ करके झड़प को टाल सकती थी, उस समय मूकदर्शक बनी रही जब टीडीपी के गुंडों के एक समूह ने वाहन पर हमला किया। जब पेडाना प्रभारी और अध्यक्ष के पति शिकायत करने गए, तो पुलिस मामला दर्ज करने में आनाकानी कर रही थी, लेकिन रामू के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया कि उनकी कार ने एक महिला को टक्कर मार दी थी, जब वे गुडीवाड़ा में पार्टी की एक बैठक में शामिल होने जा रही थीं। यह व्यवस्था की विफलता या हेराफेरी को दर्शाता है और बंगारुपलेम की घटना में, एक स्थानीय फोटोग्राफर की शिकायत के आधार पर, हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था। यही



शासन की नीति है और उनकी मंशा है कि वाईएस जगन मोहन रेड्डी को सत्ता से बाहर न निकलने दिया जाए और कार्यकर्ताओं पर अंधाधुंध मामले दर्ज किए जाएँ और साथ ही टीडीपी की ओर से हिंसा को भी न उठाया जाए, जैसा कि प्रसन्ना कुमार रेड्डी के आवास पर हमले के मामले में हुआ है।

वीडियो साक्ष्य के बावजूद, टीडीपी कार्यकर्ताओं पर कोई मामला दर्ज नहीं किया गया, जबकि वाईएसआरसीपी कार्यकर्ताओं को झूठी धाराओं और मामलों से परेशान किया जा रहा है। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के पोडिली दौरे के दौरान, मुट्ठी भर टीडीपी कार्यकर्ताओं ने वाईएसआरसीपी की रैली पर नारे लगाए और पत्थरबाजी की और हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मामले दर्ज किए गए, जबकि सत्तारूढ़ पार्टी के कार्यकर्ताओं को बचाया गया। इसके ठीक विपरीत, विपक्षी नेता के रूप में चंद्रबाबू नायडू ने अंगल्लू में भीड़ को उकसाया था और हमारी सरकार ने उनके जैसा व्यवहार नहीं किया। वाईएस जगन मोहन रेड्डी के बंगारुपलेम दौरे के बाद, हज़ारों किसानों पर झूठे मामले दर्ज किए गए।

# श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के एक वर्ष के संपूर्ण संतिया का पड़ा भोग

## संथा लेने वाली संगत को किया गया सम्मानित

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** स्थानीय गुरुद्वारा दशमेश दर्शन में धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पूर्ण संथा और सहज पाठ का भोग पड़ा। गुरुद्वारा दशमेश दर्शन मुल्लांपुर गरीबदास न्यू- चंडीगढ़ प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष बाबा गुरमुख सिंह ने धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के संपूर्ण संतिया की शुरुआत की थी, जिसे पूरा होने में पूरा एक वर्ष लगा था और आज धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के संपूर्ण संतिया और सहज पाठ का भोग पड़ा, जिसके बाद शबद कीर्तन हुआ। बातचीत में उन्होंने बताया कि क्षेत्र की संगत ने धन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के चल रहे संतिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और संगत प्रतिदिन श्रद्धा और उत्साह के साथ गुरुद्वारा साहिब में आकर संतिया में शामिल होती थी। उन्होंने कहा कि जहाँ आज के समय में हर कोई माया के पीछे भागता है, वहीं बाबा गुरमुख सिंह ने बिना किसी हिचकिचाहट के यह सेवा की है, जो बहुत बड़ी बात है। संपूर्ण संतिया ग्रहण करने वाली संगत को गुरुद्वारा कर्ता- पुरख निवास बड़ माजरा की ओर से प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित भी किया गया। बातचीत के दौरान बाबा गुरमुख सिंह ने बताया कि उन्होंने गुरु कांसी दमदमी टकसाल से



शिक्षा ली है और यह निस्वार्थ सेवा उनके द्वारा पिछले 39 वर्षों से लगातार की जा रही है और उन्होंने लगभग हजारों लोगों को संपूर्ण संतिया प्रदान किया है और इसी प्रकार आने वाले समय में भी वे गांव, कस्बों व शहरों में जाकर संगत को गुरबाणी से जोड़ेंगे। उन्होंने लोगों को संदेश देते हुए कहा कि अपने बच्चों को बाणी व बाणा से जोड़ना चाहिए ताकि बच्चा सीधे मार्ग पर चल सके। इस दौरान प्रबंधकों ने बाबा गुरमुख सिंह को सिरोपा भेंट कर स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर भी बरताया गया। सरपंच जितेंद्र सिंह, परमिंदर सिंह पम्मा पंच, जगतार सिंह पंच, गुरुद्वारा नानक दरबार प्रबंधक कमेटी के प्रेस सचिव भाग सिंह, रणधीर सिंह धीरा, गुरुद्वारा दशमेश दर्शन कमेटी न्यू- चंडीगढ़ के सभी प्रबंधक व स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# कुमाऊं सभा नयागांव में श्रीरामलीला कमेटी का सर्वसम्मति से गठन

## महेश चंद्र उपाध्याय बने रामलीला संचालक

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

न्यू- चंडीगढ़। 13 जुलाई को कुमाऊं सभा नयागांव (रजि) के पंच मूर्ति शिव मंदिर कुमाऊं नगर में कुमाऊं सभा नयागांव के बोर्ड एवं प्रधान कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक अध्यक्ष श्री मोहन सिंह मिरोला जी की अध्यक्षता में हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों के बारे में निर्णय लिया गया । बोर्ड सचिव नारायण सिंह घुड़दौड़ा ने बताया कि जिसमें कावड़ियों का स्वागत एवं एक शाम भोले के नाम का कार्यक्रम 22 जुलाई को एवं महामाई का जगराता 2 अगस्त को मनाया जाएगा जिसके लिए भक्त जन 1 अगस्त को जोत लेने के लिए ज्वाला जी जाएंगे ये दोनों ही कार्यक्रम श्री गोविंद उप्रेती जी की टीम के द्वारा किए जाएंगे। रामलीला एवं दशहरा साल 2025 के लिए भी चर्चा की गई जोकि 21 सितंबर 2025 से शुरू होगी के लिए सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारी नियुक्त किए गए :- रामलीला संचालक -श्री महेश चंद्र उपाध्याय जी , उपसंचालक - पंकज फुलारा जी एवं श्री सुंदर सिंह किरोला जी , कैशियर - श्री गोकुल नंद पांडे जी , उप कैशियर - उमेश जोशी जी , मुख्य निर्देशक - श्री मदन मोहन जोशी जी ,निर्देशक - श्री ख्याली राम उप्रेती ,उप निदेशक - श्री गोविंद उप्रेती जी ,सखियों की निर्देशक हेमा उपाध्याय जी ,एवं कृपाल पटवाल जी - मंच संचालन ,श्री कैलाश फुलारा जी को उप मंच संचालक ,संगीत निर्देशक -श्री उमेश रेखाडी एवं पंडित प्रकाश पाठक जी को चुना गया , सभा के प्रधान अधिवक्ता श्री मदन मोहन पांडे जी एवं अध्यक्ष श्री मोहन सिंह मिरोला जी द्वारा सभी सदस्यों का ध्वनि मत से धन्यवाद किया।

# डीएवी स्कूल में आयोजित किया गया तनाव प्रबंधन पर एक दिवसीय सेमिनार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। डीएवी सीनियर पब्लिक स्कूल, सूरजपुर की प्रधानाचार्या श्रीमती अंजलि मारिया ने स्कूल परिसर में शिक्षकों के लिए आयोजित एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का शानदार उद्घाटन किया। सीबीएसई द्वारा शुरू की गई और प्रधानाचार्या के कुशल मार्गदर्शन में, तनाव प्रबंधन कार्यशाला का संचालन संसाधन व्यक्ति पूनम आनंद और शिवानी वशिष्ठ द्वारा सफलतापूर्वक किया गया, जो सीबीएसई की दो प्रतिभाशाली प्रमुख और आर्मी पब्लिक स्कूल की शिक्षक हैं। पूनम आनंद और शिवानी वशिष्ठ ने शिक्षकों के साथ अपनी जानकारीपूर्ण बातचीत में, उन्हें तनाव रूपी राक्षस पर विजय पाने की अद्भुत रणनीतियों से अवगत कराया, जिसने हमारी सारी ऊर्जा को खत्म कर दिया था। शिक्षकों को विभिन्न गतिविधियों और संवादात्मक सत्रों में व्यस्त रखते हुए, यह दिलचस्प सत्र छह घंटे का था, जिसमें शिक्षकों के बीच कई प्रेरक और प्रेरणादायक शब्द प्रसारित किए गए। हैंडआउट्स और प्रश्नोत्तर सत्रों के माध्यम से, शिक्षार्थियों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए और अपनी सुप्त भावनाओं को व्यक्त किया। संक्षेप में, यह एक अत्यंत उपयोगी और स्वास्थ्यवर्धक सत्र था जिसने शिक्षकों को तनाव पर काबू पाने और अपने जीवन को सुंदर बनाने के लिए अद्भुत सुझाव प्रदान किए।

# नयागांव नगर काउंसिल में भ्रष्टाचार चरम पर, पार्षद प्रमोद कुमार ने की विजिलेंस जांच की मांग

अर्थ प्रकाश/जे के बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** सोमवार को नयागांव नगर कार्उसिल के वार्ड-18 के पार्षद प्रमोद कुमार प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के पत्रकार पहुंचे थे। इस दौरान नयागांव नगर कार्उसिल के पार्षद प्रमोद कुमार ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा अगर लगातार नगर कार्उसिल में गड़बड़ियां हो रही है और भ्रष्टाचार का बोल-बाला है। इसलिए पूर्व पंजाब कैबिनेट मंत्री व हलका खरड की विधायक अनमोल गगन मान से हमारी अपील है अगर वास्तव में ही नयागांव नगर कार्उसिल में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है तो इसकी निष्पक्ष विजिलेंस से जांच कराई जाए और जो लोग भ्रष्ट है उन पर बनती कार्रवाई की जाए । उन्होंने कहा वह स्वयं इस क्षेत्र की विधायक अनमोल गगन मान ने भी कई बार सार्वजनिक मंचों से नयागांव नगर कार्उसिल को पंजाब की सबसे भ्रष्ट नगर कार्उसिल कह चुकी है। पार्षद ने यहां पर एक सवाल उठाया कि जब पंजाब राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार है और विधायक भी उसी पार्टी से है जबकि वह पहले कैबिनेट मंत्री भी रह चुकी है । नयागांव नगर कार्उसिल में जो भ्रष्ट अफसर है या जो भ्रष्टाचार हो रहा है उसकी विजिलेंस जांच कर उन पर बनती कार्रवाई की जानी चाहिए। पार्षद ने अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए कहा शहर में 80त्न नवनिर्माण



बिना नक्शे पास करवाए हो रहे हैं यह कैसे हो रहे हैं यह सब की मिली भगत से हो रहा है लेकिन सरकार व प्रशासन आंख मूंद कर बैठा है। पिछले नौ महीने में एक करोड़ के मरम्मत के जो काम हुए हैं वह काम कहां हुए हैं वह दिखा जाएं मेरे वार्ड-18 में तो एक ढक्कन तक नहीं लगा बाकी वार्डो का भी यही हाल। इसके बाद उनके साथ बैठे भाजपा जिला मोहाली उप प्रधान भूपेन्द्र सिंह भूपी ने कहा कि भ्रष्ट जो भी है उसका तो पर्दाफाश होने चाहिये । जो भ्रष्ट है उनको बनती सजा मिलनी चाहिये । क्योंकि आप आदमी पार्टी की सरकार आई ही भ्रष्टाचार मिटाने को है । भाजपा जिला मोहाली उप प्रधान भूपेन्द्र सिंह भूपी व नयागांव नगर कार्उसिल के वार्ड-18 के पार्षद प्रमोद कुमार ने निष्पक्ष विजिलेंस की जांच की मांग भी की है ।

# ज़ीरकपुर में 'इंडिया नॉर्थ रॉयल' का ग्लैमर व आत्मविश्वास से भरा मंच, हर उम्र की प्रतिभा ने बिखेरा जलवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

ज़ीरकपुर। पारस डाउनटाउन मॉल, ज़ीरकपुर में आयोजित जूनियर/ मिस्टर/ मिस/ मिसेज़ इंडिया नॉर्थ रॉयल के ग्लैमरस कार्यक्रम ने स्टाइल, शान और प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया। अरश इवेंट्स के प्रतिष्ठित बैनर तले सांवली अग्रवाल और ईशा जैन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भारी संख्या में दर्शक आए और सभी आयु वर्ग के लोगों के आत्मविश्वास और रचनात्मकता का जश्न मनाया गया।

प्रतियोगिता में बच्चों से लेकर बड़ों तक, 40 प्रतिभाशाली प्रतियोगियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में चार मुख्य श्रेणियां थीं - मिसेज, मिस, मिस्टर और किड्स - और प्रत्येक श्रेणी में योग्य विजेताओं का ताज पहनाया गया। श्रीमती संदीप भुल्लर, सुश्री संगीता, दीप सिंह ने अपने आकर्षण, व्यक्तित्व और मंचीय



उपस्थिति से निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों में विराज सेठी, अनवीश, हार्दिक जैन, तनिष्का, हनाइशा विजेता रहे। अभिनेता अमृतपाल सिंह, सोनू प्रधान, दविंदर कौर संधू, कमलराज, गुरजीत सिंह और कोरियोग्राफर शिवी महाजन सम्मानित निर्णायक थे। इस मंच का उद्देश्य व्यक्तियों को सशक्त बनाना, आत्मविश्वास बढ़ाना और क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना था। दर्शकों को शानदार प्रस्तुतियों, फ़ैशन वॉक और प्रतिभागियों की प्रेरक व्यक्तिगत कहानियों का आनंद मिला। इस कार्यक्रम के बारे में बात करते हुए, आयोजकों सांवली अग्रवाल और ईशा जैन ने कहा, ÷हमारा उद्देश्य एक ऐसा मंच बनाना था जहाँ हर उम्र के लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें और अपनी विशिष्टता व्यक्त कर सकें। इस कार्यक्रम में न केवल सौंदर्य और प्रतिभा का जश्न मनाया गया, बल्कि उभरते कलाकारों और प्रभावशाली लोगों के लिए सामुदायिक सहभागिता और समर्थन को भी प्रोत्साहित किया गया।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेता एस.एस. नंदा का निधन

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। कालका नगर के एक अनुभवी राजनेता एवं समाजसेवी श्री



एस.एस. नंदा, जिनका नाम नगर परिषद कालका के पूर्व अध्यक्ष एवं तीन बार पार्षद के रूप में इतिहास में अंकित है, का 13 जुलाई 2025 को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। श्री नंदा, जिन्होंने अपने जीवन के प्रारंभिक दिनों में रेलवे कर्मचारी के रूप में देश की सेवा की और सक्रिय रूप से रेलवे संघ के साथ कार्य किया, ने 1994 में स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति ली और राजनीति में कदम रखा। राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करते ही श्री नंदा ने अपनी सच्ची जनसेवा, नैतिक नेतृत्व एवं समाज के प्रति अटूट समर्पण के बल पर कालका नगर की विभिन्न समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर परिषद कालका के अध्यक्ष पद पर रहते हुए एवं तीन बार पार्षद के रूप में कार्यरत रहते हुए उन्होंने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को अंजाम दिया तथा स्थानीय जनता के हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। उनके योगदान से न केवल नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ, बल्कि सामाजिक समरसता एवं विकास की राह भी प्रशस्त हुई। श्री नंदा के निधन की खबर सुनते ही समाज में शोक की एक लहर दौड़ गई है। उनके अंतिम संस्कार 13 जुलाई को दोपहर 1 बजे कालका के रामबाग श्मशान घाट पर सम्पन्न हुआ, जहाँ विभिन्न धर्मों, वर्गों और राजनीतिक दलों के सदस्यों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 'अपना' और 'वेंचर कैटेलिस्ट्स' के सहयोग से स्टार्टअप लॉन्चपैड 'कैंपस टैंक' का श्रीगणेश

**राज्य सभा सांसद और सीयू के चांसलर सतनाम सिंह संधू द्वारा देश के पहले यूनिवर्सिटी-संचालित स्टार्टअप का शुभारंभ**

**वर्ष 2047 तक 'कैंपस टैंक' विकसित भारत के लिए उद्यमियों की भावी पीढ़ी को सशक्त बनाएगा: सतनाम संधू, सांसद एवं सीयू चांसलर**

अर्थ प्रकाश/सुशील सहगल

चंडीगढ़। सोमवार को देश के स्टार्टअप संस्थापकों की नई पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने भारतीय यूनिकॉर्न एवं जॉब नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म 'अपना' और एकीकृत इनक्यूबेटर 'वेंचर कैटलिस्ट्स' के सहयोग से देश का पहला यूनिवर्सिटी-संचालित राष्ट्रीय स्टार्टअप प्लेटफॉर्म 'कैंपस टैंक' का श्रीगणेश किया है। ज्ञात रहे कि युवा इनोवेटर्स अपने आइडिया को प्रस्तुत कर विशेषज्ञों से मार्गदर्शन, रणनीतिक स्ट्रेटेजिक इकोसिस्टम गठबंधन और इमर्सिव स्टार्टअप इनक्यूबेशन के साथ-साथ अपने स्टार्टअप शुरू करने के लिए फंडिंग प्राप्त कर सकते हैं।

कैंपस टैंक (https://apna.co/contests/campus-tank-2025) पोर्टल राज्य सभा सांसद और चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर सतनाम सिंह संधू, 'अपना' के सीओओ कर्ण चोकसी, वाइस प्रेजिडेंट डॉ प्रीत दीप सिंह, 'वेंचर कैटालिस्ट्स' के फाउंडर सदस्य और मैनेजिंग पार्टनर ऋषभ गोलछा की उपस्थिति में लॉन्च किया गया।



आगामी 14 अगस्त तक 30 वर्ष से कम आयु के फाउंडर्स और को-फाउंडर्स रजिस्ट्रेशन कर अपने स्टार्टअप को आगे बढ़ाने के लिए 1 मिलियन डॉलर के प्रतिबद्ध फंड से निवेश के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। चयनित स्टार्टअप्स को डेमो डे पर वीकैट्स के निवेशकों के सामने अपने आइडिया पेश करने का अवसर मिलेगा। चयनित टीमों को क्यूब फाउंडर्स स्पेस से इनक्यूबेशन सहायता और प्रशिक्षण एवं मास्टर कक्षाओं के माध्यम से संस्थापकों और विशेषज्ञों से सीखने का अवसर दिया जाएगा।

अर्थ प्रकाश से जानकारी सांझा करते हुए राज्यसभा सांसद और सीयू-चांसलर सतनाम सिंह संधू ने बताया कि यह पहल स्टार्टअप्स को उनके विकास में समर्थन देकर अगली पीढ़ी के उद्यमियों को सशक्त बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2016 में शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल से आर्थिक विकास को गति देकर बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एक संपन्न स्टार्टअप इकोसिस्टम बनेगा। उन्होने कहा कि यह इनोवेशन ही नहीं अपितु राष्ट्र निर्माण भी है। ' अपना' के वाइस प्रेजिडेंट डॉ. प्रीत दीप सिंह ने कहा कि देश के युवा और प्रतिभाशाली उद्यमियों के लिए कैंपस टैंक एक सशक्त मंच के रूप में समस्या-सुलझाने, सपने देखने और कर्मठ लोगों की अगली पीढ़ी को सामने लाने मे सहायक होगा। आजीविका उत्पन्न करना ही उनका मूल मिशन है। वेंचर कैटालिस्ट्स फाउंडिंग मेंबर और मैनेजिंग पार्टनर ऋषभ गोलछा का दृढ़ निश्चय है कि कैंपस टैंक 1 मिलियन डॉलर के निवेश के साथ युवा स्टार्टअप संस्थापकों के विचारों को साकार करने मे कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

# आम आदमी पार्टी ने की युवा और महिला विंग के पदाधिकारियों की नियुक्ति

## आम आदमी पार्टी सभी क्षेत्र की महिलाओं को राजनीतिक मंच कर रही है प्रदान

आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो वास्तव में युवाओं और महिलाओं को सक्रिय राजनीति में आने का देती है अवसर: अमन अरोड़ा

2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ बहुमत से जीतेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने आज 10 जोन और 35 जिले के लिए यूथ और महिला विंग के इंचार्जों की नियुक्ति की है। ये नियुक्तियां 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए की गई है।

पंजाब आप के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि ये नियुक्तियां पंजाब में आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करेगी एवं पार्टी को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए मजबूती से तैयार करने में मदद करेंगी।

उल्लेखनीय है कि आम आदमी पार्टी की नवनियुक्त महिला टीम विविध शैक्षणिक योग्यता और प्रेरक पेशेवर पृष्ठभूमि के मिश्रण का प्रतिनिधित्व करती है। टीम में 2 पीएचडी धारक, 13 स्नातकोत्तर और 12 व्यवसायी महिला शामिल हैं। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाएं जिसमें शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता से लेकर उद्यमी और गृहिणियां भी शामिल हैं। यह विविधता समाज के सभी वर्गों से सक्षम महिलाओं को राजनीति और सार्वजनिक सेवा में सार्थक योगदान देने के लिए एक मंच प्रदान करने की आप की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अरोड़ा ने जोर देकर कहा कि आम आदमी पार्टी एकमात्र ऐसी पार्टी है जो युवाओं और महिलाओं को राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेकर पंजाब के विकास में अपना योगदान देने के अवसर प्रदान करती है।

### युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने में विश्वास रखती हैं आम आदमी पार्टी

उन्होंने ट्वीट किर लिखा, ''आम आदमी पार्टी युवाओं और महिलाओं को सशक्त बनाने में विश्वास रखती है। ये नियुक्तियां हमारे संगठन में नई ऊर्जा का संचार करेंगी और जमीन पर बेहतर सार्वजनिक संपर्क सुनिश्चित करेंगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पंजाब के लोगों से किए गए अपने वादों को पूरा करने के लिए लगन और समर्पण के साथ काम कर रही है। यह नियुक्तियां भी पार्टी के संगठनात्मक विस्तार और जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### पंजाब के पूर्व मंत्री मजीठिया से जेल में मिली पत्नी, बोलीं-

# वह चढ़दी कला में है, कोई उनका मनोबल नहीं तोड़ सकता है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 14 जुलाई।** शिरोमणि अकाली नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से उनकी पत्नी गनीव कौर ने जेल में मुलाकात की है। आय से अधिक संपत्ति मामले में न्यू नाभा जेल में बंद शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया से आज उनकी पत्नी और मजीठा की विधायक गनीव कौर ने मुलाकात की है। इस मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि वह जेल में चढ़दी कला में हैं और कोई उनका मनोबल नहीं तोड़ सकता है। मजीठिया की पत्नी जेल की बैरक बदलने के सवाल पर कहा कि सुरक्षा कारणों के चलते हमारी तरफ से याचिका दायर की गई थी। वह ऑरेंज कैटेगरी में आते हैं, जो कि जेल मैनुअल के अनुसार है। हालांकि, वह सकुशल हैं। जब मीडिया ने उनसे पूछा कि उनके साथ ऐसा क्यों किया जा रहा है, तो उन्होंने जवाब दिया कि यह तो सरकार ही बता सकती है।

जहां तक पर्चा है, तो उन्होंने साफ किया कि पर्चा तो डीए का है। उन्होंने बताया कि मजीठिया पर 4 साल पहले डीए का केस दर्ज किया, लेकिन जब उसमें कुछ नहीं बना तो डीए का केस डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमें पता था कि सरकार केस बनाने वाली है, इसलिए हम पहले से तैयार थे। जेल बदलने की मांग को लेकर अदालत मजीठिया द्वारा मोहाली जिला अदालत में 14 जुलाई यानी आज इस मामले में सुनवाई हुई, लेकिन पंजाब सरकार की ओर से अब तक कोई जवाब दाखिल नहीं किया गया है। अदालत ने अब अगली सुनवाई की तारीख 17 जुलाई तय की है। मजीठिया के वकीलों ने याचिका में दलील दी है कि वह विधायक और पूर्व मंत्री रह चुके हैं, इसलिए उन्हें जेल मैनुअल के अनुसार ऑरेंज कैटेगरी की सुविधाएं दी जाएं और उन्हें अन्य सजायाफ्ता या अंडर ट्रायल कैदियों से अलग रखा जाए। साथ ही, उन्होंने गिरफ्तारी के आधार (ग्राउंड ऑफ अरेस्ट) और जेल मैनुअल की कॉपी भी अदालत से मांगी है।

# 15 जुलाई का धरना-प्रदर्शन रद्द अब 22 जुलाई को दिया जाएगा

### अकाली दल के पूर्व विधायक शिव राम कलेर ने दी जानकारी

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 14 जुलाई।** अकाली दल के पूर्व विधायक शिव राम कलेर ने बताया कि जगराओं में सोमवार में तेज बारिश खराब मौसम के कारण यह निर्णय लिया था ओर उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से इस बदलाव की जानकारी साझा की।

अकाली दल ने लैंड पूलिंग पॉलिसी के विरोध में लुधियाना में डीसी दफ्तर के बाहर 15 जुलाई को होने वाले धरना-प्रदर्शन को रद्द किया ओर अब यह धरना 22 जुलाई को दिया जाएगा।

अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने जगराओं के चार गांवों के किसानों से मुलाकात की थी। उन्होंने लैंड पूलिंग पॉलिसी पर चर्चा की और 15 जुलाई को धरने की रणनीति बनाई थी। लेकिन धरने से एक दिन पहले जगराओं में हुई तेज बारिश के कारण कार्यक्रम को एक सप्ताह के लिए स्थगित करना पड़ा। अब अकाली दल 22 जुलाई को लुधियाना के डीसी दफ्तर के बाहर अपना विरोध प्रदर्शन करेगा। अकाली दल लैंड पूलिंग पॉलिसी का विरोध कर रहा है और इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहा है।

# गुरु हरगोबिंद खालसा कॉलेज, गुरुसर सुधार में एनसीसी बालिका कैडेटों के लिए साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर कार्यक्रम पर ऑनलाइन कार्यशाला

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 14 जुलाई।** युवाओं में डिजिटल साक्षरता और सुरक्षा बढ़ाने की एक महत्वपूर्ण पहल के तहत, 3 पंजाब गर्ल्स बटालियन एनसीसी लुधियाना द्वारा यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन (यूएसआई), नई दिल्ली के सहयोग से, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लुधियाना के तत्वावधान में, लुधियाना ग्रुप मुख्यालय की 400 से अधिक एनसीसी बालिका कैडेटों के लिए 'साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर' पर एक ऑनलाइन कार्यशाला 14 जुलाई 2025 को आयोजित की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर पी.एस. चीमा, एसएम, वीएसएम, ग्रुप कमांडर, एनसीसी ग्रुप मुख्यालय लुधियाना उपस्थित रहे। यह डिजिटल सशक्तिकरण सत्र मेजर जनरल जे.एस. चीमा, एडीजी, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ (पीएचएचपी एंड सी) निदेशालय के मार्गदर्शन और डीजीएनसीसी लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम के उच्च निर्देशों के तहत आयोजित किया गया था। साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर ऑनलाइन कार्यशाला गुरु हरगोबिंद कॉलेज गुरुसर सुधार में चल रहे वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-59 के दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल राकेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। चौहान ने यह सुनिश्चित किया कि तीन सौ से अधिक एनसीसी गर्ल कैडेट और कर्मचारी साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर ऑनलाइन कार्यशाला से गुजरें। 3 पंजाब गर्ल्स बटालियन एनसीसी, 3 पंजाब बटालियन एनसीसी, 19 पंजाब बटालियन एनसीसी और 4 पंजाब एयर स्क्वाड्रन एनसीसी के कैडेटों ने कार्यशाला में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका उद्देश्य उन्हें साइबर सुरक्षा की बुनियादी बातों के आवश्यक ज्ञान से लैस करना था। सत्र में कैडेटों और एनसीसी प्रशिक्षक कर्मचारियों को सुरक्षित डिजिटल प्रथाओं, साइबर स्वच्छता की अवधारणा और साइबर खतरों की पहचान करने और उन्हें कम करने में पहले उत्तरदाताओं की भूमिका पर शिक्षित किया गया। सत्र को साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और वकील श्री तुषार शर्मा ने कवर किया। इस पहल में साइबर जागरूकता, साइबर अपराध से बचने के लिए साइबर सुरक्षा कुंजी, साइबर अपराध से कैसे निपटें और विभिन्न केस स्टडी शामिल थीं। सत्र का समापन प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ। श्री तुषार ने कैडेटों द्वारा स्व-जिम्मेदारी पर जोर दिया इंटरैक्टिव और सूचनात्मक सत्र का नेतृत्व ब्रिगेडियर विवेक वर्मा (सेवानिवृत्त) विजिटेड सर्विस इंस्टीट्यूट साइबर अवेयरनेस इंस्टीट्यूट के प्रमुख और यूएसआई में एक सेमिनार रिसर्च फेलो, लेफ्टिनेंट कमांडर सीमा गुप्ता साइबर पीस हेड और आउटरीच एडमिनिस्ट्रेटिव ने किया।

मीडिया प्रशिक्षक तुषार शर्मा ने एनसीसी कैडेटों को भविष्य के जागरूक डिजिटल नागरिक और संभावित साइबर प्रहरी बनने के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में कार्य किया। ब्रिगेडियर विवेक वर्मा (सेवानिवृत्त) ने एनसीसी गर्ल कैडेट्स के साथ बातचीत की और उन्हें ट्रोजन हॉर्स की ऐतिहासिक घटना, महाभारत में द्रोणाचार्य और युधिष्ठिर के बीच अश्वत्थामा की घटना और रामायण में सीता हरण की घटना का वर्णन करके साइबर सुरक्षा के बारे में समझाया और साइबर अपराध / साइबर धोखाधड़ी के बारे में बताया।

यह पहल साइबर सुरक्षा में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ युवा प्रशिक्षण को संरेखित करने में एनसीसी द्वारा एक और कदम है, यह सुनिश्चित करता है कि कैडेट न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार हों बल्कि डिजिटल रूप से जागरूक और जिम्मेदार भी हों।

# पंजाबी यूटयूबर जसबीर सिंह की जमानत याचिका खारिज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** पंजाब पुलिस द्वारा पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर जसबीर सिंह को मोहाली अदालत से झटका लगा है। आरोपी ने जमानत के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। लेकिन अदालत ने इसे रद्द कर दिया है। जसबीर सिंह एक महीने से जेल में हैं। अब उन्हें जमानत के लिए हाईकोर्ट की तरफ रुख करना पड़ेगा।

अदालत में बचाव पक्ष ने दलील दी कि जसबीर सिंह के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है और उस पर लगाए गए सभी आरोप मनगढ़ंत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मात्र पाकिस्तान जाने और किसी राजनयिक से मिलने भर से देशद्रोह साबित नहीं होता। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और वर्तमान में आरोप को जमानत नहीं दी जा सकती। मामले की जांच स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल द्वारा की जा रही है। डीजीपी गौरव यादव ने गिरफ्तारी के समय बताया था कि जसबीर सिंह दानिश के न्योते पर दिल्ली में आयोजित पाकिस्तान नेशनल डे के प्रोग्राम में शामिल हुआ था। यहां उसकी मुलाकात पाकिस्तानी सेना के अधिकारियों और ब्लॉगर्स से हुई थी। वह साल 2020, 2021 और 2024 में पाकिस्तान जा चुका है।

पुलिस का कहना था कि जांच में उसके इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में कई पाकिस्तान आधारित नंबर और अन्य डेटा मिला है। उसने कुछ डेटा डिलीट भी किया हुआ है। उसके फोन और लैपटॉप को फोरेंसिक जांच के लिए लैब भेजा गया है। ज्योति के गिरफ्तार होने के बाद पुलिस को जसबीर सिंह पर शक हुआ था।

# शिवालिक स्कूल में बरसाती पानी की निकासी न होने से भरा पानी

## परिषद अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद नहीं हुआ कोई समाधान: भारद्वाज

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**बनूड़, 14 जुलाई।** बरसाती पानी की निकासी का प्रबंध न होने के कारण शहरवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही हाल शहर में स्थित शिवालिक मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल का भी है, जहां बरसात के दिनों में पानी भर जाता है और स्कूल के छात्रों को छुट्टी करनी पड़ती है। राष्ट्रीय राजमार्ग से शिवालिक स्कूल को जाने वाली गली और स्कूल के मैदान में भरे पानी को दिखाते हुए स्कूल के चेयरमैन रमेश भारद्वाज और प्रिंसिपल श्वेता शर्मा ने बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों द्वारा बरसात से पहले नालियों और पानी निकासी के लिए पाइपों की सफाई न किए जाने के कारण बरसाती पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, जिसके कारण स्कूल को जाने वाली गली और मैदान में पिछले चार दिनों से पानी भरा हुआ है।

उन्होंने बताया कि वे कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को पानी निकासी का उचित प्रबंध करने के लिए अवगत करा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि स्कूल में जलभराव के कारण छोटे बच्चों की स्कूल से छुट्टी कर दी गई है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

स्कूल प्रबंधकों ने काउंसिल अधिकारियों से मांग की है कि पानी निकासी का प्रबंध किया जाए, ताकि स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी दूर हो सके।

इस मामले को लेकर जब नगर काउंसिल बनूड़ के कार्यकारी अधिकारी अवतार चंद से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है। इस संबंध में सेनेटरी इंस्पेक्टर को मौके पर भेजा गया था। जिन्होंने मौके को देखा और बताया कि बारिश के दौरान स्कूल और गली में पानी भर जाता है। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसका समाधान कर दिया जाएगा।

# फरीदकोट में केंद्र व राज्य सरकार पर भड़के डल्लेवाल

### 25 अगस्त को दिल्ली में धरना देने का ऐलान, बोले-भगवंत मान को किसानों से नफरत

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फरीदकोट, 14 जुलाई।** पंजाब के फरीदकोट में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता और भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रांतीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने सोमवार को केंद्र की भाजपा और पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार पर तीखे हमले किए।

अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि एमएसपी की गारंटी, किसानों की कर्ज मुक्ति, स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करवाने सहित किसानों की अन्य सभी लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए 25 अगस्त को दिल्ली में एक दिवसीय रोष धरना दिए जाने का कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें देशभर के किसान संगठन भाग लेंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं और आने वाले दिनों में धरने की सफलता के लिए पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में किसान महापंचायतें की जाएंगी।

किसान नेता डल्लेवाल ने भारत सरकार द्वारा अमेरिका के साथ मिलकर लाई जा रही नई परियोजना पर भी सवाल उठाए। कहा कि इससे न केवल किसानों को बल्कि आम लोगों को भी बड़ा नुकसान होगा। इस परियोजना को भारत में लागू होने से रोकना होगा। इसके साथ ही उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा किसानों के प्रति दिए बयान की भी निंदा करते हुए कहा कि यह नेता सत्ता में आने से पहले उनके धरनों में आते थे और उन्हें संबोधित भी करते थे। खनौरी बॉर्डर पर किसानों के धरने के दौरान भी उनकी पार्टी के मंत्री शामिल होते रहे और अब इन्हें किसानों से नफरत हो रही है।डल्लेवाल ने कहा कि 25 अगस्त को दिल्ली में केंद्र सरकार के खिलाफ सिर्फ एक दिन का धरना देंगे और अपनी मांगें रखेंगे। अगर सरकार अनुमति नहीं देती है तो सभी किसान संगठनों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी।

# शंभू कलां गांव की फिरनी बनी तालाब, ग्रामीण परेशान

बड़े-बड़े गड्ढों के कारण हो रहे हादसे

किसान संघर्ष के चलते संपर्क सड़कों की हालत हुई खस्ता

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़।** बनूड़ के निकटवर्ती गांव शंभू कलां की फिरनी की खस्ता हालत के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में यह खस्ता हालत फिरनी तालाब का रूप ले चुकी है। इस सबंधित जानकारी देते हुए डॉ. सतपाल सिंह, सार्जेंट सिंह, सज्जन सिंह, बहादुर सिंह, जसबीर सिंह, बलबीर सिंह, गुरमुख सिंह, दर्शन सिंह व अन्य कई ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सड़क की हालत बहुत खस्ता हो चुकी है, इस सड़क पर डेढ़ फुट गहरे गड्ढे है, जो बरसात के दिनों में पानी से भरे रहते हैं और इन गड्ढों के कारण गांव की सड़क पर स्थित गुरुद्वारा साहिब जाने वाले श्रद्धालुओं व सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि शंभू बॉर्डर पर किसान संगठनों द्वारा किसानों की मांगों को लागू करवाने के लिए लगाए गए लगभग एक साल लंबे धरने के कारण दिल्ली जाने वाला सारा यातायात इसी सड़क व संपर्क मार्गो से होकर गुजरता था। जिसके कारण गांव से बासमा, तेपला व शंभू खुर्द जाने वाले सभी संपर्क मार्गों की हालत बेहद दयनीय हो गई थी। इससे पहले भी किसान संघर्ष के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान से गांवों के क्षतिग्रस्त संपर्क मार्गों की मरम्मत करवाने की अपील की गई थी, लेकिन इसके बावजूद इन संपर्क मार्गों व गांव की फिरनी की मरम्मत नहीं करवाई गई। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि गांव की फिरनी व गांव की मरम्मत करवाई जाए, ताकि ग्रामीणों व इस सड़क से गुजरने वाले राहगीरों को रोजाना की परेशानी से बचाया जा सके।

# खन्ना में गौशाला रोड के पास सरकारी सड़क (जमीन) पर सरेआम अवैध कब्जा

## मंदिर के पास फैला अतिक्रमण, कौसिंल प्रशासन मौन

अर्थ प्रकाश/केके

**खन्ना, 14 जुलाई।** शहर के गौशाला रोड क्षेत्र में स्थित सरकारी सड़क (जमीन) पर हजारों की तादाद में ईंटें रख कर एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लाखों रुपए का व्यापार करने का मामला सामने आया है। यह ज़मीन शमशानघाट व बीच बने स्थानीय मंदिर के पास स्थित है, जहाँ पर आरोपी ने अपना निजी सामान रखकर सार्वजनिक ज़मीन पर नियंत्रण जमा लिया है। यह घटना न सिर्फ़ प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि धार्मिक स्थल के पास फैले इस अतिक्रमण ने स्थानीय लोगों की भावनाओं को भी आहत किया है।



मंदिर के पास कब्जा की गई सरकारी जमीन पर रखा गया निजी सामान

### म न छापने की शर्त पर बताया

'यहाँ एक पवित्र मंदिर है, उसके ठीक पास किसी व्यक्ति ने सरकारी ज़मीन पर कब्जा कर लिया है। रोजाना लोग आते-जाते हैं और यह दृश्य अब अशोभनीय लगने लगा है। शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।'

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह सड़क कौंसिल खन्ना की है और इसका उपयोग भविष्य में जनकल्याणकारी योजनाओं या सार्वजनिक कार्यों के लिए होना था। मगर बीते कुछ समय से यह भूमि निजी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल की जा रही है।

### एक निवासी ने नाप्रशासन मौन, कानून को चुनौती

सरकारी ज़मीन पर इस तरह का अतिक्रमण भारतीय दंड संहिता की धारा 447 (अवैध रूप से प्रवेश करना) और राजस्व अधिनियम के तहत अपराध है। बावजूद इसके, स्थानीय प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे क्षेत्र में अवैध कब्जों को बढ़ावा मिल रहा है।

### जनता की माँग

स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस भूमि को तुरंत कब्जा मुक्त करवाया जाए और ज़िम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि मंदिर जैसे पवित्र स्थल के पास की सार्वजनिक जगहें साफ-सुथरी और अतिक्रमण मुक्त रहें।

### चल रहे अवैध व्यवसाय को बंद करवाया



इस संबंध में जब हमने नगर कौंसिल खन्ना के ईओ चरणजीत सिंह से बात की और उन्हें बताया कि सरकारी सड़क (जमीन) पर सरेआम एक व्यक्ति द्वारा व्यापार चलाया जा रहा है तो उन्होंने कहा ऐसा करना गलत है, चल रहे है अवैध व्यवसाय को बंद करवाया।

# कोठी पंचायत में जिला स्तरीय वन महोत्सव का आयोजन, मंत्री राजेश धर्माणी ने किया पौधारोपण

**कार्यक्रम में 250 किसानों को वितरित की पशु स्वास्थ्य किट**

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा



**घुमारवीं, 14 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश सरकार में नगर नियोजन आवास तकनीकी शिक्षा व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की कोठी पंचायत में आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव में भाग लिया।

इस अवसर पर ÷एक बूटा मां के नाम÷ की विशेष थीम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के औषधीय और फलदार पौधे रोपे गए।

वन महोत्सव के दौरान हरड़, आंवला, बेहड़ा, बटवृक्ष, जामुन, दाड़ू जैसे बहुउपयोगी पौधों का रोपण किया गया, जो न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक होंगे, बल्कि ग्रामवासियों के लिए औषधीय और आर्थिक रूप से भी उपयोगी सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि 'प्रकृति से जुड़ाव और पारिवारिक मूल्यों को एक सूत्र में पिरोने का यह प्रयास है।' उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यह अभियान न केवल पर्यावरण संतुलन के लिए आवश्यक है, बल्कि अगली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और हरित भविष्य की नींव भी रखेगा।

### कार्यक्रम में 250 किसानों को वितरित की पशु स्वास्थ्य किट

इस अवसर पर उपस्थित किसानों को पशुपालन विभाग की ओर से पशु स्वास्थ्य किट वितरित की गई। इस किट में मिनरल मिक्सचर, पेट के कीड़ों की दवाई, और आयरन की गोलियां शामिल थीं। विभाग द्वारा 250 से अधिक किसानों को यह किट निःशुल्क वितरित की गई, ताकि वे अपने पशुओं की सेहत का बेहतर ध्यान रख सकें। मंत्री धर्माणी ने बताया कि राज्य सरकार किसानों की आय में वृद्धि और पशुधन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसी दिशा में पशुपालन विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर और निःशुल्क किट वितरण जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

# हरोली कॉलेज में बीएससी में प्रवेश की अंतिम तारीख नजदीक, बीसीए की भी कुछ ही सीटें शेष

## नए पाठ्यक्रमों को मिल रहा जबरदस्त रिस्पॉन्स, प्रिंसिपल ने की शीघ्र आवेदन की अपील

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ऊना, 14 जुलाई।** प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय डिग्री महाविद्यालय हरोली में इस शैक्षणिक सत्र से आरंभ किए गए बीएससी (मेडिकल और नॉन-मेडिकल) तथा बीसीए और बीबीए जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को विद्यार्थियों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। प्रवेश प्रक्रिया अंतिम चरण में है और अब बीएससी में दाखिले के लिए यह अंतिम सप्ताह चल रहा है, जबकि बीसीए की अधिकांश सीटें भर चुकी हैं और सिर्फ कुछ ही सीटें शेष हैं।

कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. रणवीर डडवाल ने बताया कि नए पाठ्यक्रमों को लेकर विद्यार्थियों और अभिभावकों में गहरी रुचि है। यह प्रसन्नता की बात है कि हरोली जैसे क्षेत्र में अब विज्ञान एवं व्यवसायिक शिक्षा के बेहतरीन विकल्प उपलब्ध हैं। बीएससी और बीसीए में दाखिला लेना चाहने वाले छात्र-छात्राएं इस अंतिम मौके का लाभ जरूर उठाएं।




### नए भवन में लगेंगी क्लासेज

लगभग 16 करोड़ की लागत से बन रहे कॉलेज के आधुनिक भवन में इस वर्ष से कक्षाएं आयोजित की जाएंगी। संभवतः इस हफ्ते नए भवन का एक खंड कॉलेज को हैंड ओवर कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गुणवत्ता और सुविधाओं की दृष्टि से कॉलेज अब क्षेत्र के विद्यार्थियों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यहां बीबीए और बीसीए के अतिरिक्त एमए अंग्रेज़ी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान और एमकॉम जैसे पांच पीजी कोर्स भी प्रारंभ किए गए हैं। कॉलेज में शिक्षा के स्तर और कोर्सों की विविधता से ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। विशेष रूप से बेटियों के लिए अब उच्च शिक्षा घर के पास ही सुलभ हो सकी है, जो सामाजिक दृष्टि से भी सकारात्मक परिवर्तन का संकेत है।

प्रो. डडवाल ने यह भी बताया कि हमारा प्रयास है कि विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक ज्ञान मिले, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और करियर के लिए तैयार किया जा सके। इसके लिए कॉलेज में स्किल-बेस्ड और जॉब-ओरिएंटेड शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है।

### कौशल रोलर फ्लोर मिल्स टाहलीवाल में भरे जाएंगे हेल्पर के 10 पद

**ऊना, 14 जुलाई (अप्रस)।** कौशल रोलर फ्लोर मिल्स प्राइवेट लिमिटेड टाहलीवाल में हेल्पर के 10 पद नियमित आधार पर भरे जाएंगे जिसके लिए साक्षात्कार 16 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि हेल्पर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 10वीं पास होना अनिवार्य है। साथ ही आयु सीमा 18 से 40 वर्ष और वेतन न्यूनतम मजदूरी के आधार पर निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार की दो फोटो, बायोडाटा और अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। इसके साथ ही साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए 98160-67565 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# उपभोक्ताओं की विद्युत अपघात से बचने के तरीके बताए

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 14 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश स्टेट ईलैक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड सभी विद्युत उपभोक्ताओं को सुचारू विद्युत आपूर्ति प्रदान करने के लिए कृत संकल्प है। साथ ही विद्युत उपभोक्ताओ की विद्युत अपघात से बचने के तरीके भी उपभोक्ताओ को बताए जा रहे हैं । बरसात में विद्युत अपघात की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है । इसी के दृष्टिगत प्रदेश में विद्युत अपघात सुरक्षा बारे जहा प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं को जागरूक किया जा रहा है वहीं विद्युत बोर्ड के अपने तकनीकी कर्मचारियों को भी शिक्षित किया जा रहा है । उपभोक्ताओ को जानकारी प्रदान करने के लिये विद्यार्थियों और एनसीसी कैडट्स को भी जागरूक किया जा रहा है । इसी कड़ी में एक विद्युत सुरक्षा जागरूकता बैठक का आयोजन एन0सी0सी0 और अग्नि शमन विभाग के तत्वाधान में आज सोलन जिला के उद्यानिकी व वानिकी विश्वविद्यालय नोनी परिसर में किया गया। इस विद्युत सुरक्षा बैठक में पहली एन0सी0सी0 वटालियन सोलन के कैम्प कमाडर कर्नल राजीव थोमस के नेतृत्व में 520 प्रतिभगियों ने भाग लिया। इस अवसर पर केडटस को संबोधित करते हुए हिमाचल प्रदेश स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के सलाहकार अनुराग पराशर ने कहा कि एन0सी0सी0केडेटस कल के होनहार नागरिक तथा वीर है और उन्हें देश तथा प्रदेश की विकास योजनाओं के बारे भी जानकारी होनी चाहिए जिससे वह अपने ही नहीं बल्कि लोगों को सही जानकारी देकर सूचना प्रबंधन की महता समझ सके । उन्होंने हर विद्यार्थी को एनसीसी से जुड़ने का आहवाहन किया ।उन्होंने कहा कि उचित और सही सूचना प्रबंधन से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने एन0सी0सी0केडेट से आह्वाहन किया कि वह समाज के विकास में लोगों तक सही जानकारी पंहुचाकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया की बिजली कर्मचारियों को हेलमेट ब अन्य सुरक्षा उपकरण लगा कर ही कम करने के बारे प्रेरित करें ।उन्होंने घर के बिजली संबंधी कार्य करने और आसमानी बिजली गिरने के समय विशेष एतिहायत बरतने की सलाह दी ।उन्होंने आग लगने की स्थिति में अग्नि शमन विभाग द्वारा दी गई जानकारी को भी आवश्यक बताया ।उन्होने विद्युत आपूर्ति सम्बन्धि किसी तरह की रूकावट और शिकायत आने की दिशा में बोर्ड के टोल फ्री न0 1800-180-8060 या 1912 पर भी सम्पर्क करने के लिए कहा ।उन्होंने विद्युत सुरक्षा तथा बचत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्युत बचत न केवल उपभोक्ताओं के लिए बल्कि बोर्ड के लिए भी लाभप्रद है।

उन्होंने नए विद्युत कनैक्शन जारी करने, अतिरिक्त विद्युत भार, अस्थायी विद्युत कनैक्शन, विद्युत मीटर के स्थानानतरण, विद्युत बिलों के भुगतान के लिए ऑल लाईन व अन्य सुविधाओं की जानकारी, ई-वाहन का प्रचलन, अग्रीम विद्युत भुगतान, विद्युत टैरिफ, आई0डी0सी0 चार्जेज बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने तकनीकी तौर पर विद्युत करंट, रजिसटेंस तथा अर्थिंग के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। उन्होंने करंट लगने की दिशा में बचाव के तरिकों की जानकारी भी प्रभावी तौर से दी। विद्युत अपघात के कारण और इससे बचाव के उपायों बारे भी चर्चा की गई।

इस विद्युत सुरक्षा जागरूकता बैठक के आयोजन के लिए पहली एन0सी0सी0 बटालीयन सोलन के सुबेदार मेजर जागिन्द्र सिंह ने केडेटस को बोर्ड द्वारा सुरक्षा सम्बन्धि जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर सुबेदार अतिक उर रेहमान, सी0एच0एम0 सतीश कुमार, सेवानिवृत सुबेदार सुशील कुमार, अग्नि शमन विभाग सोलन के फायर मेन कुलदीप कुमार उपस्थित रहे।

# श्रावण अष्टमी मेले के दौरान टोवा से श्री नयना देवी जी मंदिर तक के सड़क मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध

अर्थ प्रकाश / अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 14 जुलाई।** श्री नयना देवी जी मंदिर में 25 जुलाई से 3 अगस्त 2025 तक आयोजित होने वाले श्रावण अष्टमी मेले के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की अधिक संख्या को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला दण्डाधिकारी बिलासपुर राहुल कुमार ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए यातायात संबंधी आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशों के अनुसार मेला अवधि में टोवा से श्री नयना देवी जी मंदिर तक के सड़क मार्ग पर केवल बसों और छोटे यात्री वाहनों (टैक्सियों) की आवाजाही को ही अनुमति होगी। इस दौरान ट्रक, कैन्टर, ट्रैक्टर, टैम्पू आदि भारी वाणिज्यिक वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

इसके अतिरिक्त, यदि ट्रक, टैम्पू या ट्रैक्टर सवारियों से लदे हुए पाए जाते हैं, तो उन्हें हिमाचल प्रदेश की सीमा जैसे गड़ामोड़ा और ग्वालथाई (भाखड़ा) से आगे श्री नयना देवी जी की ओर आने की अनुमति नहीं होगी। श्रद्धालु इन स्थानों से केवल बसों या टैक्सियों में ही श्री नयना देवी जी मंदिर पहुंच सकेंगे।

जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे जारी आदेशों का पालन करें ताकि मेला शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# उपायुक्त किरण भड़ाना की अध्यक्षता में मंडे रिव्यू मीटिंग, विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**केलांग, 14 जुलाई।** उपायुक्त लाहौल स्पीति किरण भड़ाना ने सोमवार को जिला स्तर पर मंडे रिव्यू मीटिंग की तीसरी बैठक की अध्यक्षता की। बैठक का उद्देश्य प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ जिला में विभिन्न मुख्य विकास कार्यो में हुई प्रगति व नए कार्यो को जल्द प्रारम्भ करने सबंधी दस्तावेजी प्रक्रियाओं की समीक्षा करना रहा।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के माध्यम जिला में चल रहे 11 विकास कार्यो के बारे सबंधित विभागों से फीडबैक ली अधिकारियों ने बताया कि योजेना के तहत जिस्पा में पर्वतीय सस्थांन जिस्पा में प्रस्तावित छात्रावास का निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। उन्होंने संबधित विभाग को प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के नए विकास कार्यो को डालने के लिए भी कहा। उन्होंने इस संस्थान में गेस्ट हाउस की मुरम्मत व सुधार कार्य करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने बैठक में विद्युत विभाग से प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना के बारे में अब तक हुई प्रगति के बारे जानकारी प्राप्त हुई विभाग ने बताया कि अभी तक 15 लोगों ने प्रधानमंत्री सूर्या घर योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन किया है उपायुक्त ने आमजनता को इस योजना के बारे में और अधिक जागरूक करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने खण्ड़ विकास अधिकारी को आगामी ग्राम सभा में इस योजना के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए भी कहा।

उन्होंने बताया कि केलांग व आसपास के क्षेत्रों में सूखे व प्लास्टिक कूडे की समस्या के स्थाई समाधान के केलांग व तांदी पंचायत में सप्ताह में तीन दिन डोर टू डोर सूखा व प्लास्टिक कूडा एकत्रीकरण शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गीले कूडे से वर्मीकम्पोस्ट बनाने की योजना भी विचाराधीन है जिसमें कृषि विभाग का सहयोग लिया जाएगा।

उन्होंने जिला के विभिन्न स्थानो पर पर्यटकों व आमजनात की सुरक्षा हेतु नदी नालों में जाने के लिए बने सम्पर्क मार्गो पर चेतावनी सूचक बोर्ड स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है जिसके इसी सप्ताह पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आवारा कुतों की समस्या के समाधान के लिए कुतों की नसंबदी कार्य को जल्द प्रारम्भ करने के निर्देश सबंधित विभाग को दिए। बैठक में त्रिलोकीनाथ सड़क के सुधारीकरण पर भी चर्चा की गई लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सितम्बर माह तक इस सड़क का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में खंण्ड विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि पुस्ताकालय की स्थापना के लिए प्रारम्भिक स्तर पर व प्रयोगात्मक तौर पर गौशाल गांव का चुनाव किया गया है।

इसके अतिरिक्त बैठक में ईको पर्यटन पार्कों, त्रिलोकीनाथ मंदिर के परिसर का सौंदर्यकरण, पैरागलाईड़िग, एमआरएफ विलिंग, वोल्वो बस सेवा, साप्ताहिक हॉट के संचालन सहित विभिन्न मुददों बारे भी चर्चा की गई और उपायुक्त द्वारा अवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

बैठक में कार्यावाहक सहायक आयुक्त एवं एकीकृत जनजातीय परियोजना अधिकारी कल्याणी गुप्ता, एसडीएम केलांग अकांक्षा शर्मा, वन मण्ड़ल अधिकारी अनिकेत वानवे, उपनिदेशक बागवानी मीनाक्षी शर्मा, जिला कल्याण अधिकारी खुशविंद्र ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी मुंशी राम ठाकुर, महांप्रवंधक उद्योग सन्नी ग्रेक, खण्ड विकास अधिकारी डा. विवेक गुलेरिया, सीमा सड़क सगठन के अधिकारियों सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# आईओसीएल ऊना ने बाथड़ी में आयोजित किया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

## स्वच्छता पखवाड़ा और मिशन लाइफ के तहत 300 से अधिक ग्रामीणों को मिला लाभ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 14 जुलाई।** स्वच्छता पखवाड़ा 2025 और केंद्र के मिशन लाइफ (लाइफ-लाइफ स्टाइल फॉर पर्यावरण) के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ऊना की उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन्स इकाई ने आज बाथड़ी गाँव में एक विशेष स्वास्थ्य-जागरूकता शिविर आयोजित किया। इस शिविर का उद्देश्य तपेदिक (टीबी) जैसी गंभीर बीमारी की समय पर पहचान और रोकथाम को बढ़ावा देना था।

शिविर का उद्घाटन जिला टीबी अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर ने किया। इस दौरान आईओसीएल ऊना के संचालन प्रबंधक अंचित गुप्ता भी मौजूद रहे।

डॉ विशाल ठाकुर ने बताया कि यह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से निःशुल्क आयोजित किया गया जिसमें 300 से अधिक ग्रामीणों की एक्स-रे जांच की गई। यह पहल ग्रामीण समुदाय को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने और टीबी की शीघ्र पहचान सुनिश्चित करने की दिशा में एक अहम कदम है।

डॉ. ठाकुर ने कहा, 'स्वच्छता सबकी ज़िम्मेदारी है, और इस प्रकार की पहलें टीबी जैसी बीमारियों की रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि टीबी निवारक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को बढ़ाना सामाजिक उत्तरदायित्व का एक अनिवार्य भाग है।

इस अवसर पर अंचित गुप्ता ने कहा कि इंडियन ऑयल ऊना समुदाय-आधारित पहलों के माध्यम से न केवल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशनों में योगदान दे रहा है, बल्कि पर्यावरणीय संरक्षण, सार्वजनिक कल्याण और समावेशी सतत विकास के अपने व्यापक सीएसआर दृष्टिकोण को भी सशक्त बना रहा है।

# पूजा मलिक को रोटरी क्लब कुल्लू की कमान

**वास्तुकार राजीव सिंह को महासचिव चुना गया**

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा




**कुल्लू 14 जुलाई।** रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा इंस्टालेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3070 रोटेरियन रोहित ओबरॉय रहे। उन्होंने नवनियुक्त अध्यक्ष को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर इलाके के तकरीबन 40 प्रतिष्ठित लोग रोटरी क्लब कुल्लू में सम्मिलित हुए द्य सभी नए सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने पिनअप किया और क्लब में शामिल होने पर बधाई दी।

पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन अंशुल पाराशर ने पिछले दो सालों में रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा किए गए सामाजिक कल्याण के कार्यों का ब्यौरा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर व सभी रोटेरियंस के समक्ष रखा।

उनकी अध्यक्षता में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3070 द्वारा रोटरी क्लब कुल्लू को उत्कृष्ट कार्यों के लिए बेहतरीन क्लब के अवार्ड से भी नवाज़ा गया। नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक ने सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब कुल्लू गत कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में अपना यथासंभव योगदान देता आया है व भविष्य में भी सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में अग्रणी रहेगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब कुल्लू के संस्थापक सदस्य रोटेरियन डॉ. पी.डी. लाल, व बेस्ट एथलिट के लिए पुरस्कृत किया गया।

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के हवाले आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी पीरन

**स्टॉफ के अभाव में छह दशक पुरानी डिस्पेंसरी हो सकती बंद**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला 14 जुलाई।** वर्ष 1962 से पीरन पंचायत में कार्यरत आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी स्टाफ के अभाव में बंद होने के कागार पर आ गई है । इस डिस्पेंसरी का संचालन चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी द्वारा किया जा रहा है । बता दें कि करीब चार माह पहले सरकार ने इस डिस्पेंसरी में कार्यरत चिकित्सक का तबादला बिलासपुर कर दिया गया है। फार्मासिस्ट का पद बीते तीन वर्षो से रिक्त पड़ा है। इसी प्रकार प्रशिक्षित दाई का पद करीब तीन दशक से सरकार द्वारा नहीं भरा गया है । 70 के दशक में इस आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी में चिकित्सक सहित चार कर्मचारी कार्यरत हुआ करते थे।

गौर रहे कि वर्तमान सरकार द्वारा बिना स्टाफ के चल रहे आयुर्वेदिक संस्थानों को बंद करने की कवायद शुरू कर दी गई है । हाल ही में 56 आयुर्वेदिक संस्थानों को डिनोटिफाई करने की अधिसूचना जारी दी गई है। जिसे फिलहाल सरकार ने रोक लगा दी है। पीरन पंचायत के लोगों को यह भी डर सताने लगा है कि स्टाफ के अभाव में डिस्पेंसरी भी बंद न हो जाए। बता दें अतीत में इस डिस्पेंसरी में पीरन पंचायत के अलावा सतलाई, बलोग और सीमा पर लगती सिरमौर की कोटला बांगी पंचायत के लोग उपचार करवाने आते थे ।

पीरन पंचायत के पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा और अतर सिंह ठाकुर, दौलत राम मेहता, पूर्व प्रधान कमलेश ठाकुर सहित अनेक लोगों से सरकार से इस डिस्पेंसरी में चिकित्सक व फार्मासिस्ट के पद को भरने की गुहार लगाई गई है ताकि लोगों को इस डिस्पेंसरी के माध्यम से उपचार करने की सुविधा मिल सके। इनका कहना है कि स्टाफ के अभाव में यदि इस आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को बंद की गई तो पीरन पंचायत के लोग आन्दोलन करने से भी गुरेज नहीं करेगें । डिस्पेंसरी के कर्मचारी कमल वर्मा ने बताया कि इस डिस्पेंसरी में महीने में औसतन करीब अढाई सौ रोगी की ओपीडी होती है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अश्वीन शर्मा ने बताया कि चिकित्सक का पद भरने बारे उच्चाधिकारियों के साथ उठाया गया है और फिलहाल इस डिस्पेंसरी को बंद करने बारे सरकार का कोई विचार नहीं है।

# कांवड़ियों को बदनाम करने की साजिश, वामपंथी विचारधारा पर लगाया आरोपः शिवदत्त वशिष्ट

**ऊना, 14 जुलाई (अप्रस)।** भगवान शिव के प्रिय भक्त कांवड़ियों को बदनाम करने के लिए एक सोची-समझी चाल के तहत उन्हें सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। यह बात शिवसेना (छिंदे) के प्रांत अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ट ने कही। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे कांवड़ियों को बदनाम करने के लिए वामपंथी विचाराधारा के लोग पूरे देश में सक्रिय हैं। इन कांवड़ियों में ही कुछ छद्म भेशधारी लोग ऐसी हरकतें करके हिंदू धर्म को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांवड़ियों के साथ अप शब्द व धक्का-मुक्की करने के मामले अकसर सुनने को मिल रहे हैं। जबकि सच्चाई इससे भिन्न है। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म को ठेस पहुंचाने वालों की पहचान करके उन्हें बेनकाब किया जाना चाहिए। ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। शिवदत्त ने कहा कि देश भर से कांवड़ियों गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार जाते हैं। रास्ते में इन लोगों के खिलाफ अनेकों प्रकार के षडय़ंत्रकारी ताकतें साजिश रच रहे हैं, ताकि हिंदू धर्म को बदनाम किया जा सके। विधर्मी लोग हिंदू धर्म के खिलाफ षडय़ंत्र रचकर हिंदू देवी-देवताओं को टारगेट करते हैं। इस षडय़ंत्रकारी साजिशों में ऐसे लोग भी शामिल हैं जो सिर्फ अपनी राजनीतिक दुकान चलाना चाहते हैं।

# फरीदाबाद को मिलेगा अत्याधुनिक सड़क, सीवरेज और जल निकासी का नया ढांचा : कृष्ण पाल गुर्जर

विपक्ष पर साधा निशाना, अनंगपुर मुद्दे पर रखी स्पष्ट बात*

हर नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता : महापौर प्रवीण जोशी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 14 जुलाई।** भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज रविवार को एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 08 करो? रुपये की लागत से शुरू होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का स्थानीय लोगों से नारियल तु?वाकर विधिवत तरीके से शिलान्यास किया। इस मौके पर उनके साथ महापौर प्रवीण जोशी, ब?खल विधायक धनेश अदलखा और एनआईटी विधायक सतीश फागना भी मौजूद रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद में तेजी से हो रहे विकास कार्यों के तहत आज भाखरी से 17 नंबर चुंगी तक आरएमसी सड़क और जल निकासी नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया है। यह सड़क कार्य 2.15 करोड़ रुपये की लागत से और नाले का निर्माण कार्य 3.5 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। मंत्री ने जानकारी दी कि क्षेत्र में जलभराव और सीवरेज की पुरानी समस्याओं का स्थायी समाधान करने के लिए भाखरी में 36 लाख रुपये, नवादा गांव में 45 लाख रुपये और नवादा कॉलोनी में 43 लाख रुपये की लागत से नई सीवर लाइन बिछाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, नवादा गांव और कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए सा? 34 लाख रुपये की लागत से नई पेयजल पाइपलाइन बिछाई जाएगी। अमृत योजना के तहत ?1.19 करोड़ रुपये की लागत से पूर्व में स्थापित सीवर लाइन से भी क्षेत्र में जल निकासी की सुविधा सुदृढ़ हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में फरीदाबाद में अभूतपूर्व सड़क विकास हुआ है। एक समय था जब शहर में एक भी नेशनल हाईवे नहीं था, लेकिन अब फरीदाबाद को चार नेशनल हाईवे से जोड़ा गया है। 300 करोड़ रुपये की लागत से ओल्ड रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाया जा रहा है। लड़कियों के लिए स्कूल-कॉलेज, चौड़ी सड़कें, बिजली की निर्बाध आपूर्ति और बदरपुर से होडल बॉर्डर तक सभी रेलवे अंडरपास का निर्माण तेज़ी से चल रहा है।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि आज विपक्ष के नेताओं ने महा पंचायत की, जबकि पंचायतों में सभी पक्षों को आमंत्रित किया जाना चाहिए। लेकिन आज की पंचायत में सिर्फ सरकार विरोधी लोगों का जमावड़ा था। उन्होंने आरोप लगाया कि 1992 और 2013 में विपक्षी सरकारों ने फारेस्ट एक्ट लगाकर ग्रामीणों के अधिकारों को कुचला। उन्होंने कहा, ÷हमारी पार्टी की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। हमने अनंगपुर के लोगों के साथ न्याय किया है और भविष्य में भी उनके साथ खड़े रहेंगे।÷ उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का सम्मान करते हुए कहा कि फरीदाबाद के विकास और उसके नागरिकों के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने अंत में कहा, ÷मैं अपनी सरकार की ओर से वादा करता हूँ कि फरीदाबाद के नागरिकों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे और विकास की किसी भी दिशा में कोई कमी नहीं आने देंगे। हम पूरी प्रतिबद्धता से विकास कार्यों को गति दे रहे हैं।

फरीदाबाद की महापौर श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी दिशा में एनआईटी क्षेत्र सहित पूरे शहर में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए बहुआयामी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि एनआईटी क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, सीवरेज लाइनों की मरम्मत एवं विस्तार तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों और कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित न रहे।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे हरियाणा में समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिनका लाभ हर क्षेत्र को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि एनआईटी क्षेत्र भी इस व्यापक विकास प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार के सहयोग से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्याओं का निरंतर समाधान किया जा रहा है।

एनआईटी क्षेत्र के विधायक सतीश फागना ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, जल निकासी, बिजली, मंडी सुधार, स्वास्थ्य व शिक्षा सेवाएं अब तीव्र गति से उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं को समयबद्ध ढंग से हल कर क्षेत्र को एक स्मार्ट, सुव्यवस्थित और समृद्ध शहरी क्षेत्र में विकसित करना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में एनआईटी क्षेत्र में और भी कई विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी, जिससे जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर निगम पार्षद जगत, जिला उपाध्यक्ष धर्मबीर भ?ाना, महेश वाल्मीकि, धन सिंह, राजेंद्र कुमार, संजू चपराना सहित अंको गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## सीईटी ग्रुप-सी परीक्षा के सफल आयोजन हेतु व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करें अभी अधिकारी : डीसी




अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद, 14 जुलाई।** उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-सी की सीईटी परीक्षा को नकल रहित, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं सतर्क है। डीसी विक्रम सिंह ने सीईटी परीक्षा की तैयारियों के मद्देनजर आज लघु सचिवालय स्थित सभागार कक्ष में शिक्षा विभाग सहित सीईटी परीक्षा से संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की।

डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी दी है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आगामी 26 व 27 जुलाई 2025 को सीईटी ग्रुप-सी की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए जिला फरीदाबाद में लगभग 163 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें करीब 1 लाख 70 हजार परीक्षार्थियों के सम्मिलित होने की संभावना है।

परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि सभी परीक्षा केंद्रों की क्रमबद्ध सूची सार्वजनिक की जाए। इस सूची में प्रत्येक परीक्षा केंद्र का पूरा पता, निकटतम प्रमुख स्थल, सार्वजनिक परिवहन विकल्प और आवश्यक दिशा-निर्देश शामिल किए जाएंगे। इससे विशेष रूप से बाहरी जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुँचने में सहायता मिलेगी।

डीसी विक्रम सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अन्य जिलों से आने वाले परीक्षार्थियों के रुकने हेतु धर्मशालाओं, विश्राम गृहों व अन्य उपयुक्त स्थलों की पहचान कर, वहां आवश्यक सुविधाओं सहित समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी परीक्षार्थी को रात्रि विश्राम या आवास की असुविधा न हो। डीसी विक्रम सिंह ने परीक्षार्थियों की सुगम आवाजाही के लिए परिवहन विभाग को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद से अन्य जिलों में जाने वाले तथा अन्य जिलों से फरीदाबाद आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुँचने में कोई कठिनाई न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### माइनर से पानी न छोड़ने से नाराज ग्रामीणों ने चंदाना हेड पर किया प्रदर्शन

**कैथल (अप्रस)।** शहर के जींद रोड पर सोमवार को सिंचाई के लिए माइनर से पानी न छोडऩे पर चंदाना हेड पर किसानों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने पानी छोडऩे की मांग पर सुबह के समय धरना दिया। इसके बाद दोपहर करीब तीन बजे नहरी विभाग के जेई के आश्वासन के बाद इसे खत्म कर दिया। धरना दे रहे किसान ढुंढवा गांव से पहुंचे थे। इनका आरोप था कि धान की रोपाई का कार्य अब अंतिम चरण में है, लेकिन नहरी विभाग ने चंदाना हेड से पानी गांव के खेतों में नहीं छोड़ा है। किसान बजिंद्र ने नहर विभाग पिछले कई सालों से उनके साथ अन्याय कर रहा है। इस बार भी पानी को सफाई के नाम पर बंद कर दिया गया। जबकि धान के सीजन में पानी की काफी अधिक जरूरत होती है। किसानों के प्रदर्शन की सूचना के बाद दोपहर करीब तीन बजे नहरी विभाग से जेई धीरज पहुंचे। जेई ने किसानों को आश्वासन दिया कि वे जल्द ही पानी छोड़ देंगे। इसके कुछ समय के बाद पानी छुड़वा दिया गया। जेई धीरज ने बताया कि किसानों की मांग पर नहरी विभाग ने धमतान माइनर को खुलवा दिया है। इसके बाद किसान संतुष्ट हुए और उन्होंने अपना धरना समाप्त किया।

### श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम यात्रा के लिए बस रवाना

**कैथल (अप्रस)।** श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट कैथल द्वारा 46वीं निशुल्क बस यात्रा आज सुबह पेहवा चौक से श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शनों हेतु मुख्य अतिथि प्रमुख समाज सेवी एवं पूर्व प्रधान अग्रवाल युवा सभा भूपेश अग्रवाल व उनकी धर्मपत्नी रीना अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान धर्मबीर केमिस्ट एवं महासचिव अशोक मित्तल ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा दो दिवसीय यात्रा है। इस यात्रा के अंतर्गत भक्तजन श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शन करके वापस कैथल लौटेंगे। उन्होंने बताया कि धार्मिक यात्रा के दौरान ट्रस्ट की ओर से सभी भक्तजनों को आने-जाने खाने-पीने व रहने की व्यवस्था बिल्कुल निशुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। इस प्रकार के कार्य आज के समय की जरूरत भी है। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में लगभग 61 भक्तजनों ने शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। यात्रा में लगभग सभी भक्तजन पहली बार दर्शन हेतु जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करके समाज सेवा की जा रही है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने ट्रस्ट द्वारा चलाई जा रही आगामी प्रतिमाह निशुल्क बस यात्राओं में भी विशेष सहयोग देने की घोषणा की। इस अवसर पर ट्रस्ट की तरफ से मुख्य अतिथि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेन्द्र मित्तल, संजीव शर्मा, कपिल गोयल, सन्नी श्याम दीवाना व अन्य भगतजन उपस्थित थे।

## प्रतिवर्ष एक लाख पेड़ लगाने का लिया संकल्प

कैथल, 16 जुलाई। मजेंटा फाइनेंस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा राजकीय विद्यालय दीवाल में कार्यक्रम किया गया। एक पौधा एक संकल्प अभियान के तह स्कूल में छायादार एवं फलदार करीब 500 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कंपनी के एरिया मैनेजर सुनील कुमार ने पानी के निरंतर घटते हुए जलस्तर एवं पेड़ पौधों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के बढ़ते तापमान को देखते हुए उनकी कंपनी मजेंटा फाइनेंस ने यह आयाम चलाया है। इसमें वह प्रत्येक वर्ष निशुल्क लगभग एक लाख पौधों का अलग-अलग स्थानों पर पौधा रोपण करेंगे जिससे धरती का श्रृंगार निरंतर बना रहे। उन्होंने स्थानीय लोगों से यह अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में प्रत्येक वर्ष पर्यावरण दिवस, जन्मदिन, विवाह शादी के उपलक्ष में पांच पांच पौधों का पौधा रोपण अवश्य करें। पेड़ पौधों का हमारे दैनिक जीवन में होना बहुत महत्वपूर्ण है। कैथल ब्रांच के क्रेडिट मैनेजर अमित कुमार ने कहा कि पेड़ों से हमें भूमि कटाव को रोकने के लिए सहायता मिलती है एवं शुद्ध हवा, फल, फूल व जड़ी बूटियां इत्यादि की प्राप्ति होती है।

## केंद्र सरकार की रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना से युवाओं को मिलेगा बड़ा लाभ : राव नरबीर सिंह

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने किया योजना का स्वागत, श्रमिकों के लिए गुरुग्राम, आईएमटी सोहना और मानेसर में कैंटीन खोलने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में घोषित रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन स्कीम का स्वागत करते हुए कहा कि यह योजना राज्य के एमएसएमई, मैन्युफैक्चरिंग और सेवा क्षेत्रों में रोजगार पाने वाले नए कर्मचारियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

राव नरबीर सिंह आज केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया द्वारा राज्यों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों के साथ आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग ले रहे थे। वे हरियाणा सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ से इस वर्चुअल बैठक में जुड़े।

उन्होंने बताया कि 1 जुलाई, 2025 को केंद्रीय कैबिनेट द्वारा इस योजना को मंजूरी दी गई है। योजना का उद्देश्य रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना और पहली बार नौकरी पाने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रत्यक्ष लाभ देना है। इसके लिए प्रारंभिक चरण में 99,446 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और आने वाले दो वर्षों में देशभर में 3.5 करोड़ नए रोजगार सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना आगामी 1 अगस्त, 2025 से 31 जुलाई, 2027 तक प्रभावी रहेगी।

पहली बार रोजगार में आने वाले 15 हजार रुपये तक मासिक वेतन वाले कर्मचारियों को दो किस्तों में सरकार की ओर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। बशर्ते कि कर्मचारी कम से कम छह महीने नियोक्ता के पास रोल पर रहे। इसी प्रकार नियोक्ता को दस हजार रुपये तक की सैलरी पर एक हजार रुपये मासिक, दस हजार रुपये से अधिक व बीस हजार रुपये तक दो हजार रुपये मासिक तथा बीस हजार रुपये से अधिक व एक लाख रुपये तक की सैलरी पर तीन हजार रुपये तक मासिक सहायता दी जाएगी।

मंत्री ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कर्मचारियों के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों के नियोक्ताओं को भी सहयोग देना है, ताकि वे नए रोजगार सृजित करने के लिए प्रेरित हों। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए यह योजना तीसरे और चौथे वर्ष तक विस्तारित भी की जा सकती है।

राव नरबीर सिंह ने राज्य के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे गुरुग्राम, आईएमटी सोहना व मानेसर जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों के लिए खाने की सुविधाओं और कैंटीनों की स्थापना के लिए कार्यवाही करें। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय उद्योग संगठनों के साथ बैठकें आयोजित की जाएं और उन्हें केंद्र सरकार की इस योजना की जानकारी दी जाए, ताकि वे अपने उद्योगों में इसका लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर श्रम आयुक्त डॉ. मनीराम शर्मा, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक श्री डी. के. बेहरा तथा रोजगार, श्रम एवं उद्योग विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## एडीसी कोर्ट में खाद्य पदार्थों के सैंपलों, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित 20 केसों की हुई सुनवाई

**कैथल (अप्रस)।** एडीसी बाबू लाल करवा द्वारा खाद्य पदार्थों के सैंपलों, लाइसेंस व रजिस्ट्रेशन से संबंधित 20 केसों की सुनवाई की गई, जिसमें से 11 केसों का मौके पर निर्णय दिया गया। दुकानदारों और कंपनियों के केसों की सुनवाई के दौरान के अवमानक, बिना लाईसेंस व पंजीकरण के खाद्य पदार्थ बेचने को लेकर 11 लाख 94 हजार 489 रुपये का जुर्माना लगाया गया। एडीसी ने बताया कि बलराज नगर स्थित अर्व मार्केटिंग को अवमानक देशी घी व घी के केस में, मुकेश वीटा मिल्क बार ढांड को अवमानक लो फैट पनीर के केस में कुल 3 लाख 49 हजार 997 रुपये का जुर्माना दंड स्वरूप लगाया गया। वहीं खाद्य पदार्थ विक्रेता मैसर्ज बीएल सरदाना कंपनी कैथल, मैसर्ज नागपाल डेयरी सैक्टर 19 कैथल, मैसर्ज श्री कृष्ण फूड पुरानी सब्जी मंडी कैथल को बिना लाईसेंस के खाद्य पदार्थ बेचने तथा मैसर्ज चैवान ऋषि मिष्ठान भंडार चौशाला, मैसर्ज मुकेश वीटा मिल्क ढांड, मैसर्ज शिवम स्टिक कुल्फी अर्जुन नगर, नानकपुरी कालोनी से सुरेश कुमार बिना रजिस्ट्रेशन खाद्य पदार्थ बेचने के केस में और समय पर लाईसेंस और रजिस्ट्रेशन न करवाने की सूरत में 8 लाख 44 हजार 492 रुपये का जुर्माना दंड स्वरूप लगाया गया।

## स्कूल मैनेजमेंट कमेटियों के पुनर्गठन के विरोध में उतरे शिक्षक संघ

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** राजकीय स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट समितियों के पुनर्गठन पर शिक्षकों ने विरोध जताना शुरू कर दिया है। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन का विरोध जताते हुए इसे राइट टू एजुकेशन एक्ट 2009 की उल्लंघना करार दिया है। एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष हरिओम राठी और प्रदेश कोषाध्यक्ष चतर सिंह ने विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा जारी किए स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन के नए पत्र का कड़ा विरोध किया है। प्रदेशाध्यक्ष हरिओम राठी ने आरोप लगाया कि शिक्षा विभाग ने निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 का स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन की धारा 21 की धज्जियां उड़ाई फ्र विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रदेश के विद्यालयों में दिनांक 7 मई 2025 के हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला के पत्र के अनुसार गठित स्कूल मैनेजमेंट समितियों को रद्द कर दिया है। नए जारी पत्र के अनुसार स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन के आदेश जारी किए गए हैं। राइट टू एजुकेशन अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रत्येक स्कूल में अलग स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया जाएगा। इस कानून के लागू होने से अब तक प्रदेश के सभी प्राथमिक स्कूलों में जो मिडिल, हाई और वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के साथ एक ही कैम्प्स में स्थित हैं उनमें अलग स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन होता आया है, जोकि नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार है। मगर अब विद्यालय शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों ने 9 जुलाई को पत्र जारी कर मनमाने तरीक़े से एक परिसर में स्थित सभी स्कूलों में केवल इकट्?ठी एक स्कूल मैनेजमेंट कमेटी बनाने के निर्देश दिए हैं, जिससे प्राथमिक स्कूलों की कमेटी खत्म हो जाएगी। इससे प्राथमिक स्कूलों को मिलने वाली ग्रांट बंद हो जाएंगी। यह प्राथमिक स्कूलों के साथ सौतेला व्यवहार है। दूसरी ओर उस विद्यालय में कार्यरत सदस्यों मिड डे मिल वर्कर, चपरासी, माली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एजुसेट चौकीदार को स्कूल मैनेजमेंट कमेटी में शामिल नहीं करने के आदेश जारी किए गए हैं जो कि गलत है। प्रदेश के सभी स्कूलों में स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन हो चुका है जिसमें स्कूलों का समय, अभिभावकों की भागीदारी एवं धन व्यय हो चुका है तथा नए कमेटी के नाम बैंक खाते भी खुल गए है। हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन ने विद्यालय शिक्षा निदेशालय से दिनांक 9 जुलाई 2025 के स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के गठन के आदेश को निरस्त करने की मांग की है।

मीडिया विभाग की चतुर्थ ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप 2025 का सफल समापन

## सीखते रहना और नया सीखना ही इंटर्नशिप का उद्देश्य : डॉ. रुचिरा खुल्लर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 14 जुलाई।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के संचार एवं मीडिया तकनीकी विभाग द्वारा आयोजित चतुर्थ ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप 2025 का समापन विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह के साथ सम्पन्न हुआ। इंटर्नशिप 12 जून से 11 जुलाई 2025 तक आयोजित किया गया। जिसके समापन समारोह में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया। समापन में कुलसचिव प्रो.अजय रंगा, नेहरू कॉलेज प्रिंसिपल डॉ.रुचिरा खुल्लर, वनटिक संस्थान के सीईओ दिनेश शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पवन सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

सीवी रमन ब्लॉक में स्थित मीडिया स्टूडियो में एक रचनात्मक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने चार पृष्ठ का अखबार, फोटो, वीडियो, डोक्युमेंट्री, रील, डिजाईन किए पोस्टर को अपने प्रोजेक्ट को संचार माध्यम निर्माण की बारीकियों को सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया। कुलगुरु प्रो. एस.के.तोमर ने इंटर्नशिप के सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। कुलसचिव प्रो.अजय रंगा ने कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान इंटर्नशिप आयोजित करना आसान नहीं होता है। यह छात्रों और शिक्षकों दोनों की निष्ठा और समूह कार्य का परिणाम है। इसके लिए विभाग का कार्य प्रशंसनीय है। उन्होंने आगे कहा कि कुलपति प्रो.सुशील कुमार तोमर के आदेशानुसार विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ प्रैक्टिकल अनुभव भी दिया जाना चाहिए।

## सेक्टर 19 में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 14 जुलाई।** स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में 12 जून से नई दिल्ली से देश भर में प्रारम्भ हुए 'स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान' के अंतर्गत एक कार्यक्रम सेक्टर 19,फरीदाबाद में प्रमुख समाजसेवी सी.ए. जयकिशन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता दीपक शर्मा प्रदीप ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी प्राथमिकता सदैव स्वदेशी उत्पादों को देनी चाहिए। उन्होंने ÷चाहत से स्वदेशी, आवश्यकता से स्वदेशी और मजबूरी में ही विदेशी÷ इस मंत्र को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने डिजिटल शॉपिंग मॉल्स जैसे वॉलमार्ट और अमेज़न के माध्यम से देश के छोटे दुकानदारों और स्थानीय अर्थव्यवस्था को हो रहे नुकसान पर चिंता व्यक्त की और सभी से आग्रह किया कि वे छोटे दुकानदारों से ही सामान खरीदें। साथ ही, उन्होंने बताया कि हर वर्ष चीन से लगभग 7000 प्रकार की शून्य तकनीक की वस्तुएं आयात की जाती हैं, जिनका बहिष्कार आवश्यक है।

श्री शर्मा ने आगे बताया कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा प्रारम्भ इस अभियान का उद्देश्य गांव-शहर, गली, मोहल्ले व जन-जन तक स्वदेशी का संदेश पहुंचाना है। स्वदेशी के उपयोग में ही देश की सुरक्षा और स्वावलंबन की शक्ति निहित है। सभी दुकानदारों से आग्रह किया गया कि वे अपनी दुकानों में ÷स्वदेशी कोना÷ बनाएं, जहां केवल स्वदेशी वस्तुएं ही उपलब्ध हों।

स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्रीय सह- संयोजक सतेन्द्र सौरोत ने आचार्य चाणक्य के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत माता हमारे कण-कण में विराजमान हैं, और हमें स्व की सुरक्षा, स्वाभिमान तथा स्वावलंबन के लिए सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए। उन्होंने उपस्थित व्यापारियों एवं नागरिकों से आह्वान किया कि वे विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करें और ÷जब बाज़ार जाएंगे, सामान स्वदेशी लाएंगे÷ के संकल्प को जीवन में उतारें।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल ने अपने विचार रखते हुए किया कहा कि स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और स्वाभिमान से भी जुड़ा हुआ है।

स्वदेशी जागरण मंच के अंतर्गत भारत वैश्विक औद्योगिक संघ के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मंच के फरीदाबाद के संरक्षक पंकज हंस ने बी.जी.आई.एफ. के बारे में जानकारी दी।

समाजसेवी उद्यमी पूरन सिंह बघेल ने अपने संघर्षपूर्ण उद्यम यात्रा का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने 550 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। उन्होंने स्वावलंबन की दिशा में कार्यरत सभी उद्यमियों को प्रोत्साहित किया। राजेन्द्र बिसला ने आर्य समाज के गौरवशाली भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराया और अभियान के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की प्रतिबद्धता जताई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह संघचालक जय किशन, स्वदेशी जागरण मंच के उत्तर क्षेत्र सह संयोजक सतेन्द्र सौरोत, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप बंसल, स्वावलंबी भारत अभियान के महानगर संरक्षक पंकज हंस, मंच के महानगर समन्वयक मनोज, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं तीन बार विधायक राजेन्द्र बीसला, समाजसेवी उद्यमी पूरन सिंह बघेल जी, विश्व हिंदू परिषद स्वावलंबन आयाम प्रमुख कालिदास गर्ग, लघु उद्योग भारती फरीदाबाद के अध्यक्ष राकेश कुमार भारती, केन्द्रीय आर्य सभा फरीदाबाद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह शास्त्री, सेक्टर-2 फरीदाबाद आर्य समाज के प्रधान उदयवीर सिंह, झारखंड प्रांत सोशल मीडिया प्रभारी कृष्ण प्रसाद चौधरी, आरोग्य भारती विभाग संयोजक डॉ. हेमंत अत्री, आईएमपी इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरभान शर्मा, गोविंद, सेवा भारती से नेहा, धर्मपाल, राकेश एवं नवीन छाबड़ा आदि ने अपने विचार प्रकट किए।

सत्युग दर्शन ट्रस्ट की जुलाई सेवा मुहिम

# ट्राइसिटी में 7 हजार से अधिक ज़रूरतमंदों तक पहुंचा निस्वार्थ सेवा का संदेश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/पंचकूला/मोहाली।** सत्युग दर्शन ट्रस्ट (पंजी.) द्वारा जुलाई माह में चंडीगढ़, पंचकूला और मोहाली में एक विशाल मानव सेवा अभियान चलाया गया, जिसमें अब तक 7000 से अधिक ज़रूरतमंदों को गरम भोजन वितरित किया गया है। इसके साथ ही लगभग 800 गरीब परिवारों को आर्थिक सहायता और वस्त्र भी प्रदान किए गए हैं।

इस अभियान की सबसे प्रेरणादायक बात यह रही कि ट्रस्ट के सदस्यों ने अपनी एक माह की आय इस पुण्य कार्य हेतु समर्पित की, जिससे उनके निस्वार्थ सेवा और समाज उत्थान के प्रति समर्पण का स्पष्ट परिचय मिलता है। यह अभियान त्रिसिटी क्षेत्र के अनेक जरूरतमंद और उपेक्षित इलाकों में पहुँचा जिनमें राजीव कॉलोनी, पंचकूला, इंद्रा कॉलोनी, पंचकूला, पीर मच्छुल्ला और ढकोली, सिविल अस्पताल, सेक्टर 6, पंचकूला, बेशारा आश्रम, नंगल, पंजाब, ओमैक्स, न्यू चंडीगढ़, पंजाब, कालका और पिंजौर, पंचकूला तथा अनेक झुग्गी-बस्तियाँ और ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं।

इस सेवा मुहिम का लक्ष्य 31 जुलाई 2025 तक 10,000 से अधिक ज़रूरतमंदों तक पहुँचना है। सैकड़ों समर्पित स्वयंसेवक इस मिशन में तन-मन-धन से जुटे हुए हैं। यह पहल केवल एक दान अभियान नहीं, बल्कि करुणा, आत्मसम्मान और आत्मीय सेवा का एक आध्यात्मिक आंदोलन है। स्वयंसेवकों ने पूरी संवेदनशीलता और स्नेह से, वास्तविक जरूरतमंदों की पहचान कर समय पर सहायता पहुँचाने का कार्य किया। हम आप सभी से भी निवेदन करते हैं कि इस सेवा यज्ञ में सहभागी बनें। आप भोजन, वस्त्र, राशन या आर्थिक सहायता देकर इस मानवीय अभियान का हिस्सा बन सकते हैं।

# श्रावण के प्रथम सोमवार को खेमपुरी शिवालय में उमड़ा भक्तों का सैलाब


रुद्राभिषेक व विशेष आरती में गूंजा 'हर हर महादेव'



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। प्राचीन शिव मंदिर, शिवालय खेमपुरी, सेक्टर 24 ए चंडीगढ़ खेमपूरी शिवालय श्रावण मास प्रथम सोमवार सोमवार को उमडा जन सैलाब.. पंडित चन्द्रभूषण जी ने बताया आज सावन के प्रथम सोमवार सभी भक्तों ने बड़े श्रद्धा और भाव के साथ में जल चढ़ाया पूजा अर्चना की बिल पत्री पंचामृत से भगवान शंकर का भक्तो जनों ने अभिषेक किया खेमपुरी शिवालय स्वयंभू शिवलिंग होने के कारण ट्राई सिटी में सुप्रसिद्ध है जिन भक्तों की मनोकामना भोलेनाथ ने पूर्ण करते है वे भक्तजन भगवान शंकर के दर्शन करने के लिए देश विदेश से यहां पर जल चढ़ाने आते हैं मंदिर कमेटी के द्वारा यहां पर सुचारु व्यवस्था चलती है निरंतर चलती रहती है आज पहले सोमवार के दिन प्रातः 4 बजे से 6 बजे तक भगवान शंकर का रुद्राभिषेक आरती 6 बजे से 12 तक भक्तों की जल चडाने के लिए लम्बी लाइन लगी रही 12 भक्ति जिन्होंने बम बम भोले हर हर महादेव ओम नमः शिवाय बोल करके जल चढ़ाया दोपहर 12 से 2 बजे तक रुद्राभिषेक 2 से 4 बजे तक रुद्राभिषेक 5:30 से 7:00 बजे तक भगवान शंकर की विशेष श्रृंगार आरती आरती के प्रसाद खीर पूरे का प्रसाद बांटा जाता है।

# जीवन की पगडंडी पर संतुलन एक सतत प्रक्रिया: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** जीवन एक यात्रा है, एक पगडंडी की तरह, जिस पर हमें कई पड़ावों से गुजरना होता है। हर पड़ाव पर, हमें अलग-अलग चुनौतियों और अवसरों का सामना करना पड़ता है। संतुलन बनाए रखने का मतलब है कि हम इन सभी पहलुओं को समान रूप से महत्व दें और किसी एक पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करने से बचें। कार्य-जीवन संतुलन, एक महत्वपूर्ण पहलू है, जहाँ हमें काम और व्यक्तिगत जीवन के बीच एक स्वस्थ संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता होती है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य भी संतुलन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमें नियमित रूप से व्यायाम करना चाहिए, स्वस्थ भोजन करना चाहिए, और पर्याप्त नींद लेनी चाहिए। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना भी बहुत महत्वपूर्ण है। हमें हमेशा सकारात्मक सोचना चाहिए और मुश्किल परिस्थितियों में भी आशावादी बने रहना चाहिए। संतुलन एक ऐसी चीज है जो अभ्यास से आती है। हमें लगातार प्रयास करते रहना चाहिए और अपने जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए नए तरीके खोजने चाहिए। जीवन की पगडंडी पर संतुलन एक सतत प्रक्रिया है, जिसके लिए जागरूकता, प्रयास और समर्पण की आवश्यकता होती है। संतुलन दुनिया के तमाम तत्वों, व्यक्तियों, स्थलों और परिस्थितियों के लिए नितान्त जरूरी है तभी सभी अपने अस्तित्व और गुणवत्ता को बरकरार रख सकते हैं। इसी प्रकार इंसान के मन-मस्तिष्क और शरीर में संतुलन जरूरी है। पुरुषार्थ चतुष्टय के चार पायों धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष हैं और इनमें भी आनुपातिक संतुलन बने रहना जरूरी है। सृष्टि के पंच तत्वों की बात हो या फिर किसी भी ग्रह-नक्षत्र, तारों और आकाशगंगाओं की, सभी अपनी-अपनी धुरी पर निरन्तर चलायमान रहें, अपने कर्म करते रहें, इसके लिए यह जरूरी है कि इनकी शक्तियों और प्रवाह में आवश्यक संतुलन हर क्षण बना रहे।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया इंसान के लिए जितना बैठकर काम करना जरूरी है उतना चलना भी जरूरी है। जो लोग बैठे ही बैठे रहते हैं, अपनी कुर्सियों और व्हीलचेयर्स में धँसे ही रहते हैं उन लोगों को भी चलना-फिरना, हिलना-डुलना जरूरी है और जो लोग चलते-फिरते और शारीरिक परिश्रम के काम करते हैं उन लोगों के लिए विश्राम जरूरी है। सृष्टि का हर तत्व जड़ और जीवन्त के चक्र से होकर गुजरता रहता है। जो आज स्थिर है वह कल चलायमान दिखेगा, जो आज चलायमान है वह कल जड़ भी हो सकता है। केवल इंसानों की ही बात करें तो हर व्यक्ति के लिए यह जरूरी है कि वह अपने दिल-दिमाग को भी चलाए और शरीर को भी। इनके संचालन की आनुपातिक निरन्तरता होने पर ही व्यक्ति स्वस्थ और मस्त रह सकता है।

# जीना है तो जीवन मधुर बनाया कर: पूज्य अरुण मुनि जी

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन



पानीपत। जैसे ही अग्रवाल मंडी स्थित जैन स्थानक में 'ओ जीने वाले जीना है तो, जीवन मधुर बनाया कर, तन मन और वाणी से अमृत के कण बरसाया कर। की दिव्य पंक्तियाँ गूंज उठीं, संपूर्ण वातावरण एक विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा। इस अवसर पर पूज्य गुरुदेव श्री अरुणचन्द्र जी मुनिराज, अभिषेक मुनि जी, अभिनंदन मुनि जी एवं अमृत मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित प्रवचन सभा ने उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय को गहराई तक छू लिया।

प्रवचन का सार- आत्मा की ओर लौटो, जीवन को बदलो अपने ओजस्वी प्रवचन में पूज्य अरुण मुनि जी ने आत्मज्ञान और जीवन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पूछा- 'हम इस पृथ्वी पर क्यों आए हैं?' क्या केवल धार्मिक क्रियाओं और परंपराओं का पालन ही हमारा जीवन है, या फिर आत्मा की गहराई को जानना और स्वयं को रूपांतरित करना? उन्होंने कहा कि आज का व्यक्ति अपनी कथनी और करनी में सामंजस्य नहीं रखता। बाहरी दिखावा, आडंबर और आस्था का प्रदर्शन तो है, लेकिन भीतर आत्मिक शून्यता है। यह प्रवचन कोई उपदेश नहीं, बल्कि आत्मा को जगाने वाला रिमाइंडर है।

पूज्य मुनिराज ने एक मार्मिक कथा के माध्यम से बताया कि किस प्रकार एक व्यक्ति अपने पड़ोसी की हानि पर खुश होकर पटाखे जला रहा था। यह मानसिकता समाज में विष घोलती है। उन्होंने कहा- क्या हम दुनिया में किसी को गिराने आए हैं? नहीं! हम स्वयं को जानने, दिशा बदलने और बेहतर बनाने आए हैं। अपनी ऊर्जा दूसरों की आलोचना में नहीं, अपने आत्मिक विकास में लगाओ। यही सच्ची साधना है। प्रवचन में उन्होंने कहा कि समय का सही उपयोग तब होता है जब हम कम से कम दो घड़ी कि सामायिक से अपने अंतरात्मा से संवाद करें। पाँचों उंगलियाँ जब अपने सीने की ओर मुड़ें, तभी आत्मनिरीक्षण की शुरुआत होती है। उन्होंने वर्तमान समाज में बढ़ती ईर्ष्या, प्रतिस्पर्धा, और भीतर की अशांति पर चिंता जताई और कहा कि आत्मा की आवाज सुनने की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक हो गई है। पूज्य अभिषेक मुनि जी, अभिनंदन मुनि जी तथा अमृत मुनि जी महाराज की उपस्थिति ने सभा को अत्यंत गरिमामयी और प्रभावशाली बना दिया। उनकी तपस्विता, मौन और शांति की उपस्थिति ने श्रद्धालुओं को समर्पण, शांति और साधना की अनुभूति कराई। सभा में उपस्थित अनेक श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रवचन मात्र शब्द नहीं, बल्कि जीवन का आईना था। किसी ने इसे आत्मा का अलार्म कहा, तो किसी ने इसे एक नई सुबह की शुरुआत बताया।

# जिसकी जैसी भावना वैसी उसकी सिद्धि

जिस भाव से हम सेवा करते हैं, वैसा ही फल मिलता है। कहा भी जाता है, जिसकी जैसी भावना वैसी उसकी सिद्धि।

भक्त निष्काम भाव से भक्ति करते हैं। अगर साधसंगत में आते हैं, सेवा करते हैं, तो इस भावना से नहीं कि पदार्थ के रूप में या किसी और रूप में हमें कोई प्राप्ति होती है। ये भक्ति निरोल एक प्रेम भाव से करते हैं। जिस तरह से एक मां का प्यार अपने बच्चे के साथ होता है, एक निरोल वात्सल्य भावना उसके साथ जुड़ी रहती है, इस तरह से भक्त हमेशा इस निराकार दातार की भक्ति करता है, एक फ़र्ज मानकर एक कर्म मानकरही करता है। कभी कामना नहीं रखता, लालसा नहीं रखता। संसार में हम देखते हैं कि भक्ति भी शर्तों के साथ की जाती है। इसलिए सहज अवस्था नहीं प्राप्त होती है। जब कुछ प्राप्त हो जाता है, तो आकाश को छूने लगते हैं और कहीं पर कोई देरी हो जाती है या नहीं प्राप्ति होती तो उसी वक्त गिले-शिकवे, इस दातार की तरफ, शुरु हो जात हैं। लेकिन भक्त की बहुत उँची अवस्था है कि-

जो नरु दुख में दुखु नहीं मानै,<br>सुख सनेहु अरु भै नहीं जाकै कंचन माटी मानै।

एकरस सहज अवस्था इसी होती है।



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

और संसार में-

फल कारण सेवा करे, तजे न मन से काम। कहे कबीर सेवक नहीं, चाहे चौगुना दाम।

जितने भी भक्त महापुरुष इस संसार में हुए हैं, जिनका हम आज नाम लेते हैं, उनके भक्ति भाव को हम जानते हैं कि अपनी मत को त्याग कर अपनी लालसाओं को त्याग कर ही उन्होंने भक्ति की। पूर्ण तौर पर हुक्म को मानकर हुक्म में रहकर ही उन्होंने भक्ति की।

अगर बहुत सरदारियां भी बख्शी गई, तब भी ऐसी ही भावना प्रकट करते रहे हैं कि दातार चाहे कितना भी संसार में यश करा दें, लेकिन यह जो तबेले में (अस्तबल में) सेवा मिली है, यह हमेशा प्राप्त होती रहे।

सेवा या भक्ति की इतनी बारीक डगर है।

## पंचांग

मंगलवार, 15 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:33 ए एम, सूर्यास्तः 07:21 पी एम, चन्द्रोदयः 10:26 पी एम, चन्द्रास्तः 09:45 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः श्रावण, वारः मंगलवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः पञ्चमी - 10:38 पी एम तक, नक्षत्रः शतभिषा - 06:26 ए एम तक, योगः सौभाग्य - 02:12 पी एम तक, करणः कौलव - 11:21 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 10:38 पी एम तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः कुम्भ - 11:58 पी एम तक, राहुकालः 03:54 पी एम से 05:37 पी एम, गुलिक कालः 12:27 पी एम से 02:10 पी एम, यमगण्डः 09:00 ए एम से 10:44 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:59 ए एम से 12:55 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:19 ए एम से 09:14 ए एम, दुर्मुहूर्तः 11:26 पी एम से 12:07 ए एम, जुलाई 16, अमृत कालः 09:59 पी एम से 11:33 पी एम, वर्ज्यः 12:39 पी एम से 02:13 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** कहीं बाहर यात्रा का योग बन रहा है। अगर आप कोई नया बिजनेस शुरू करना चाह रहे हैं, तो संबंधित क्षेत्र से जुड़े लोगों से एक बार सलाह जरूर ले लें।

**वृषः** व्यवसायिक सन्दर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे।

**मिथुनः** पैसों के मामले में आपका काम नहीं रुकेगा। अचानक धन लाभ हो सकता है। लोगों के मन में क्या चल रहा है, यह आप समझ जाएंगे।

**कर्कः** आज आप दुष्टजनों से दूर रहें, हानि पहुंचा सकते हैं। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। परिवार के साथ जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंहः** महिलाओं को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देने की जरूरत है। आपको पेट से जुड़ी कोई समस्या हो सकती है। गलतफहमी में पड़ने से बचना होगा।

**कन्याः** आज अत्यधिक आशावादी न बनें और सतर्क रहने का प्रयास करें। तीव्र प्रगति के बावजूद आज आपको धीरे-धीरे आगे बढ़ने और व्यवस्थित रूप से काम करने की आवश्यकता है।

**तुलाः** किसी काम को खुद लीड करेंगे तो आपके लिए अच्छा रहेगा, लेकिन दूसरों के निर्देशों को मानते हुए काम करना हो, तो आपके लिए दिन सामान्य है।

**वृश्चिकः** आज आप बौद्धिक शक्ति से लेखनकार्य और सृजन कार्य अच्छी तरह से पूरे कर सकेंगे। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनुः** व्यापारी वर्ग का रूका हुआ काम आज तेजी के साथ आगे बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**मकरः** कार्य स्थल पर सकारात्मक और सहायक विकास होगा। लंबे समय से लंबित पड़ा वांछित काम पूरा होगा।

**कुंभः** कामकाज की वजह से सम्मान मिलने के योग हैं। पार्टनर से सहयोग ओर फायदा मिल सकता है।

**मीनः** आपका विचार किसी एक बात पर स्थिर नहीं रहेगा तथा उसमें लगातार परिवर्तन होता रहेगा। स्वभाव में उदासीनता छाई रहेगी।

# 15 को पीएम इंटर्नशिप योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर आयोजित वर्कशॉप को संबोधित करें मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी 15 जुलाई को पीएम इंटर्नशिप योजना(पीएमआईएस) के तहत राजीव गांधी एजुकेशन सिटी राई स्थित आईआईटी दिल्ली एक्सटेंशन टेक्नो पार्क में आयोजित वर्कशॉप को बतौर मुख्यातिथि संबोधित करेंगे। इस वर्कशॉप में मुख्य सचिव हरियाणा रा'य में पीएमआईएस योजना के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर सरकारी कॉलेजों, सरकारी पॉलिटेक्निक संस्थानों और सरकारी आईटीआई के प्रिंसिपलों व प्लेसमेंट अधिकारियों, औद्योगिक एसोसिएशनों व निजी कंपनियों के पदाधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा करेंगे।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में पीएम इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) की घोषणा की गई थी और भारत सरकार ने अक्टूबर 2024 में इस योजना को लांच किया था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य पांच वर्षों में देश की शीर्ष 500 कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है ताकि युवाओं को अनेक क्षेत्रों में कौशल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत जब हमारे युवा बड़ी-बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप के दौरान वहां की तकनीक के बारे में सीखकर आत्मनिर्भर भारत अभियान में अपना योगदान देंगे।

# नरेंद्र नगर, मोहन नगर व राजीव नगर में 86 लाख की लागत से नई सीवर लाइन का कार्य शुरू

मेयर राजीव जैन ने किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। वार्ड 14 के नरेंद्र नगर, मोहन नगर, राजीव नगर की कालोनियों में सीवरेज की समस्या के समाधान हेतु 86 लाख रूपये की लागत से नई सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया है। नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा पार्षद सूर्य दहिया के साथ होली चाइल्ड स्कूल के पास नारियल तोड़कर किया। मेयर राजीव जैन ने नरेंद्र नगर एवं रूप नगर की गलियों का भी दौरा कर नागरिकों की कई माह से सीवरेज का गन्दा पानी खड़ा रहने की शिकायतों को भी सुना और समाधान का आश्वाशन दिया। उन्होंने बताया कि नरेंद्र नगर में सीवरेज के पानी की समस्या से निजात दिलवाने के लिए सीवरेज पानी का डाइवर्जन बैंयापुर खुर्द की मैन सड़क से जा रही बड़ी लाइन में किया जायेगा ताकि लोड कम हो सके। नागरिकों ने बताया कि गन्दा पानी गलियों में खड़ा रहने से हमारा घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है।

उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त मोहन नगर तथा राजीव नगर में जंहा सीवर कि लाइन नहीं है उन कालोनियों में नई लाइन बिछाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी वार्डों में समान विकास करवाते हुए एक-एक समस्या का हल



निकल रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव राठधना में 90 करोड़ रूपये की लागत से नया सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने का टेंडर जारी हो चूका है, इसके बाद शहर में सीवेरज जाम की समस्या नहीं रहेगी।

राजीव जैन ने सेक्टर 23 के फुटपाथ की मरम्मत का काम शुरू करवाया जिस पर 28 लाख रूपये की लागत आएगी। उन्होंने बताया टूटे हुए डिवाइडर की मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। कार्यक्रमों में राजेश दहिया, शैलेन्द्र गौतम, विकास तिवारी, विक्की शर्मा, संदीप पंवार, जगबीर, पंडित कैलाश चंद, गोविंद सिंह,जयपाल सिंह, संजू पहलवान, राजा जोगी, चमेल सिंह, सीमा सरोहा, सुनील सरोहा, मास्टर ओम, राजेश मलिक, अनिल शर्मा, राजपाल, अनिल राठी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मोबाईल चोरी करने की घटना मे दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना एचसीआईआईडीसी बड़ी की पुलिस टीम ने मोबाईल फोन चोरी करने की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी राहुल पुत्र राजेश निवासी गन्नौर व कुलदीप पुत्र हरिसिंह निवासी राजेन्द्र नगर सोनीपत के रहने वाले है।

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 13 जूलाई 2025 को अनिल पुत्र कैलाश चन्द निवासी गांव महावटी जिला पानीपत ने थाना एचसीआईआईडीसी बड़ी मे शिकायत दी कि मै ऋद्ध गार्डन बड़ी में गार्ड की नौकरी करता हूं जो मेरे साथ दीपचन्द पुत्र भोला राम निवासी बड़ी भी चौकीदारी का काम करता है दिनांक 12/13 जूलाई 2025 की रात्री को ड्युटी के दौरान मैं गार्डन के पिछली तरफ चैक करने के लिये चला गया। जब मैं आगे आया तो दो लड़के गार्डन के पार्क में घुमते दिखे। जब मैने आवाज दी तो वो दोनों लड़के गार्डन की दीवार कुदकर भाग गये। मैने अपने साथी दीपचन्द को जगाया तो हमने गेट खोलकर बाहर की तरफ देखा तो कोई दिखाई नहीं दिया हमनें वापिस अन्दर आकर देखा तो मेरा मोबाईल फोन , सिम व दीपचन्द का मोबाईल फोन व सिम को नाम पता ना मालूम व्यक्तियों ने चोरी कर लिये है इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थानाएचसीआईआईडीसी बड़ी में अभियोग दर्ज किया गया।

# सरकार की लापरवाही ने घग्गर नदी को 'मौत का दरिया' बना दिया: कुमारी सैलजा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमाारी सैलजा ने कहा है कि सरकार की लापरवाही के चलते घग्घर नदी मौत का दरिया बनती जा रही है, इसके किनारे बसे गांवों में पानी प्रदूषित हो रहा है, 13 गांवों में तो पानी पीने योग्य ही नहीं रहा। इस नदी में 46 कारखानों का वेस्टेज डाला जा रहा है फिर भी सरकार हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। मजबूरी में किसान खेतों में जहर सींचने को मजबूर हैं, बच्चे बीमार हो रहे हैं। कैंसर रोग तेजी से पैर पसार रहा है जबकि इस क्षेत्र में कैंसर की जांच और उपचार की कोई व्यवस्था तक नहीं है, रोगियों को दूसरे जिले या दूसरे राज्यों की ओर रूख करना पड़ता है।

मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा है कि घग्घर नदी के बढ़ते प्रदूषण के कारण हरियाणा का दक्षिण-पश्चिमी हिस्सा आज कैंसर बेल्ट के नाम से बदनाम हो चुका है। यह केवल एक पर्यावरणीय आपदा नहीं, बल्कि एक मानवीय त्रासदी है और इसके लिए जिम्मेदार है हरियाणा की लापरवाह भाजपा सरकार। सांसद ने कहा कि सिरमौर हिमाचल प्रदेश की शिवालिक पहाडियों से निकलने वाली यह घग्घर नदी पंजाब से होती हुई हरियाणा में प्रवेश करती है जो राजस्थान होती हुई पाकिस्तान में जाकर समाप्त हो जाती है, इस नदी की कुल लंबाई 320 किमी है। पंजाब और हरियाणा में यह नदी सबसे ज्यादा प्रदूषित हो रही है,



फसलों में अंधाधुंध कीटनाशकों का प्रयोग हो रहा है जो पानी के साथ बहता हुआ घग्घर नदी में मिलता है इसके साथ ही पंजाब और हरियाणा में सैकडों कारखाने घग्घर नदी के किनारे लगे हुए है जिनका वेस्टेज यहां तक कि विषाक्त पदार्थ तक नदी में डाले जा रहे है, एसटीपी के बिना नगरों का सीवरेज सीधा नदी में डाला जा रहा है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सरकार को इस बारे में पता ही न हो क्योंकि आए दिन प्रभावित लोग हर मंच पर आवाज उठाते रहते है, वे स्वयं इस गंभीर विषय को लोकसभा में कई बार उठा चुकी है लेकिन 11 वर्षो से सत्ता में बैठी भाजपा सरकार ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। घोषणाएं और विज्ञापन तो बहुत हुए, लेकिन न नदियों की सफाई हुई, न ही प्रदूषण फैलाने वाले कारखानों पर कोई सख्त कार्रवाई। सांसद ने कहा कि नदी के प्रदूषित होने की आंकड़े स्वयं गवाही दे रहे है, नदी के पानी में टीडीएस का स्तर 1068 एमजी प्रति लीटर तक पहुंच चुका है, जो पीने और खेती दोनों के लिए खतरनाक है।

# अवैध शराब तस्करी में संलिप्त दो आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले के थाना सदर सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध शराब तस्करी की एक पुर्व की घटना मे संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी शिवम उर्फ मोटा पुत्र विनोद कुमार निवासी सुभाष नगर सोनीपत व शहमद अली उर्फ यश पुत्र प्यारेलाल निवासी ककरोई रोड़ सोनीपत के रहने वाले है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि गत 29 जून को थाना सदर सोनीपत की पुलिस टीम मे नियुक्त उप निरिक्षक आशु अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु बड़वासनी बाईपास गोहाना सोनीपत रोड़ पर मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि गाँव किलोहड़द में हनुमान मन्दिर के पास कुछ व्यक्ति एक गाड़ी से दुसरी गाड़ी मे शराब लोड कर रहे है अगर तुरंत रैड कि जाए तो शराब सहित काबु किये जा सकते है। जो प्राप्त सुचना के आधार पर पुलिस टीम गाँव किलोहड़द में हनुमान मन्दिर के पास पहुची जंहा पर प्राप्त सुचना अनुसार दो गाड़ियां खड़ी दिखाई दी है जिनमे एक गाड़ी जिस पर तिरपाल लगा हुआ वा दुसरी गाड़ी पिकअप बंद बॉडी मिली जो दोनों गाड़िया चेक करने पर लॉक मिली । जो मौका पर गाड़ियो के ड्राईवर नही मिले। पुलिस टीम द्वारा शक की बिनाह पर नियमानुसार गाड़ियों को चैक किया तो दोनों गाडियों में शराब की पेटियां मिली जो पेटियों को चैक करने पर 125 पेटी पव्वे, 16 पेटी पव्वे देशी मस्त संतरा थी।




# चंडीगढ़ से हो सकता है अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों का सपना साकार

## एमिरेट्स एयरलाइंस की फ्लाइट्स उड़ाने के लिए यूटी प्रशासन ने फाइल आगे बढ़ा दी है

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 15 जुलाई।** चंडीगढ़ से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का विस्तार अब हो सकता है। एमिरेट्स एयरलाइंस की रुचि और प्रशासनिक सक्रियता के बीच अगर केंद्र सरकार से पॉइंट ऑफ कॉल की मंजूरी मिल जाती है तो चंडीगढ़ से दुबई समेत कई देशों के लिए सीधी उड़ान शुरू हो सकती है। प्रशासन की तरफ से इस संबंध में संबंधित मंत्रालय को लिखा जाएगा। सूत्रों के अनुसार केंद्र सरकार दिल्ली एयरपोर्ट के दबाव को कम करने के लिए उड़ानों को डी-सेंट्रलाइज करने की दिशा में विचार कर रही है। इसी क्रम में चंडीगढ़ को पॉइंट ऑफ कॉल का दर्जा देने की प्रक्रिया भी तेज हो गई है। यदि यह दर्जा मिल जाता है तो विदेशी एयरलाइंस को सीधे चंडीगढ़ से उड़ानें शुरू करने की अनुमति मिल सकेगी। हाल ही में देहरादून में हुई सिविल एविएशन कॉन्फ्रेंस में भी इस पर चर्चा हुई है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केंद्र के अधिकारियों ने भी आश्वासन दिया है कि चंडीगढ़ को पॉइंट ऑफ कॉल का दर्जा दिलाने के लिए नियमों में ढील दी जाएगी। बता दें कि पॉइंट ऑफ कॉल घोषित करने की मांग को लेकर सांसद मनीष तिवारी ने कुछ महीने पहले नई दिल्ली स्थित राजीव भवन में नागरिक उड्डयन मंत्री केआर नायडू से भी मुलाकात की थी।

**चंडीगढ़ बन सकता है उत्तर भारत का नया एविएशन हब:** अगर चंडीगढ़ से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू होती हैं तो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड के लाखों यात्रियों को इसका सीधा फायदा मिलेगा। इन राज्यों से बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली एयरपोर्ट का रुख करते हैं, जिससे वहां हमेशा भीड़भाड़ और स्लॉट्स की दिक्कत बनी रहती है। न केवल लंबी दूरी तय करनी पड़ती है बल्कि अतिरिक्त समय, खर्च और ट्रैफिक का सामना भी करना पड़ता है। चंडीगढ़ से अंतरराष्ट्रीय उड़ान शुरू होने से इस दबाव में कमी आएगी। अगर प्रस्तावों को मंजूरी मिलती है और उड़ानें शुरू होती हैं तो चंडीगढ़ उत्तरी भारत का एक प्रमुख एविएशन हब बन सकता है। इससे पर्यटन, कारोबार और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे।

### पुराने एयरपोर्ट के टर्मिनल को खोलने की मांग

पिछले कई साल से पुराने एयरपोर्ट के टर्मिनल को खोलने की मांग हो रही थी। अब प्रशासन ने भी इस संबंध में सक्रियता दिखाई है और केंद्र के समक्ष यह प्रस्ताव रखा है ताकि शहर के लोगों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए मोहाली स्थित एयरपोर्ट तक नहीं जाना पड़े। पिछले काफी समय से मोहाली एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए चंडीगढ़ से शॉर्ट रूट पर प्रशासन काम कर रहा था लेकिन कोई भी योजना सिरे नहीं चढ़ी। वर्तमान में इसका उपयोग संचार, नेविगेशन और निगरानी (सीएनएस) सुविधाओं, सिविल, वित्त, मानव संसाधन और एएआई के अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए किया जाता है। 2010 से 2014 के बीच पुराने टर्मिनल के रेनोवेशन पर कुल 43.86 करोड़ रुपये खर्च किए। सांसद मनीष तिवारी ने कहा है कि मैं 2019 से चंडीगढ़ प्रशासन को कह रहा हूं कि एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को आम जनता के लिए खोल देना चाहिए ताकि पंचकूला और चंडीगढ़ के लोगों को पूरा मोहाली घूम कर एयरपोर्ट न जाना पड़े। अब जाकर मुख्य सचिव ने केंद्र के सामने यह प्रस्ताव रखा है। उम्मीद है कि यह टर्मिनल खुलेगा तो लोगों को काफी राहत मिलेगी क्योंकि इसके रेनोवेशन पर करोड़ों खर्च हो रहे हैं तो इसका लाभ भी लोगों को मिलना चाहिए।

# विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने किया महाराष्ट्र विधान भवन का भ्रमण, दोनों सदनों की कार्यवाही देखी

महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष और विधान परिषद उप-सभापति से हुई मुलाकात

अर्थ प्रकाश संवाददाता



महाराष्ट्र विधान परिषद की उप सभापति डॉ. नीलम गोरे से मुलाकात करते हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण।

**चंडीगढ़, 14 जुलाई।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को मुंबई पहुंच कर महाराष्ट्र विधान मंडल के दोनों सदनों की कार्यवाही देखी। यहां पहुंचने पर महाराष्ट्र विधान सभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर और विधान परिषद की उप सभापति डॉ. नीलम गोरे ने उनका स्वागत किया तथा विधायी कामकाज की जानकारी साझा की।

हरियाणा विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण पहले विधान सभा अध्यक्ष से मिले तदुपरांत 11 बजे महाराष्ट्र विधान सभा के सदन में पहुंचे जहां उन्होंने प्रश्नकाल व अन्य कार्यवाही देखी। विधान परिषद की उप सभापति से मुलाकात के बाद 12:30 बजे उन्होंने महाराष्ट्र विधान परिषद में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव आदि की कार्यवाही देखी। यह दौरा विधायी कार्यों के आदान-प्रदान और संसदीय प्रक्रिया के अध्ययन हेतु किया जा रहा है। महाराष्ट्र के विधान सभा अध्यक्ष व अधिकारियों से इस दौरान विधायी कार्यों पर चर्चा की। यह दौरा दोनों राज्यों की विधान सभाओं के बीच विभिन्न विषयों पर पारस्परिक समझ और सहयोग को उन्नत करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है, क्योंकि महाराष्ट्र विधायिका के दो सदन हैं, इसलिए वहां की संसदीय जानकारी लाभकारी है।

गौरतलब है कि हाल ही में गुरुग्राम में आयोजित शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन में भी लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करने पर सार्थक संवाद व चर्चा हुई थी। कल्याण के महाराष्ट्र दौरे में दोनों प्रदेशों की विधायी प्रणाली व परंपराओं को समझना है।

# डेढ़ लाख प्रॉपर्टी का सर्वे करवाने के लिए नगर परिषद ने लगाया टैंडर, केवल एक ही व्यक्ति ने भरा

2 महीने पहले टेंडर किया था कॉल, किसी भी ठेकेदार ने नहीं दिखाई दिलचस्पी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 जुलाई।** नगर परिषद द्वारा शहर में जीआईएस प्रॉपर्टी ड्रोन बेस्ड सर्वे करवाने तथा हर एक प्रॉपर्टी के आगे क्यूआर कोड वाली नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया पूरा करने के टैंडर लगाया था। लेकिन हैरानी की बात है की इस काम के लिए केवल एक ही ठेकेदार ने दिलचस्पी दिखाई है। नियमों की बात करें तो एक व्यक्ति अगर टैंडर भरता है तो उसी व्यक्ति को टैंडर नही दिया जा सकता। इसके लिए नगर परिषद के अधिकारी उच्च ने हैड ऑफिस से सलाह मांगी है के इस में आगे क्या किया जाए। बता दें के करीब एक महीना पहले भी नगर परिषद द्वारा इसकी काम के किए टैंडर लगाया गया था किसी भी ठेकेदार ने इस काम में दिलचस्पी नही दिखाई थी। इस बार भी केवल एक ही ठेकेदार सामने आया है। जबकि यह टैंडर एक करो? 67 लाख रूपये का है। नगर परिषद द्वारा जीआईएस प्रॉपर्टी ड्रोन बेस्ड सर्वे करवाने के लिए टैंडर लगाया था। जिसके लिए नगर परिषद द्वारा शहर की करीब डे? लाख प्रॉपर्टीज का सर्वे किया जाएगा और सभी प्रॉपर्टी के आगे नंबर प्लेट लगवाई जाएगी। इस प्रकिया से नगर परिषद को प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में राजस्व में भी बहुत ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है। इसके इलावा घर के आगे नंबर प्लेट लगने से लोगों को भी प्रॉपर्टी टैक्स भरने में काफी आसानी हो जाएगी। इस टैंडर प्रकिया से ठेकेदार द्वारा संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए श्रम, भ्रमण, 45 विशेषताओं वाले मोबाइल एप्लिकेशन में सर्वेक्षण डेटा संग्रहण की शुरूआत, एक्सेल शीट और आर्कजीआईएस सॉफ्टवेयर में डेटा का सत्यापन, वैधीकरण और समावेशन सभी तरह से पूर्ण, जिसमें अलग अलग यूटिलिटीज जैसे कि प्रॉपर्टी आईडी, जल सप्लाई तथा सीवरेज, बिजली, बिल्डिंग प्लान सैंक्शन नंबर, प्लॉट सर्टिफिकेट नंबर आदि के साथ यूआईडी का एकीकरण भी शामिल है। इसके बाद ठेकेदार द्वारा अल्युमिनियम यूआईडी प्लेट्स उपलब्ध करवाई जाएगी तथा हर एक प्रॉपर्टी के आगे लगे भी जाएगी। जिस से नगर परिषद और कर उपभोक्ताओं को काफी आसानी मिलेगी।

> इस सर्वे के बाद नगर परिषद को प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में राजस्व का भारी फायदा होगा और प्रॉपर्टी टैक्स भरने वाले लोगों को काफी फायदा होगा। हमने के टैंडर लगाया था जिसमें एक व्यक्ति ने अप्रोच किया है। जिस के चलते हमने हैड ऑफिस से सलाह मांगी है। जैसे ही हमने कोई रप्लाई आता है तो उसके हिसाब से काम किया जाएगा। टैंडर रिकाल भी किया जा सकता है।
>
> **-चरणपाल सिंह, म्यूनिसिपल इंजीनियर, नगर परिषद जीरकपुर।**

# मुख्यमंत्री के ओएसडी ने डीसी के साथ सुनी लोगों की समस्याएं

## छात्रवृति, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, 100 गज के प्लाट की शिकायतें रही शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**पंचकूला, 14 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री के ओएसडी भारत भूषण भारती ने उपायुक्त मोनिका गुप्ता के साथ लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा की और शिकायतों का समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिविर में जिला के 14 लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में पानी निकासी, मुआवजा, निशानदेही, छात्रवृति, पेंशन, परिवार पहचान पत्र, 100 गज के प्लाट संबंधी समस्याएं शामिल थी। उपायुक्त ने कंडियाला गांव के सरपंच की आधी सड़क नगर परिषद कालका द्वारा न बनाने को लेकर संज्ञान लेते हुए संयुक्त आयुक्त नगर निगम को मामलें की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। ओएसडी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के निर्देशानुसार जिले की जनता की समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान के लिए समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। समाधान शिविर की मुख्यमंत्री स्वयं मॉनिटरिंग करते हैं व स्वयं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर लोगों की समस्याओं पर की गई कार्रवाही की चैकिंग भी करते हैं।

### पिंजौर में धू धू कर जली बस, आगजनी का शक

**पंचकूला (अप्रस)।** पिंजौर में एक बस जल कर राख हो गई। घटना के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। संदेह जताया जा रहा है कि बस को किसी ने जानबूझ कर आग के हवाले किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रात के समय सड़क पर खड़ी प्राइवेट बस में अचानक आग लग गई। जिस समय यह घटना हुई तब बस में कोई यात्री सवार नहीं था। घटना की सूचना दमकल और पुलिस विभाग को मिलते ही कर्मचारी मौके पर पहुंचे। तब तक बस आग की लपटों में घिरी पूरी तरह नष्ट हो चुकी थी। उधर, बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने तैश में आकर आग लगाई और फरार हो गया। पुलिस आगजनी की आशंका जताते हुए मामले की जांच में जुट गई।

# परिवार ने थाने के बाहर शव रख किया प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 14 जुलाई।** बेटी की संदिग्ध हालात में हुई मौत के बाद गुस्साए परिजन, रिश्तेदार और जानकार सड़कों पर उतर आए। सेक्टर 20 थाना पुलिस के खिलाफ मामले में बेटी के आरोपी पति पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप में परिजनों ने प्रदर्शन किया। हालांकि, पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर परिजनों की बात सुनी और मामले में लगाए जा रहे आरोपों की जांच करने के लिए थाना पुलिस को निर्देश दिए। पंचकूला में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिवार में रोष पनप गया। परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी की मौत के बाद पुलिस ने उनकी शिकायत पर ढीला रवैया अपनाया। परिजन ने बेटी की मौत पर उसके पति की गिरफ्तारी की मांग की लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हार कर परिजनों ने मेन रोड पर शव के साथ धरना देकर नारेबाजी की। शाम तक अधिकारी परिवार को आश्वासन देने के लिए मौके पर पहुंच चुके थे।

### महिला से दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** ज़ीरकपुर थाना क्षेत्र में एक 24 वर्षीय महिला से दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने पानीपत निवासी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी मई 2025 से महिला का शारीरिक शोषण कर रहा था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि शिवम निवासी प्रकाश नगर, पानीपत ने उसे झांसे में लेकर संबंध बनाए और लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। जब महिला ने विरोध किया तो उसे धमकाया गया। पीड़िता ने 11 जुलाई 2025 को ज़ीरकपुर थाने में शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।







अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)